CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 30°C
न्यूनतम : 16°C

हल्द्वानी, गुरुवार 12 मार्च 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 195 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 22 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र के कई शहरों में धुंध, दृश्यता घटी, 15 मार्च से बारिश के आसार पेज 2



अभिषेक-ईशान की जोड़ी ने टी-20 बैटिंग रैंकिंग में पहले दो स्थान हासिल किए खेल टाइम्स



लड़ाकू विमान अपग्रेड : भारत का वायु रक्षा में क्रांतिकारी कदम सम्पादकीय



टॉप लीडरशिप खत्म, फिर भी जंग लड़ रहा ईरान पेज 12

# भारत आ रहे थाई जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला

## ओमान की नौसेना ने 20 क्रू सदस्यों का किया रेस्क्यू, तीन अभी भी लापता

■ व्यापारी जहाजों पर हमलों में दो भारतीयों की मौत, एक लापता



**तेल अवीव/तेहरान।** भारत आ रहे थाईलैंड के एक कार्गो जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला हुआ है। ओमान के पास चल रहे इस जहाज को प्रोजेक्टाइल से निशाना बनाया गया। थाईलैंड के परिवहन मंत्रालय ने बताया कि जहाज पर मौजूद 23 में से 20 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। थाई झंडे वाला यह बल्क कैरियर मयूरी नारी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से रवाना हुआ था।

होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते समय जहाज के पिछले हिस्से पर हमला हुआ, जिससे इंजन रूम में आग लग गई। बताया गया है कि तीन लापता क्रू सदस्य उस समय इंजन रूम में ड्यूटी पर थे। कैप्टन के आदेश पर बाकी क्रू ने जहाज छोड़ दिया और लाइफबोट में सवार हो गए। ओमान की नौसेना ने 20 क्रू मेंबर को बचाकर खसाब शहर पहुंचाया। थाईलैंड के अधिकारियों के मुताबिक रायल थाई नेवी स्थिति पर नजर रखे हुए है और बचाव अभियान के लिए अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है। मिडिल-ईस्ट में जारी जंग के बीच व्यापारी जहाजों पर हुए हमलों में दो भारतीयों की मौत हो गई है, जबकि एक व्यक्ति लापता है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को दी। जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार खाड़ी क्षेत्र में रह रहे भारतीय नागरिकों के कल्याण और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

### होर्मुज के आसपास संकट गहराया

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने ईरान के खिलाफ समुद्र में बड़ी सैन्य कार्रवाई का दावा किया है। अमेरिकी सेना के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान की कई नौकाओं को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया गया, जिनका इस्तेमाल समुद्र में बारूदी सुरंगें (नैवल माइन) बिछाने के लिए किया जा सकता था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि 10 मार्च को अमेरिकी बलों ने ईरान की

■ अमेरिका ने तबाह किए ईरान के 16 माइन बिछाने वाले जहाज

कई नौसैनिक नौकाओं पर हमला किया, जिनमें 16 माइन बिछाने वाली नावें शामिल थीं। कमांड ने इस कार्रवाई का एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें समुद्र में किए गए हमलों के दृश्य दिखाई देते हैं। ट्रम्प ने कहा कि अगर होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह की समुद्री माइन बिछाई गई हैं, तो उन्हें तुरंत हटाया जाए।

### दुबई एयरपोर्ट के पास हमले की कोशिश, एक भारतीय समेत 4 घायल

**दुबई।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच दुबई से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दुबई के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीएक्सबी) के पास दो ड्रोन गिराए जाने की घटना सामने आई है। इस घटना में एक भारतीय नागरिक सहित कुल चार लोग घायल हो गए। दुबई मीडिया ऑफिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट के आसपास उड़ रहे दो ड्रोन को मार गिराया। इसके बाद ये ड्रोन एयरपोर्ट के पास गिर गए, जिससे आसपास मौजूद लोगों को चोटें आईं। अधिकारियों के अनुसार इस घटना में दो घाना के नागरिकों और एक बांग्लादेशी नागरिक को मामूली चोटें आई हैं, जबकि एक भारतीय नागरिक को मध्यम स्तर की चोटें लगी हैं।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज 300 अरब डॉलर की तेल रिफाइनरी में होगी साझेदार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि उनके देश में पचास साल बाद बनने वाली 300 अरब डॉलर की पहली तेल रिफाइनरी में भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज समूह साझेदार होगी। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया पेज ट्रुथ सोशल पर यह जानकारी दी है।


इस जबरदस्त निवेश के लिए भारत में हमारे साझेदार और उनकी सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी, रिलायंस को धन्यवाद।अमेरिका असली ऊर्जा प्रभुत्व की ओर लौट रहा है, मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग, ब्राउन्सविले, टेक्सास में 50 साल में पहली नई अमरीकी तेल रिफाइनरी खोल रही है। यह एक ऐतिहासिक 300 अरब डॉलर की डील ह, अमरीकी इतिहास की

■ ट्रम्प ने सोशल मीडिया पेज ट्रुथ सोशल पर साझा की जानकारी

सबसे बड़ी, अमेरिकी लोगों, ऊर्जा और दक्षिण टेक्सास के लोगों के लिए एक बड़ी जीत। उन्होंने आगे कहा कि यह हमारे अमेरिका फर्स्ट एजेंडा, परमिट को आसान बनाने और कर कम करने की वजह से है, जिसकी वजह से हमारे देश में अरबों डॉलर की डील वापस आ रही हैं। उन्होंने कहा कि ब्राउन्सविले पोर्ट पर एक नई रिफाइनरी, अमरीकी बाजार को बढ़ावा देगी, इसकी राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगी, अमेरिकन ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाएगी और अरबों डॉलर की अर्थव्यवस्था पर असर डालेगी।

### 22वां रोज़ा

### पाकीजगी और परहेज करने की सीख देता है रोज़ा



हर मजहब की इबादत का अपना ढंग होता है। इसके अलावा हर मजहब में ऐसी कोई न कोई रात या कुछ खास बातें इबादत के लिए मख्सूस होती हैं, जिनकी अपनी अहमियत होती है। इस्लाम मजहब की इबादत की नींव ला इलाहा इल्ललाह पर मुश्तमिल है। हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) अल्लाह के रसूल हैं। ये यकीन और तस्दीक यानी अल्लाह और उसके रसूल को कबूल करना जरूरी है। इसको यों कह सकते हैं कि अल्लाह पर ईमान लाना और रसूलल्लाह के अहकामात मानना ही इस्लाम मजहब की बुनियाद है। माहे रमज़ान को मजहबे-इस्लाम में खास मुकाम हासिल है। पाकीज़गी और परहेजगारी की पाबंदी के साथ रखा गया रोज़ा रोज़ेदार को इबादत की अलग ही लज़्ज़त देता है। दरअसल दोज़ख की आग से निजात का यह अशरा इक्कीसवीं रात से ही शुरू हो जाता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार इच्छामृत्यु की इजाजत दी

## गाजियाबाद के रहने वाले हरीश राणा 13 साल से कोमा में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इच्छामृत्यु मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने 13 साल से कोमा में रह रहे 31 साल के युवक हरीश राणा को इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की मंजूरी दे दी।

गाजियाबाद के रहने वाले हरीश लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं। देश में इस तरह का यह पहला मामला है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एम्स को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए। यह प्रोसेस इस तरह से की जानी चाहिए कि मरीज की गरिमा बनी रहे। पैसिव यूथेनेशिया का मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला हरीश की मां निर्मला राणा और पिता अशोक राणा की इच्छामृत्यु देने की अपील पर सुनाया। परिवार ने बताया कि बेटे के इलाज के लिए अपनी संपत्ति तक बेच दी, लेकिन



■ सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कानून बनाने को कहा

अब आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। बेटे की तकलीफ भी नहीं देखी जाती। फैसले पर पिता अशोक ने कहा कि हम इसके लिए लंबे समय से लड़ रहे थे। कौन से माता-पिता अपने बेटे के लिए ऐसा चाहेंगे। पिछले 3 साल से हम यह मामला लड़ रहे थे। अब उसे एम्स ले जाया जाएगा। वह पंजाब यूनिवर्सिटी में टॉपर हुआ करता था। दिल्ली में जन्मे हरीश राणा चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहे थे। 2013 में वह हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए। इसकी वजह से उनके पूरे शरीर में लकवा मार गया और वह कोमा में चले गए। वह न कुछ बोल सकते हैं और न ही महसूस कर सकते हैं। डाक्टर्स ने हरीश को क्वाड्रिप्लेजिया बीमारी से पीड़ित करार दिया। इसमें मरीज पूरी तरह से फीडिंग ट्यूब यानी खाने-पीने की नली और वेंटिलेटर सपोर्ट पर निर्भर रहता है। इसमें रिकवरी की कोई गुंजाइश नहीं होती। 13 साल से बिस्तर पर पड़े होने की वजह से हरीश के शरीर पर बेडसोर्स यानी गहरे घाव बन गए हैं। उनकी हालत लगातार खराब होती जा रही है।

### प्रो. मिशेल को बैन करे केंद्र, करप्शन इन ज्यूडिशियरी लिखा था

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट एनसीईआरटी के कक्षा 8वीं की सोशल साइंस की किताब में करप्शन इन द ज्यूडिशियरी नाम का सब-चैप्टर तैयार करने वाली टीम को हटाने की तैयारी में है। कोर्ट ने केंद्र सरकार, सभी राज्य सरकारों और पब्लिक फंडेड इंस्टीट्यूशन्स को निर्देश दिया है कि एनसीईआरटी के सोशल साइंस करिकुलम के चेयरपर्सन प्रोफेसर मिशेल डेनिनो को पाठ्यक्रम से अलग करें। साथ ही, उनके दो अन्य सहयोगी सदस्यों दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार को भी किसी भी तरह से पाठ्यक्रम तैयार करने की प्रक्रिया में शामिल न किया जाए।इसके अलावा, तीनों को नेक्स्ट जनरेशन टेक्स्टबुक्स को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया से भी अलग किया जाए। प्रोफेसर मिशेल डेनिनो ने अपने 2 सहयोगियों- दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार के साथ मिलकर कक्षा 8 की एनसीईआरटी सोशल साइंस की किताब के पार्ट-2 में सब-चैप्टर 'करप्शन इन ज्यूडिशियरी' तैयार किया था।

# स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने वाला अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हो गया। उन पर सदन की कार्यवाही के दौरान भेदभाव करने का आरोप था। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने 56 मिनट तक जवाब दिया। उन्होंने इस दौरान राहुल गांधी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और गिनाया कि 14वीं, से 18वीं लोकसभा में बोलने के लिए कितना समय मिला। उन्होंने साफ कहा कि सदन नियम से चलेगा।

स्पीकर को नियमों के उल्लघंन पर रोकने और टोकने का अधिकार है। ये सदन मेला नहीं है, जो नियम से नहीं चलेंगे, उनका माइक बंद होगा। शाह ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि अरे भाई यहां नियमों से बोलना पड़ता है, यहां इतने वरिष्ठ सदस्य बैठे हैं, मुझे तो अभी भी नहीं मालूम पड़ता कि शशि थरूर, बालू साहब बैठे हैं, क्यों नहीं सिखाते उन्हें। ये पीएम मोदी से आकर गले लग जाते हैं। आंख मारते हैं। फ्लाइंग किस देते हैं। मुझे तो बोलने में भी शर्म आती है। किसी के भी सामने हम एक अंगुली दिखाते हैं, तो 4 अंगुलियां अपनी तरफ भी दिखती है। विपक्ष ने अमित शाह माफी मांगो के नारे लगाए। शाह ने कहा कि कितना बोलना है इसके लिए कुछ नियम बने हैं। 17वीं लोकसभा कांग्रेस को 157 घंटे 55 मिनट का समय दिया गया। जबकि उनके 52 सदस्य थे। कांग्रेस को भाजपा से 6 गुना ज्यादा समय दिया गया। जबकि भाजपा के पास 6 गुना ज्यादा सदस्य थे, 18वीं लोकसभा में भी कांग्रेस को भाजपा से दो गुना समय मिला। नेता प्रतिपक्ष कहते हैं कि हमें बोलने नहीं दिया जाता। मगर बोलने का मौका आता है, तो जर्मनी में होते हैं, इंग्लैंड में होते हैं। फिर शिकायत करते हैं। 18वीं -शेष पृष्ठ दो पर



■ गृह मंत्री शाह बोले: आंख मारने वाले स्पीकर पर सवाल उठा रहे, विपक्ष ने माफी मांगो के नारे लगाए

### कांग्रेस के युवराज छोटे दायरे में सिमटे, उन्हें विकास नहीं दिखेगा: मोदी

**चेन्नई/कोच्चि।** पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को केरल दौरे पर हैं। उन्होंने एर्नाकुलम के कोच्चि में 10,800 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

इसके बाद एनडीए की एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान लोकसभा सांसद राहुल गांधी की आलोचना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के युवराज को यह नहीं पता कि भारत के युवा आज ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग में कमाल कर रहे हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि केरल के युवाओं ने ड्रोन विकसित करने के लिए स्टार्टअप शुरू किए हैं। जो व्यक्ति अपने छोटे दायरे में सिमटा हो, उसे देश का विकास कभी नहीं दिखेगा। पीएम ने कहा

■ खाड़ी देशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षा के लिए हमने पूरी ताकत लगाई

कि खाड़ी और पश्चिम एशिया में जो कुछ हो रहा है, उसे लेकर लोगों का चिंतित होना स्वाभाविक है, लेकिन आज देश में भाजपा की सरकार है। जब भी हमारा कोई देशवासी मुसीबत में फंसा है, हमने उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी है। मोदी ने कहा कि चाहे इराक से नर्सों को निकालना हो या यमन में आतंकवादियों के चंगुल से फादर टाम को छुड़ाना हो, संकट के समय भारत अपने नागरिकों को कभी नहीं छोड़ता।




# बुकिंग के बाद ढाई दिन में मिलेगा सिलेंडर

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ किया है कि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति बिना किसी बाधा के और पूरी तरह से सुरक्षित रूप से जारी है। घरेलू उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद ढाई दिनों में सिलेंडर मिल जा रहा है और यह डिलीवरी की सामान्य साइकिल है।

मंत्रालय ने देशवासियों से अपील की है कि वे एलपीजी सिलेंडर की किल्लत की किसी भी प्रकार की आशंका के चलते 'पैनिक बुकिंग' बिल्कुल न करें। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एक ब्रीफिंग में पत्रकारों को बताया कि भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित बनी हुई है। उन्होंने कहा कि फीडबैक से पता चलता है कि गलत जानकारी के कारण कुछ लोग घबराकर सिलेंडर बुक करा रहे हैं और जमाखोरी कर



रहे हैं। मैं साफ करना चाहती हूं कि घरेलू एलपीजी की हमारी सामान्य डिलीवरी साइकिल लगभग ढाई दिन की है, इसलिए मैं अनुरोध करती हूं... ग्राहकों को सिलेंडर बुक कराने के लिए जल्दबाजी करने की कोई जरूरत नहीं है... घबराकर बुकिंग कराने की कोई जरूरत नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी ने बताया कि दो एलएनजी कार्गो भारत की ओर चल पड़े हैं। कुछ ही दिनों में देश पहुंच जाएंगे। हमारी रिफाइनरी अधिकतम क्षमता के साथ काम कर रही है। कुछ रिफाइनरी 100 फीसदी से अधिक की

■ सरकार का दावा: कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित रूप से जारी

■ एलपीजी की सप्लाई नियंत्रण में, नहीं होगी कोई किल्लत

क्षमता के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि देश की ऊर्जा सुरक्षा पूरी तरह मजबूत है, लेकिन अफवाहों के चलते हो रही पैनिक बुकिंग को रोकने के लिए ही सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। मंत्रालय ने साफ किया है कि घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स पूरी तरह से सामान्य और सुचारू तरीके से काम कर रहे हैं।

## यूपी में धुंध में सात वाहन टकराए, चार की मौत

**नई दिल्ली/लखनऊ।** बुधवार सुबह लखनऊ, कानपुर समेत 15 शहरों में धुंध छाई। इसके कारण शाहजहांपुर में बस- कार की टक्कर में 4 लोगों की मौत हुई।

उन्नाव में भी 4 वाहनों की टक्कर में 10 लोग घायल हुए। पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का अलर्ट है। उत्तराखंड के देहरादून में दिन का तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मार्च में ही मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा समेत

■ राजस्थान में पारा 40 डिग्री सेल्सियस, मप्र में 39 डिग्री से ज्यादा

अन्य राज्यों में दिन का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। राजस्थान में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा, सबसे ज्यादा बाड़मेर में 40.6 डिग्री सेल्सियस रहा। तेज गर्मी के साथ-साथ 2 जिलों में हीटवेव और 19 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट है। मध्य प्रदेश में मार्च के दूसरे हफ्ते से ही तेज गर्मी होने लगी है। ग्वालियर-चंबल में तापमान सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### तरनजीत ने ली दिल्ली के उपराज्यपाल के रूप में शपथ

**नई दिल्ली।** पूर्व राजनयिक तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को 'लोक निवास' में आयोजित एक आधिकारिक समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कैबिनेट के सदस्य, मुख्य सचिव और अमृतसर से आए उनके समर्थक मौजूद रहे। संधू ने विनय कुमार सक्सेना का स्थान लिया है, जिन्हें केंद्र सरकार ने अब लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया है। शपथ ग्रहण समारोह से पहले संधू ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। संधू ने इस मुलाकात को सुखद बताया और कहा कि गृह मंत्री के साथ सार्वजनिक सेवा, प्रशासन और आपसी हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

### पीएम मोदी ने कभी कंप्रोमाइज नहीं किया: भाजपा

**नई दिल्ली।** संसद में स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद ने राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर बड़ा हमला बोला। राहुल के इस वार पर बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने बड़ा पलटवार किया। राहुल ने कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार नेता विपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया गया, यहां चर्चा लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अध्यक्ष की भूमिका के बारे में है। कई बार मेरा नाम लिया जा रहा है, मेरे बारे में अपमानजनक बातें कही जा रही हैं, यह सदन भारत की जनता की अभिव्यक्ति है। राहुल ने आगे कहा कि यह सदन किसी एक दल का प्रतिनिधित्व नहीं करता, यह सदन पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है।

# अविश्वास प्रस्ताव पर सरकार कर रही परंपरा का उल्लंघनः कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए अपने प्रस्ताव पर जारी चर्चा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गैर मौजूदगी को लेकर सवाल उठाए और कहा कि सरकार इसमें भी परंपराओं और नियमों का उल्लंघन कर रही है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने बुधवार को यहां एक बयान में कहा कि लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव पर मंगलवार को हुई बहस के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने गर्व से दावा किया कि इस बहस के लिए 10 घंटे का समय दिया गया है, जबकि दिसम्बर 1954 में इसी तरह के एक प्रस्ताव के लिए केवल ढाई घंटे निर्धारित किए गए थे। उन्होंने कहा कि रिजिजू शायद यह बताना भूल गए कि 18 दिसम्बर 1954 को स्वयं प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु बहस के दौरान सदन में मौजूद रहे और उसमें हिस्सा भी लिया था। सदन में बोलते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने सदन की अध्यक्षता कर रहे उपाध्यक्ष से अनुरोध किया था कि बहस के समय का अधिकांश हिस्सा विपक्ष को दिया जाए।

### योगी से मिले नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव

**लखनऊ।** नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव ने बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान लोहम कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रजत वर्मा और कंपनी के चीफ ऑफ स्टॉफ आयुष सबात भी मौजूद रहे। तीनों अतिथियों ने निवेश के लिए उत्तर प्रदेश के सकारात्मक माहौल की सराहना की। योगी ने नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव, लोहम के सीईओ रजत वर्मा और चीफ ऑफ स्टाफ आयुष सबात का उत्तर प्रदेश में स्वागत किया।बैठक में उत्तर प्रदेश को देश में एडवांस्ड मटेरियल रिसर्च और इंजीनियरिंग का प्रमुख हब बनाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

# उप्र के कई शहरों में धुंध, 15 मार्च से बारिश के आसार

## प्रयागराज में 30 मी. दृश्यता, मेरठ में 100 मी. व वाराणसी एयरपोर्ट पर 500 तक रही

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई शहरों में बुधवार सुबह अचानक धुंध और कोहरे की मोटी परत छा गई, जिससे धूप लगभग लुप्त हो गई और कई जगहों पर दृश्यता काफी कम हो गई। लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, वाराणसी, मिर्जापुर, मेरठ और आगरा समेत कई जिलों में लोगों को धुंध का सामना करना पड़ा।

मौसम विभाग के अनुसार धुंध की वजह से कुछ स्थानों पर दृश्यता बेहद कम दर्ज की गई। प्रयागराज में यह करीब 30 मीटर, मेरठ में 100 मीटर और वाराणसी एयरपोर्ट पर लगभग 500 मीटर तक रह गई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मार्च में इस तरह की स्थिति पहले भी 2008 में देखने को मिली थी। लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक मनीष कुमार ने बताया कि नम पूर्वी हवाओं से आई नमी की वजह से दिन के समय भी प्रदेश के कई हिस्सों में धुंध और कोहरा बना रहा। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अगले दो दिनों तक जारी रह सकती है। वहीं अगले 4-5 दिनों तक तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा, जिससे गर्मी का असर बना रहेगा। हालांकि 15 मार्च के आसपास हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक दिन में तेज गर्मी और रात में अपेक्षाकृत ठंडे मौसम के कारण रेडिएशन फॉग की स्थिति बन रही है। इस प्रक्रिया में हवा में मौजूद नमी रात के समय जमीन के पास छोटी-छोटी बूंदों में बदल जाती है। वैज्ञानिकों ने बताया कि शांत हवाएं इस धुंध को लंबे समय तक बनाए रखती हैं, जबकि हवा में मौजूद धूल और प्रदूषण के कण नमी को जमने में मदद करते हैं, जिससे सुबह के समय धुंध और कोहरा जैसा मौसम बन जाता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के वाराणसी, सोनभद्र, मिर्जापुर और गाजीपुर के बाहरी इलाकों में भी मंगलवार सुबह से धुंध छाई रही। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के मौसम विज्ञानी प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव के अनुसार पश्चिमी हवाओं और हवा में बढ़ी नमी की वजह से पूर्वी उत्तर प्रदेश और तराई क्षेत्र के पीलीभीत, लखीमपुर-खीरी और बहराइच जैसे जिलों में भी धुंध देखी गई। वहीं बुंदेलखंड के हमीरपुर, ओराई, बांदा और महोबा समेत कई इलाकों में सुबह करीब 9 बजे तक घनी धुंध बनी रही और विजिबिलिटी कुछ मीटर तक सीमित हो गई। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि मार्च के तीसरे सप्ताह में संभावित पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आंधी-तूफान, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

## सीएम योगी के निर्देश पर प्रशासन और आपूर्ति विभाग की टीमें सक्रिय

# गैस, पेट्रोल व डीजल की अफवाह पर छापेमारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ नोएडा से लेकर गोरखपुर तक जिलों में पेट्रोल पंप व गैस एजेंसियां और गोदामों का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** गैस, पेट्रोल और डीजल को लेकर फैल रही अफवाहों और संभावित कालाबाजारी को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार सतर्क हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद प्रशासन और आपूर्ति विभाग की टीमें प्रदेश भर में सक्रिय हो गई हैं।

नोएडा से लेकर गोरखपुर तक जिलों में पेट्रोल पंप, गैस एजेंसियों और गोदामों का निरीक्षण किया जा रहा है। कई स्थानों पर छापेमारी कर स्टॉक और वितरण व्यवस्था की जांच की जा रही है, ताकि किसी भी तरह की जमाखोरी या कालाबाजारी को रोका जा सके। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की सप्लाई सुचारु रूप से जारी रहे और कहीं भी कृत्रिम संकट पैदा न होने पाए। साथ ही अफवाह फैलाने वालों पर भी सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है। सरकार ने साफ किया है कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। ऐसे में आम लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराकर अनावश्यक खरीदारी से बचें।

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति या कारोबारी जमाखोरी या कालाबाजारी करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे उत्तर प्रदेश में सतर्कता बढ़ा दी गई है और लगातार निरीक्षण अभियान जारी है।

### एलपीजी संकट से बेरोजगारी का खतरा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने एलपीजी संकट पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि देश इस समय एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां रसोई गैस जैसी बुनियादी जरूरत भी लोगों को आसानी से उपलब्ध नहीं हो रही। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में एलपीजी का उत्पादन लगभग 50 प्रतिशत तक घट चुका है, जिसके कारण हालात तेजी से बिगड़ते जा रहे हैं। इस कमी का सबसे बड़ा असर आम लोगों और छोटे कारोबारियों पर पड़ रहा है। अरविंद केजरीवाल ने बताया कि होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे, क्लाउड किचन और छोटे फूड कारोबार एलपीजी पर ही निर्भर रहते हैं, लेकिन अब सरकार के आदेश के बाद कई जगहों पर रेस्टोरेंट और होटलों को एलपीजी सिलेंडर तक नहीं मिल रहे।

### एलपीजी की कमी पर राज्यसभा में चर्चा की मांग, भाकपा सांसद ने दिया नोटिस

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में एलपीजी की कथित कमी पर चर्चा कराने की मांग को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य संदोष कुमार पी ने बुधवार को राज्य सभा में कार्यस्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है। संदोष कुमार ने नियम 267 के तहत यह नोटिस दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसके चलते एलपीजी की आपूर्ति में देरी, कीमतों में वृद्धि और आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई है। कई राज्यों में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की अनियमित आपूर्ति, लंबा इंतजार और अचानक कीमतों में बढ़ोतरी की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों परिवार, खासकर गरीब और मध्यम वर्ग, खाना पकाने के लिए एलपीजी पर निर्भर हैं। एलपीजी की कमी से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छोटे होटल, रेस्तरां और खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोगों पर भी इसका गंभीर असर पड़ रहा है।

# सनातन परंपराओं का अपमान कर रही भाजपाः अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर सनातन परंपराओं को अपमान करने का आरोप लगाया है।

यादव ने बुधवार को उत्तरप्रदेश सरकार की तरफ से लखनऊ में ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के कार्यक्रम की अनुमति को लेकर लगाई गई शर्त के मुद्दे पर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा और कहा कि किसी कार्यक्रम पर अनावश्यक शर्तें और प्रतिबंध लगाना कमजोर सत्ता की पहचान है। यदि भाजपा सनातन परंपराओं का सम्मान नहीं कर सकती तो कम से कम उसका अपमान भी न करे। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया के जरिए आरोप लगाया कि प्रदेश की सरकार एक विशेष समाज के सम्मान को ठेस पहुंचा रही है। इस समाज के लोग भाजपा सरकार में मंत्री, सांसद, विधायक या अन्य जनप्रतिनिधि के रूप में शामिल हैं, लेकिन इस मुद्दे पर वे अपने ही समाज के सामने जवाब देने से बच रहे हैं। ऐसे जनप्रतिनिधि अपने स्वार्थ के लिए भाजपा के साथ बने हुए हैं और अपने समाज में सम्मान खो चुके हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि जनता अगले चुनाव में ऐसे नेताओं को सबक सिखाएगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि कुछ जनप्रतिनिधि, जो वास्तव में अपने समाज के हितैषी हैं, वे उन दलों के संपर्क में हैं जो सनातन परंपराओं और समाज का सम्मान करते रहे हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 76863.71
निफ्टी 23866.85



सोना 160000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 269000
प्रति किलो



# पश्चिम एशिया की चिंता में शेयर बाजारों में फिर बड़ी गिरावट

मुंबई, वार्ता



पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को एक बार फिर बड़ी गिरावट रही। बीएसई का संसेक्स 1,342.27 अंक (1.72 प्रतिशत) लुढ़ककर 76,863.71 अंक पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 394.75 अंक यानी 23,866.85 अंक पर बंद हुआ। दोनों सूचकांकों का यह करीब 11 महीने का निचला बंद स्तर है। संसेक्स की शुरुआत बढ़त के साथ हुई थी और सुबह अधिकतर सूचकांक हरे निशान में थे। लेकिन बाद में गिरावट तेज होती गई। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.66 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.36 प्रतिशत गिर गया। बैंकिंग, वित्त, ऑटो, रियलटी, रसायन, आईटी और एफएमसीजी सेक्टरों पर ज्यादा दबाव रहा। फार्मा, स्वास्थ्य और तेल एवं गैस सेक्टरों में तेजी रही। संसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर पांच प्रतिशत टूट गया। एक्सिस बैंक में चार फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही। बजाज फिनसर्व और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी करीब चार प्रतिशत गिर गए। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स और बीईएल के शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा टूटे। भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इटरनल के शेयर एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट में रहे। एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इंडिगो के शेयर भी लाल निशान में रहे। एनटीपीसी और सनफार्मा में तेजी रही।

### सोना 1.60 लाख पर पहुंचा, चांदी की कीमत में गिरावट

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने की कीमत में मामूली तेजी और चांदी की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए)के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 505 रुपए बढ़कर 1.61 लाख पहुंच गया। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 1.60 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं एक किलो चांदी 1,886 रुपए घटकर 2.69 लाख पर पहुंच गई है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2.71 लाख रुपए प्रति किलो थी। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं। दक्षिण भारत जैसे इलाकों में खपत ज्यादा (करीब 40 प्रतिशत) होने के कारण ज्वेलर्स भारी मात्रा में सोना खरीदते हैं। बल्क खरीदारी पर मिलने वाली छूट का फायदा ग्राहकों को कम दाम के रूप में मिलता है।

# चावल, चीनी दालों में तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। चावल के साथ दालों और चीनी में भी तेजी रही। वहीं गेहूं में गिरावट देखी गई। खाद्य तेलों में उतार- चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये बढ़कर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 16 रुपये सस्ता हुआ और 2,798 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

आटे के भाव में टिकाव रहा। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 52 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल 20 रुपये और उड़द दाल 18 रुपये महंगी हुई। चना दाल का भाव नौ रुपये और मसूर दाल का सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 71 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,499 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.61 प्रतिशत की बढ़त में 67.33 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 139 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 96 रुपये और पाम ऑयल की 87 रुपये बढ़ी। वनस्पति में 57 रुपये की तेजी रही। सोया तेल की कीमत चार रुपये और सरसों तेल की तीन रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 29 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी 10 रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7725.52 रुपये, मसूर काली 8073.07 रुपये, मूंग दाल 10142.60 रुपये, उड़द दाल 10744.18 रुपये, तुअर दाल 11221.97 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2797.69 रुपये और चावल 3850.47 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3282.33 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4304.24 रुपये और गुड़ 4998.56 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17605.37 रुपये, मूंगफली तेल 18573.31 रुपये, सूरजमुखी तेल 16886.60 रुपये, सोया तेल 14155.25 रुपये, पाम ऑयल 12952.64 रुपये और वनस्पति 14564.41 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
- HEALTH WITH CARE -
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### दिल्ली हाईकोर्ट की कैंटीन में गैस खत्म

**नई दिल्ली/लखनऊ।** पश्चिम एशिया के लगातार बढ़ते संकट की वजह से विपक्षी दलों के सदस्यों ने रसोई गैस को लेकर बुधवार को लोकसभा में जमकर हंगामा किया, जिस वजह से सदन सुचारू रूप से नहीं चल सका। एलपीजी गैस की किल्लत का आलम यह है कि अयोध्या में गैस की गंभीर कमी को देखते हुए राम मंदिर के निकट अमावा मंदिर में संचालित श्री राम रसोई की ओर से भोजन वितरण को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। दिल्ली हाईकोर्ट की कैंटीन में गैस खत्म हो गई है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**स्पीकर ओम ..**

लोकसभा में 157 घंटे 55 मिनट कांग्रेस के सदस्य बोले। मैं विपक्ष नेता से पूछना चाहता हूं कि आप तब क्यों नहीं बोले। किसने रोका था। वो तो आपका अधिकार है कि आपकी पार्टी से कौन बोलेगा। विपक्ष के नेता स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव पर भी कुछ नहीं बोलते। फिर प्रस्ताव लाते क्यों है। एक तो बोलना नहीं चाहते हैं। बोलना चाहते हैं तो नियम अनुसार नहीं बोलना चाहते। वक्फ संशोधन, धारा 370 जैसी चर्चाओं से राहुल गायब रहे। एसआईआर पर चर्चा थी। विपक्ष के नेता को बोला गया कि आप बोलिए। नहीं बोले। उन्होंने सदन डिस्टर्ब किया। उनको अचानक एक आइडिया आया कि मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस पर चर्चा हो। आपके परनाना से लेकर आपकी दादी से पिता जी तक, बड़े-बड़े नेता के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर बहस नहीं हुई। 16वीं लोकसभा में राहुल गांधी ने 2014, 2015, 2017 और 2018 में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में भाग नहीं लिया। उन्होंने 16वीं लोकसभा में केंद्रीय बजट पर किसी भी चर्चा में भी हिस्सा नहीं लिया। इससे पहले रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी और विपक्ष पर कई आरोप लगाए। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि हम जब भी बोलने को होते हैं हमे रोका-टोका जाता है। उन्होंने कहा कि यह चर्चा लोकतंत्र और स्पीकर की भूमिका पर है। कई मौकों पर मेरा नाम लिया गया। हर समय हमें बोलने से रोका गया। राहुल गांधी ने कहा कि आखिरी बार बोलते हुए मैंने प्रधानमंत्री की ओर से काम्प्रोमाइज का मुद्दा उठाया था। सदन देश का प्रतिनिधित्व करता है। पहली बार विपक्ष के नेता को नहीं बोलने दिया गया। पीएम काम्प्रोमाइज्ड हैं। राहुल के इतना बोलने पर रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नेवर...नेवर। पीएम मोदी का भारत कभी काम्प्रोमाइज्ड नहीं होगा। इनको बेसिक समझदारी भी नहीं है। स्पीकर ने कई बार चेयर घेरी गई, कागज फेंके गए, लेकिन वह मुस्कराते रहे। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने चेयर को घेरकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। अमित शाह ने कहा कि स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव के नोटिस में 2026 की जगह 2025 लिखा था। जब विपक्ष के ध्यान में लाया गया, तो उन्होंने नोटिस वापस ले लिया। दूसरे नोटिस में सिर्फ गौरव गोगई के रियल साइन थे। सभी विपक्षी सांसदों को जेरोक्स साइन थे। ऐसे में नोटिस खारिज हो सकता है। लेकिन इनमें इतनी गंभीरता नहीं है कि नोटिस नियमों के हिसाब से लाएं। फिर भी स्पीकर के ऑफिस ने विपक्ष को मौका दिया कि गलतियां है। सुधार लो।

# भारतीय विमाान सेवा कंपनियां रियाद के लिए आज से शुरू करेंगी उड़ानें

नई दिल्ली, वार्ता



■ इंडिगो भी आज से शुरू करेगी मुंबई-रियाद के लिए उड़ान

भारतीय विमान सेवा कंपनियां सऊदी अरब की राजधानी रियाद के लिए 12 मार्च से उड़ानें शुरू करेंगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की मंगलवार देर रात जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस 12 मार्च से रियाद के लिए उड़ानें शुरू करने वाली हैं।

इसी तारीख से इंडिगो भी मुंबई और रियाद के बीच उड़ानें शुरू करेगी। अकासा एयर ने भी गुरुवार से दोनों शहरों के बीच उड़ानें शुरू करने का फैसला किया है। मंत्रालय ने बताया कि सभी विमान सेवा कंपनियों को सुरक्षा स्थिति पर पूरी तरह विचार करने के बाद ही उड़ानों के परिचालन की अनुमति दी जा रही है। इंडिगो ने बुधवार को पश्चिम एशिया के आठ शहरों के लिए कुल 38 उड़ानों का परिचालन करने की बात कही है। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी आज संयुक्त अरब अमीरात के लिए 36 विशेष उड़ानों समेत कुल 58 उड़ानों के परिचालन की बात कही है। उनकी 22 शिड्यूल उड़ानें सऊदी अरब के जेद्दा और ओमान के मस्कट के लिए होंगी। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण 28 फरवरी को क्षेत्र के लिए सभी उड़ानें बंद कर दी गई थीं। अब धीरे-धीरे परिचालन फिर शुरू किया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विभिन्न देशों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके भारतीय एयरलाइंस कंपनियों के लिए ओमान के मस्कट को पश्चिम एशियाई शहरों दुबई, अबु धाबी, शारजाह, रस-अल-खैमा, अल-अलाम, फुजैरा, जेद्दा और मदीना का वैकल्पिक हवाई अड्डा घोषित किया है। मंत्रालय ने बताया कि 9 मार्च को विभिन्न पश्चिम एशियाई शहरों से कुल 45 उड़ानें भारत आईं जिनमें 7,407 यात्री थे।

# जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा : सालाना 1.20 करोड़ यात्रियों की क्षमता

■ पहले चरण में प्रतिदिन औसतन 150 उड़ानें संचालित होंगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा तेजी से अपने संचालन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर क्षेत्र में बन रही इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पहले चरण का लगभग 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य 10 नवम्बर तक पूरा कर लिया जाएगा। सरकार की तरफ से जारी किए गए आदेश के अनुसार, पहले चरण में एयरपोर्ट एक रनवे के साथ संचालित होगा और इसकी वार्षिक यात्री क्षमता करीब 1 करोड़ 20 लाख यात्रियों की होगी। अधिकारियों के अनुसार, शुरुआती चरण में औसतन प्रतिदिन लगभग 150 उड़ानों के संचालन का अनुमान है। जैसे ही यात्रियों की संख्या एक करोड़ को पार करेगी, हवाई अड्डा पर दूसरे रनवे के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। दो रनवे के साथ यह एयरपोर्ट करीब सात करोड़ यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा। हवाई अड्डा के पहले चरण में लगभग 3,300 एकड़ क्षेत्र में विकसित हिस्से का लोकार्पण किया जाएगा। परियोजना के लिए कुल 6,700 एकड़ भूमि का अधिग्रहण पहले ही किया जा चुका है, जबकि शेष 5,100 एकड़ भूमि अगले तीन महीनों में अधिग्रहित किए जाने की योजना है। भूमि अधिग्रहण पर लगभग 5,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, जबकि निर्माण कार्य पर करीब 7,000 करोड़ रुपये की लागत आ रही है।

# बजट सत्र: सदन में गूंजा स्मार्ट मीटर का मुद्दा

**■ तीसरे दिन की कार्रवाई के दौरान कई विषय उठाए गए**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गैरसैंण।** भराड़ीसैंण में चल रहे विधानसभा बजट सत्र के तीसरे दिन सदन में स्मार्ट मीटर का मुद्दा गर्माया। नियम 58 में इस पर हुई चर्चा के दौरान विपक्ष ने स्मार्ट मीटर का विरोध किया। विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि इसमें बड़ा घपला है।

बिजली संयोजन काटे जाने के बाद जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा, सरकार स्पष्ट करे कि इसे लगाना अनिवार्य है या वैकल्पिक। सुमित हृदयेश ने आरोप लगाया कि बड़ी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। सदन की कार्यवाही स्थगित कर इस पर चर्चा की जाए। रवि बहादुर ने कहा, स्मार्ट मीटर को जबरन लोगों पर थोपा जा रहा है। विधायक विक्रम सिंह नेगी ने भी इसे बड़ा घपला बताया। अनुपमा रावत ने कहा, किसानों का जितना बिल नहीं आ रहा उससे अधिक सर्च चार्ज आ रहा है। सरकार किसानों के बिल को माफ करे।



### सदन में पुलिस कांस्टेबल ग्रेड पे का प्रकरण उठा

सदन में पुलिस ग्रेड पे का प्रकरण भी उठा। उप नेता सदन भुवन कापड़ी ने कहा, पुलिस कांस्टेबल की 10 साल की सेवा पर 2400, 20 साल की सेवा पर 2800 और 30 साल की सेवा पर 4600 ग्रेड पे दिया जाना था। सरकार की ओर से वादा किया गया था कि यूपी की तर्ज पर उत्तराखंड में पुलिस को ग्रेड पे दिया जाएगा, जो नहीं दिया गया। काजी निजामुद्दीन ने विधानसभा सत्र में डयूटी पर लगे पुलिस जवानों के रहने, खाने और सोने की उचित व्यवस्था न होने का आरोप लगाया। संसदीय कार्यमंत्री सुबोध उनियाल ने कहा, पुलिस कांस्टेबल के लिए 10 साल की सेवा पर 2400, 20 साल की सेवा पर 2800 और 30 साल की सेवा पर 4200 ग्रेड पे का प्रावधान है।

### कांग्रेस विधायक ने कहा- राशन कार्ड नहीं बनने से आयुष्मान कार्ड नहीं बन रहे

प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक काजी निजामुद्दीन ने खाद्य मंत्री रेखा आर्य से पूछा सवाल। बीपीएल और एपीएल राशन कार्डों पर पूछा सवाल. कांग्रेस विधायक ने कहा कि राशन कार्ड नहीं बन पा रहे हैं और इससे आयुष्मान कार्ड भी नहीं बन पा रहा है। मंत्री ने किया स्पष्ट कि राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड में कोई संबंध नहीं है। परिवार बंटवारे के समय आती है समस्या. काजी बोले पूरे प्रदेश की ही ये नीतिगत समस्या है। इसके साथ ही प्रश्नकाल समाप्त हुआ।

### बिंदुखत्ता राजस्व ग्राम मामला नेता प्रतिपक्ष ने किए सवाल

नियम 310 के स्थानान्तरित विपक्ष के मुद्दा भूमिधर कानून को नियम 58 में सुना गया. नेता प्रतिपक्ष ने कहा पशुपालक बनकर लोगों ने जंगलों में रहकर अपने क्षेत्र को बसाया है। आज सरकार उनको हटाने का काम कर रही है. 1980 में वन संरक्षक अधिनियम लागू होने के बाद, जिस क्षेत्र में लोग लंबे समय से रह रहे वह आज वन क्षेत्र में आ गई, जिसके कारण लोगों को घर से बेघर होना पड़ रहा है। 1981 में वन संरक्षण अधिनियम लागू हुआ. तब से कई पीढ़ियां जंगलों में रह रही हैं।

2006 में वन अधिकार कानून पारित किया गए. जिसका मूल उद्देश्य था कि और तत्कालीन सरकार की भी मंशा थी कि लंबे समय से रह रहे लोगों को मालिकाना हक मिले. कोई भी व्यक्ति या, कोई भी समुदाय तीन पीडिया, यानी 75 साल वन भूमि में निवास कर रहा है, तो उसको मालिक. ाना अधिकार मिलना चाहिए. यह 2006 का कानून कहता है. वर्तमान स्थिति 25 अक्टूबर 2023 को तराई के बिंदुखत्ता क्षेत्र में 200 साल से, और 1932 में यहां के लोगों को वन विभाग ने पशुपालन की अनुमति दी थी, बिंदुखत्ता आज एक विशाल आबादी वाला क्षेत्र बन चुका है।

### विपक्ष के सदस्यों का इस्तीफा मंजूर नहीं: रितु खंडूरी भूषण

विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी भूषण ने सदन में कहा, कार्यमंत्रणा समिति से नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व विधायक प्रीतम सिंह का इस्तीफा मंजूर नहीं किया है, जिससे दोनों सदस्य कार्यमंत्रणा समिति के वर्तमान में भी सदस्य है।

### सुराज सेवा दल पहुंचा दिवालीखाल, पुलिस ने रोका

सुराज सेवा दल के कार्यकर्ताओ ने गैरसेण को स्थाई राजधानी की मांग को लेकर विधानसभा कूच करने का प्रयास किया। दीवालीखाल पहुंचने पर पुलिस के कड़ी सुरक्षा के चलते वें आगे नहीं बढ़ पाए। जिस कारण उन्होंने सड़क पर ही धरना देकर प्रदर्शन किया। सुराज सेवा दल के कार्यकर्ताओ ने कहा की सरकार गैरसेण को लेकर जनता को गुमराह कर रही है। पहाड़ो में आज पलायन थम नहीं रहा है।

### रेखा आर्या के विभागों से संबंधित पूछे गए सवाल

गैरसैंण विधानसभा में बजट सत्र के तीसरे दिन सदन में प्रश्नक. ाल जारी है. आज कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के विभागों पर पूछे जा रहे हैं सवाल. पहला सवाल पूछा कांग्रेस विधायक लखपत बुटोला ने. चमोली दशोली में सेमलडाला मैदान पेपलकोटी पर पूछा सवाल. मैदान के विस्तारीकरण के सवाल पर दिया जवाब कि अभी कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

दूसरे सवाल में भाजपा विधायक सुरेश गड़िया ने नेशनल गेम्स में मेडल होल्डर खिलाड़ियों को नौकरी पर पूछा. मातृ वंदना योजना पर डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला ने पूछा सवाल. लक्ष्य से कम पंजीकरण पर उठाया सवाल. जवाब में रेखा आर्या में कहा कि राष्ट्रीय हेल्थ सर्वे और उक्त योजना के स्पेसिफिक मानकों के चलते आ रही है व्यावहारिक दिक्कत. महेश जीना ने रेखा आर्या से पूछा एपीएल बीपीएल कार्ड को लेकर सवाल। मानकों को लेकर उठाये सवाल। खेल और युवा कल्याण मंत्री से पूछा गया मिनी स्टेडियम और खेल मैदानों पर सवाल।

## गैरसैंण विधानसभा को वेडिंग-कॉर्पोरेट डेस्टिनेशन बनाने के बयान से नाराजगी

**■ नेता प्रतिपक्ष ने पर्यटन मंत्री के बयान को लेकर सीएम से मांगा स्पष्टीकरण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गैरसैंण।** उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा भवन को वेटिंग डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित किए जाने को लेकर बयान दिया है। इसके बाद कांग्रेस पार्टी पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के खिलाफ आक्रामक हो गई है।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या ने भी नाराजगी जताते हुए पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के बयान पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से स्पष्टीकरण मांगा है।

### गैरसैंण भवन उत्तराखंड की जनता के संघर्ष, सपनों और राज्य आंदोलन की भावनाओं का प्रतीक: आर्या



विधानसभा के अन्य कार्यों में उपयोग को लेकर सतपाल महाराज के बयान से विपक्ष खासा नाराज है. नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या ने कहा कि गैरसैंण विधानसभा भवन को शादी-बारात और वेडिंग/कॉरपोरेट डेस्टिनेशन बनाने का सुझाव अत्यंत निंदनीय है। गैरसैंण केवल एक भवन नहीं, बल्कि उत्तराखंड की जनता के संघर्ष, सपनों और राज्य आंदोलन की भावनाओं का प्रतीक है। जिस स्थान को लोकतंत्र के मंदिर के रूप में स्थापित किया गया, उसे शादी-बारात या कॉरपोरेट कार्यक्रमों के लिए उपयोग करने की बात करना राज्य की अस्मिता का अपमान है। सरकार को इस विषय पर तत्काल स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह वास्तव में विधानसभा जैसे पवित्र संस्थान को पर्यटन और व्यावसायिक आयोजनों का स्थल बनाना चाहती है? उत्तराखंड की जनता इस विषय पर सरकार से स्पष्ट जवाब चाहती है। सरकार को इस विषय पर तत्काल स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह वास्तव में विधानसभा जैसे पवित्र संस्थान को पर्यटन और व्यावसायिक आयोजनों का स्थल बनाना चाहती है? उत्तराखंड की जनता इस विषय पर सरकार से स्पष्ट जवाब चाहती है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा में चल रहे बजट सत्र की कार्यवाही के लिए जाते हुए। साथ में हैं कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत व विधायक सुरेश गढ़िया।

# प्रदेश के हर ब्लाक में बनेगा मिनी स्टेडियम: सीएम

## खेलभूमि उत्तराखंड में जमीनी स्तर पर सुविधाओं के विस्तार के लिए ठोस कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गैरसैंण।** 38 वें राष्ट्रीय खेलों के भव्य आयोजन के बाद प्रदेश की धामी सरकार जमीनी स्तर पर खेल सुविधाओं के और विस्तार में जुट गई है। इस क्रम में प्रदेश के हर ब्लाक में अब मिनी स्टेडियमों का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को बजट सत्र के तीसरे दिन सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर ब्लाक में मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में प्रावधान किया गया है।

वर्ष 2025 में उत्तराखंड ने न सिर्फ 38 वें राष्ट्रीय खेलों की सफल मेजबानी की थी, बल्कि 103 पदक जीतकर इस स्तर के आयोजन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया था। इस आयोजन ने



**■ इस बार के बजट में धामी सरकार ने किया है प्रावधान**
**■ लेगेसी पॉलिसी पर अमल की भी चल रही है तैयारी**

उत्तराखंड को खेलभूमि के रूप में भी पहचान दी।

इस आयोजन के लिए अंत. रराष्ट्रीय स्तर का आधारभूत खेल ढांचा विकसित किया गया। लेगेसी पॉलिसी बनाकर सरकार ने इस खेल ढांचे का इस्तेमाल एकेडमी के तौर पर करने का निर्णय लिया है। ताकि खेल प्रतिभाओं को उचित प्रशिक्षण प्राप्त हो सके। इस संबंध में शासन स्तर पर कार्यवाही चल रही है। अब वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में हर ब्लाक में मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए प्रावधान कर दिए जाने को भी अहम माना जा रहा है। बुधवार को प्रश्न काल में जब खेल मंत्री रेखा आर्या पर्वतीय क्षेत्रों में खेल मैदान और मिनी स्टेडियम से संबंधित सवाल का जवाब दे रही थीं, तब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन को यह अहम जानकारी दी। खेल मंत्री रेखा आर्या के अनुसार-पर्वतीय क्षेत्र में मिनी स्टेडियम के लिए 1.18 एकड़ भूमि की आवश्यकता होती है।

इसके निर्माण के लिए एक करोड़ 70 लाख रूपये दिए जाने का प्रावधान है।

### हल्द्वानी में जल्द शुरू होगा खेल विश्वविद्यालय का निर्माण

खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा, हल्द्वानी में जल्द ही हल्द्वानी में खेल विश्वविद्यालय का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने आगामी बजट में प्रावधान किया है। निर्माण के लिए सभी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। विश्वविद्यालय के अधीन ही हल्द्वानी स्टेडियम को शामिल किया जाएगा।

### सदन की कार्यवाही से पहले स्थानीय लोगों से मिले सीएम धामी

विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन सदन की कार्यवाही से पहले भराड़ीसैंण में प्रात:काल भ्रमण के दौरान सीएम धामी ने पूर्व ग्राम प्रधान चंद्र सिंह की दुकान पर चाय की चुस्कियों का आनन्द लिया. वहां उपस्थित स्थानीय लोगों के साथ संवाद कर सरकार की विभिन्न योजनाओं का फीडबैक लिया. सीएम ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास इकोलॉजी और इकॉनमी के बेहतर समन्वय के साथ पहाड़ी क्षेत्रों का सुनियोजित विकास करना है जहां स्थानीय लोगों को सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की सुविधा उपलब्ध हो सके. आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के आंकड़े हमारे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम को परिलक्षित कर रहे हैं।

# देवभूमि की धरोहर 'देवतत्व' को संवारने के लिए धामी सरकार प्रयासरत

**■ उत्तराखंड की धार्मिक, सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन पर जोर**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देवभूमि उत्तराखंड के 'देवतत्व' को संवारने के लिए प्रयासरत हैं। इसी दिशा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में भी हरिद्वार कुंभ, हरिद्वार- ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर, नंदा देवी राजजात, सरयू रिवर फ्रंट सहित कई परियोजनाओं के लिए बजट आवंटन किया गया है।

गंगा, यमुना, चारधाम, आदि कैलाश और कई शक्ति पीठों की पुण्य भूमि होने के कारण, उत्तराखंड दुनिया भर के सनातन मतावलंबियों की आस्था का केंद्र रहा है।

इसी क्रम में प्रदेश सरकार, उत्तराखंड को धार्मिक, आध्यात्मिक पर्यटन - तीर्थाटन के प्रमुख केंद्र के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास कर रही है। इससे प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आने की उम्मीद है। बद्रीनाथ - केदारनाथ पुन निर्माण परियोजना के साथ ही सरकार पहले ही मानसखंड मंदिर माला के तहत 48 मंदिरों के आस पास अवस्थापना विकास के कार्य प्रारंभ कर चुकी है। अब इसी क्रम में प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में भी ऐसी कई योजनाओं के लिए धनावंटन किया है।

### कुंभ और गंगा कॉरिडोर

प्रदेश सरकार ने बजट में हरिद्वार कुंभ मेला के लिए एक हजार करोड़ रुपए का प्राविधान किया है। इसके साथ ही हरिद्वार ख़ ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के लिए पूंजीगत निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत दो हजार करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इसी तरह आगामी नंदा देवी राजजात के लिए 25 करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है। सरकार तीर्थाटन को बढ़ावा देने के लिए पहले ही शीतकालीन यात्रा प्रारंभ कर चुकी है।

### रिवर फ्रंट परियोजनाएं

धामी सरकार ने सरयू और अन्य रिवर फ्रंट योजनाओं के साथ ही हरिपुर कालसी में यमुना घाट के लिए भी बजट का प्राविधान किया है। इसी तरह स्प्रिचुअल इकोनॉमी जोन के लिए 10 करोड़ का प्राविधान किया गया है। इसके साथ ही सरकार ने संस्कृत पाठशालाओं के अनुदान के लिए 28 करोड़ रुपए दिए हैं।

### घरेलू गैस की आपूर्ति में कोई कमी नहीं: महाराज

**गैरसैंण।** मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण भारत में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित होने से होटलों, रेस्तरां और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को हो रही परेशानियों को देखते हुए प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता की है।

महाराज ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ईंधन आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, विशेषकर पश्चिम एशिया में तनाव (ईरान-इजराइल संघर्ष), के कारण आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव के चलते अवरोध उत्पन्न हुआ है लेकिन सरकार स्थिति पर नजर रखे हुए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल घरेलू गैस (14.2 किलोग्राम) की आपूर्ति में कोई कमी नहीं है।

# सदन में सरकार के जवाबों से विपक्ष असंतुष्ट

**■ कांग्रेस विधायकों ने लगाया आरोप, सरकार से सही जवाब देने की मांग**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गैरसैंण।** उत्तराखंड विधानसभा के गैरसैंण स्थित भराड़ीसैंण में चल रहे बजट सत्र 2026 में कांग्रेस विधायकों ने आरा. ेप लगाया कि सरकार ने उनके सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दिया। विपक्षी विधायकों ने कहा कि सरकार को उनके सवालों का सही जवाब देना चाहिए।

उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र में तीसरे दिन विपक्ष सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की तैयारी में है. कांग्रेस विधायकों ने कहा कि कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार और स्थानीय मुद्दों पर सरकार के जवाब संतोषजनक नहीं रहे. कांग्रेस विधायक भुवन कापड़ी ने कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि उनकी खटीमा विधानसभा सीट, जो मुख्यमंत्री की भी विधानसभा सीट रही है, वहां एक किसान की करीब 125 एकड़ जमीन पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर लिया. कापड़ी का आरोप है कि पुलिस की मदद से किसान की जमीन पर जबरन कब्जा किया गया।

भुवन कापड़ी ने कहा कि किसान की खेत में फसल खड़ी थी, लेकिन बिना नंबर प्लेट वाले ट्रैक्टर से खेत को जोत दिया गया. इस पूरे मामले पर सरकार की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला, जिससे वे संतुष्ट नहीं हैं।वहीं कांग्रेस विधायक इं. रवि बहादुर ने आरोप लगाया कि थानों और चौकियों में भ्रष्टाचार व्याप्त है. उन्होंने कहा कि सरकार इस हकीकत को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है, जबकि आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। कांग्रेस विधायक फुरकान अहमद ने सरकार पर धार्मिक मुद्दों को ज्यादा तूल देने का आरोप लगाया. उन्होंने कोटद्वार के मोहम्मद दीपक से जुड़े मामले को उठाते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में स्कूल निर्माण से जुड़ा विषय भी उठाया गया था, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस जवाब नहीं मिला।

### भराड़ीसैंण में भौगोलिक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण: डीजीपी

**गैरसैंण।** उत्तराखंड के डीजीपी दीपम सेठ बुधवार को भराड़ीसैंण विधानसभा परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को बुलाकर एक लंबी चौड़ी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने विषम भौगोलिक परिस्थितियों में ड्यूटी कर रहे पुलिस जवानों से उनकी चुनौतियों और समस्याओं के बारे में जानकारी ली साथ ही कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। डीजीपी दीपम सेठ ने कहा यह अच्छा अवसर था जब उन्हें सीधे ग्राउंड पर काम कर रहे पुलिसकर्मियों से मिलने और उनका फीडबैक लेने का मौका मिला। उन्होंने कहा भराड़ीसैंण में भौगोलिक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं। विधानसभा सत्र के दौरान प्रदर्शन जैसी स्थितियां भी सामने आती हैं। जिससे सुरक्षा व्यवस्था और अधिक संवेदनशील हो जाती है। उन्होंने कहा देहरादून जैसे शहरों में सभी सुविधाएं तुरंत उपलब्ध हो जाती हैं और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल भी जल्दी मिल जाता है, लेकिन भराड़ीसैंण जैसे दूरस्थ स्थानों पर व्यवस्थाएं करना अपेक्षाकृत चुनौतीपूर्ण हो जाता है। इसके बावजूद यहां तैनात पुलिसकर्मी पूरी तरह प्रशिक्षित हैं। हर परिस्थिति का मजबूती से सामना करते हैं।

# अवस्थापना विकास: गांव हो या शहर, कहीं नहीं कसर

## सड़क, पुल निर्माण से लेकर गड्ढा भरने तक के लिए धामी सरकार ने किया बजट प्रावधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में अवस्थापना विकास के लिए बजट में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी गई है। गांव से लेकर शहर हो या फिर पहाड़ से लेकर मैदान, अवस्थापना विकास के लिए सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में वो सब इंतजाम कर दिए हैं, जिन्हें विकास के लिए अपेक्षित माना जा रहा था।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वित्त मंत्री के तौर पर बजट का खाका खींचते हुए हर छोटी-बड़ी बात का ध्यान रखा है। मसलन, सड़क, पुलों के निर्माण के लिए यदि बजट आवंटन हुआ है, तो गड्ढा भरने जैसी बातों की भी अनदेखी नहीं की गई है। बिजली, पानी समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े आधारभूत ढांचे की मजबूती पर खास फोकस किया गया है, जो आने वाले दिनों में एक सुखद तस्वीर के प्रति आश्वस्तकारी है।

**■ वित्तमंत्री बतौर सीएम का गया हर छोटी बड़ी जरूरत पर ध्यान**
**■ स्मार्ट सिटी के कॉन्सेप्ट को पहाड़ के तीन शहरों में ले गए सीएम**

पहाड़ के तीन प्रमुख नगर निकायों को स्मार्ट सिटी के तौर पर विकसित करने का फैसला दूरगामी परिणाम देने वाला है। तीनों शहरों का चयन ही अपने आप यह साबित करता है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की दृष्टि कहां तक पहुंची है। गैरसैंण, बाडाहाट-उत्तरकाशी और पिथौरागढ़, इन तीनों निकायों को स्मार्ट सिटी बनाने का सरकार का निर्णय पहाड़ में अवस्थापना विकास के लिहाज से मील का पत्थर साबित होगा।

हमारी सरकार ने अवस्थापना विकास को प्राथमिकता दी है। हमारा यह विश्वास है कि किसी भी राज्य के विकास की रीढ़ उसकी अवस. रचना होती है। तीव्र विकास के लिए हमारा यह संकल्प है कि प्रदेश की सड़क, ऊर्जा तथा आधुनिक अवस. रचना को नई गति और नई दिशा दी जाए।

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

### बजट के प्रावधान, करेंगे राह आसान

- सड़कों के लिए लोनिवि के पूंजीगत मद में 2501 करोड़ और पीएमजीएसवाई के लिए 1050 करोड़ बजट प्रावधान
- शहरी विकास विभाग का बजट इस बार रूपये 1814 करोड़, पिछली बार रूपये 1161 करोड़ का बजट था
- ऊर्जा क्षेत्र में रूपये 1609 करोड़ का बजट प्रावधान
- सड़कों पर गड्ढ़ा मुक्ति अभियान रूपये 400 करोड़
- रिस्पना, बिंदाल यूटिलिटी शिफ्टिंग योजना बजट रूपये 350 करोड़
- आवास विभाग का बजट रूपये 130 करोड़
- पुलिस आवास, जेलों का निर्माण इत्यादि का बजट रूपये 135 करोड़
- नगरीय अवस्थापना के लिए अतिरिक्त बजट रूपये 60 करोड़
- नागरिक उड्डयन विभाग का पूंजीगत मद में बजट प्रावधान रूपये 52 .50 करोड़
- तीन नगर निकायों को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए बजट प्रावधान रूपये 30 करोड़
- टिहरी रिंग रोड निर्माण कार्य का बजट रूपये 10 करोड़
- शहरी क्षेत्रों में पैदल मार्ग का बजट रूपये 10 करोड़

# पीएमजीएसवाई प्रथम के तहत अवशेष सड़कों को पूरा करने की समय सीमा 31 मार्च 2027 तक बढ़ी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत अवशेष सड़कों को पूरा करने की समयसीमा 31 मार्च 2027 तक बढ़ाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है।

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि केंद्र सरकार के इस निर्णय से उत्तराखंड राज्य को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पीएमजीएसवाई प्रथम के अंतर्गत लगभग 55 अपूर्ण कार्यों को पूरा करने का वित्तीय भार राज्य सरकार को वहन करना प्रस्तावित था।



**■ ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिव. राज और मुख्यमंत्री धामी का जताया आभार**

अब केंद्र सरकार के निर्णय के बाद यह राशि केंद्र व राज्य के बीच 90:10 के अनुपात में वहन की जाएगी, जिससे राज्य सरकार पर पड़ने वाला वित्तीय भार काफी कम होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने में सहायता मिलेगी।

ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने बताया कि इस निर्णय से प्रदेश के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क और विकास को नई गति मिलेगी, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे।

# जमीनों का फर्जीवाड़ा

## फर्जी बिक्री दिखाकर रकम वसूलने वाले चार लोग गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** जमीनों की फर्जी बिक्री दिखाकर लोगों से मोटी रकम वसूलने वाले गिरोह का आईटीआई कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। एसएसपी ऊधम सिंह नगर अजय गणपति के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार जनपद में सक्रिय अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देशों के क्रम में एसपी स्वप्न किशोर सिंह और सीओ विभव सैनी के पर्यवेक्षण में आईटीआई कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलवार को गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के तहत दर्ज मुकदमे में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों आशीष चौहान उर्फ पटवारी पुत्र गिरवर सिंह निवासी वैशाली कालोनी, अमरजीत सिंह पुत्र दरबारा सिंह निवासी वैशाली काला. नी खड़कपुर देवीपुरा, गुरुप्रेम सिंह पुत्र हरजिंद्र सिंह निवासी पटेलनगर काशीपुर, कुलविंदर सिंह उर्फ जस्सी पुत्र हरभजन सिंह निवासी कानूनगोयान काशीपुर को दबोच लिया। जांच में सामने आया कि यह गिरोह आम लोगों को धमकाकर और मारपीट कर जमीनों की फर्जी बिक्री दिखाता था तथा इसी के जरिए आर्थिक लाभ अर्जित करता था। गिरोह की गतिविधियां लोक व्यवस्था को प्रभावित कर रही थीं, जिसके चलते पुलिस ने गिरोहबंद अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की। पुलिस टीम में आईटीआई कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सैनी, कोतवाल जसपुर राजेंद्र सिंह डांगी, एसओजी प्रभारी निरीक्षक सुनील सुतेड़ी, एसएसआई जसपुर जावेद मलिक, चौकी प्रभारी बांसफोड़ान देवेंद्र मेहता, कटोराताल चौकी प्रभारी कौशल भाकुनी, प्रतापपुर चौकी प्रभारी सौरभ भारती, एसआई देवेंद्र सामंत, हेड कांस्टेबल विनय कुमार, दीपक, कांस्टेबल हरीश, गिरीश मठपाल और नरेश चौहान रहे।

## रोमांचक मुकाबले में बिंदुखत्ता की टीम ने पंतनगर बेनी को हराया



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**शांतिपुरी।** बुधवार को शांतिपुरी नंबर चार चंद्रपुरी में आदर्श वॉलीबॉल क्लब के तत्वावधान में आयोजित ग्रामीण स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच बिंदुखत्ता और पंतनगर बेनी की टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में बिंदुखत्ता की टीम ने पंतनगर बेनी को 15-14, 9-15 और 15-11 के तीन सेटों में दो-एक के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। इससे पूर्व टूर्नामेंट का शुभारंभ छोटा केदार धाम देवरिया के प्रधान पुजारी व उत्तराखंड वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष कमल धानिक तथा उत्तराखंड ओलंपिक संघ के प्रांतीय महासचिव डा. डीके सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि कमल धानिक ने आयोजकों को बधाई दी। आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। ग्रामीण स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुल 20 टीमों ने प्रतिभाग किया। आयोजन समिति के सदस्य भैया कोरंगा ने बताया कि 12 मार्च से दो दिवसीय अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर की नामी टीमें भाग लेंगी। इस अवसर पर प्रधान बचुली देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य गंगा दानू, दुग्ध संघ डायरेक्टर इंदर मेहता, पूर्व प्रधान दीपा ललित कांडपाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद कोरंगा, पूर्व प्रधान रोहित तिवारी, पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख नीरज टाकुली, पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष सूबेदार मेजर लाल सिंह कोरंगा, ललित बिष्ट, निखिल कोरंगा उर्फ भैया, नारायण सिंह बिष्ट, कैप्टन देवेंद्र सिंह कोरंगा, अशोक जोशी, राजेंद्र पटवाल, ईश्वर सिंह दानू समेत कई लोग मौजूद रहे।

## ऑटोमोबाइल शोरूम में चोरी का खुलासा

**काशीपुर।** आकांक्षा ऑटोमोबाइल शोरूम में हुई चोरी का कोतवाली आईटीआई पुलिस ने खुलासा करते हुए एक व्यक्ति को माल समेत गिरफ्तार किया है। विदित हो कि विगत 10 फरवरी को तजिंदर सिंह पुत्र रंजीत सिंह निवासी वार्ड नंबर 11 बाजपुर जिला ने कोतवाली आईटीआई में तहरीर देकर बताया कि विगत 8 फरवरी को किसी अज्ञात चोर द्वारा उनके बाजपुर रोड स्थित आकांक्षा ऑटोमोबाइल शोरूम में घुसकर स्पेयर पार्ट्स की चोरी की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 305(ए)/331(4)बीएनएस पंजीकृत कर घटना के शीघ्र आनावरण हेतु टीम का गठन किया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने परमानंदपुर हाइवे के नीचे से इकराम उर्फ गुड्डू पुत्र राज खां निवासी बिधोलिया थाना सीबीगंज जनपद बरेली हाल निवासी आईसा पैलेश के बराबर वाली गली महीना शाह का इमाम बाड़ा थाना बरादरी जनपद बरेली को चोरी हुए माल के साथ गिरफ्तार किया गया।

## बागेश्वर में बजट संकटः कई विभाग बिल भुगतान तक करने में असमर्थ

- बार-बार मांग के बावजूद नहीं मिल रहा बजट
- पीएमजीएसवाई बागेश्वर शाखा भी संकट में
- विभागीय वाहनों के भुगतान तक के लिए नहीं है धन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** जिले में कई विभागों के पास बिल भुगतान के लिए लंबे समय से बजट नहीं है। लगातार बजट की मांग करने के बाबजूद विभाग को हाईकमान द्वारा बजट नहीं दिया जा रहा है। बता दें कि जिले में कई विभाग ऐसे है जहां कर्मचारी बजट का रोना रो रहे है। पीएमजीएसवाई की बाग्श्वर शाखा में विभाग अपने वाहनों के भुगतान तक करने में असमर्थ है। विभाग द्वारा कई बार उच्चाधिकारियों को बजट की मांग की जा चुकी है। उसके बाबजूद बजट नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा जिले के कई विभागों में बजट की स्थिति खराब है। विभाग अपने कार्यालय के खर्च के साथ साथ समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा, सूचना, एवं अन्य गतिविधियों तक का भुगतान करने में असमर्थ है। जबकि इसके विपरीत कई विभागों में लाखों का बजट मार्च माह में वापस करने की स्थिति बनी हुई है।

## किल्लतः गैस एजेंसी पर लोगों का हंगामा



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** शहर में रसोई गैस सिलेंडर की कमी से उपभोक्ता इन दिनों काफी परेशान हैं। गैस की बुकिंग न हो पाने और समय पर सिलेंडर उपलब्ध न होने से नाराज लोगों ने बुधवार को काशीपुर गैस सर्विस कार्यालय पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया और अपनी नाराजगी जाहिर की। गैस एजेंसी पर पहुंचे उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस बुकिंग कराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सर्वर समस्या के कारण बुकिंग नहीं हो पा रही है। कुछ लोगों ने बताया कि चार-चार दिन से लगातार प्रयास करने के बावजूद उनकी बुकिंग नहीं हो सकी, जिसके चलते घरों में चूल्हा जलाना मुश्किल हो गया है। किराये के मकानों में रहने वाले लोगों का कहना था कि उनके पास केवल एक ही सिलेंडर है और वह भी खत्म हो चुका है, जिससे परिवार के सामने भोजन बनाने की समस्या खड़ी हो गई है। वहीं गैस एजेंसी के होम डिलीवरी ठेकेदार गुलशन बाली ने बताया कि इस समय गैस की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में नहीं आ पा रही है। सामान्य तौर पर एजेंसी को प्रतिदिन दो गाड़ियों में सिलेंडर मिलते हैं, लेकिन फिलहाल केवल एक ही गाड़ी आ रही है, जिससे मांग के मुकाबले आपूर्ति कम हो रही है। इसके अलावा जियो नेटवर्क के सर्वर पर अधिक लोड होने के कारण भी कई उपभोक्ताओं की बुकिंग नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग हो चुकी है, उन्हें तारीख के अनुसार ही सिलेंडर दिया जा रहा है। पहले पुरानी पर्चियों और पहले से बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को गैस दी जा रही है। बुकिंग होने के लगभग एक सप्ताह बाद ही सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। गैस एजेंसी की ओर से उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि यदि मोबाइल से बुकिंग में समस्या आ रही है तो वे ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म जैसे गूगल-पे या फोन-पे के माध्यम से भी बुकिंग कर सकते हैं। हालांकि गैस की कमी और बुकिंग में आ रही परेशानी के चलते उपभोकताओं में लगातार नाराजगी बढ़ रही है और लोग जल्द आपूर्ति सामान्य होने की मांग कर रहे हैं।

## भराड़ी पहुंचे पूर्व राज्यपाल कोश्यारी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

बागेश्वर। पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी बुधवार को कपकोट भराड़ी बाजार में जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं के साथ मिले। जनप्रतिनिधियों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर उनका ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। कपकोट के एक होटल में पूर्व राज्यपाल भगत दा ने स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों के साथ कई जनसुविधाओं तथा विभिन्न स्थानीय मुद्दों को लेकर चर्चा की। इस दौरान भगतदा कहा कि बाग्श्वर तथा आसपास के क्षेत्रों से उनका विशेष लगाव रहा है और यहां के लोगों का स्नेह हमेशा उन्हें प्रेरित करता है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बिक्रम सिंह शाही, ब्लाक प्रमुख भावना शाही, हरीश चंदोला, बसंती देव, बबलू ऐठानी, आनंद मेहता, मनोहर राम, गीता पाठक, भगवती पाठक, हरीश मेहरा, रंजीत धर्मशास्त्री, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया आदि उपस्थित थे।

## डीएम ने किया चाय बागान का निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** जनपद में चाय उत्पादन को बढ़ावा देने और कौसानी की चाय को व्यापक बाजार दिलाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने बुधवार को कौसानी स्थित चाय बागान तथा चाय फैक्ट्री का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चाय बागान में कार्यरत महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं तथा उनके कार्य की सराहना की। इसके पश्चात उन्होंने चाय फैक्ट्री का निरीक्षण कर श्रमिकों से बातचीत की और वहां उत्पादित विभिन्न प्रकार की चाय तथा वार्षिक उत्पादन की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने चाय की बिक्री बढ़ाने के लिए प्रभावी मार्केटिंग रणनीति तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि बिजनेस प्रमोटर्स को जोड़ा जाए तथा एक समर्पित मार्केटिंग टीम बनाई जाए। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से चाय की बिक्री को बढ़ावा देने, जनपद में चाय के आउटलेट स्थापित करने और स्थानीय होटलों से टाई-अप करने के निर्देश दिए। साथ ही पैकेजिंग और ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने 30 अप्रैल तक 50 लाख रुपये की चाय बिक्री का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने विभिन्न प्रमुख स्थानों पर कौसानी चाय के प्रचार-प्रसार हेतु सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही चाय बागान को पर्यटन से जोड़ते हुए बागान से बर्ड वर्ल्डचिंग साइट तक ट्रैक विकसित करने और स्कूली बच्चों के लिए बर्ड वर्ल्डचिंग विजिट आयोजित कराने को कहा। उन्होंने पर्यटन विभाग के माध्यम से बर्ड वर्ल्डचर्स और स्थानीय गाइड तैयार करने के निर्देश भी दिए, ताकि क्षेत्र में इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिल सके। चाय फैक्ट्री के प्रबंधक प्रमोद कुमार ने बताया कि वर्तमान में 23 हेक्टेयर क्षेत्र में चाय की खेती की जा रही है। गत वर्ष 3 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तार किया गया था और इस वर्ष भी 3 हेक्टेयर क्षेत्र बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कौसानी की चाय का प्रमुख बाजार कोलकाता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी, डीडीओ संगीता आर्या, जिला उद्यान अधिकारी हरीश चंद्र, ख्रषि अधिकारी राजेन्द्र उप्रेती सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**अल्मोड़ा।** हवालबाग विकासखंड के गधौली गांव में जमीनी विवाद में पक्षों में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार देवकी देवी ने कोतवाली अल्मोड़ा में एक तहरीर सौपी। तहरीर में कहा कि उनकी जमीन पर गोदावरी मेहरा के परिवार ने जबरन कब्जा जमा लिया। विरोध करने पर पूरा परिवार मारपीट पर उतर आया। बताया कि मारपीट के दौरान उन्हें गंभीर चोटें आई। वहीं, दूसरे पक्ष की जिया मेहरा ने तहरीर में कहा कि किशन मेहरा और उनके परिवार ने उनका सामान फेंक दिया और धारदार हथियार से हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे के खिलाफ तहरीर सौंपी।

## अल्मोड़ा में व्यापारी नेता पर हमले से आक्रोश

**अल्मोड़ा।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने बुधवार को एसएसपी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष पर अराजकतत्वों के द्वारा हमले पर कार्रवाई की मांग उठाई। वहीं, मामले को लेकर कोतवाली में तहरीर सौंपी। व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार ने बताया कि मंगलवार रात माल रोड पर कुल युवकों ने जमकर हंगामा काटा। वहीं, एक व्यापारी के साथ मारपीट की। बीच बचाव में पहुंचे नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय साह रिक्खू पर हमला कर दिया। जिससे उनके सिर में गंभीर चोटे आई है। मामले में व्यापारियों ने एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के से मुलाकात कर कार्रवाई और क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग उठाई। इधर, व्यापारियों की तहरीर के बाद पुलिस ने पांच युवकों को हिरासत में ले लिया है।

## पंतनगर में भव्य किसान मेला कल से



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय में कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में 119वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी के आयोजन से पूर्व प्रेसवार्ता की गई। इस अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के साथ निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा, निदेशक शोध डा. एस. के. वर्मा, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल एवं प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि 119वें अखिल भारतीय किसान मेले की थीम 'सशक्त महिला - समृद्ध खेती' है। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि की प्रगति में महिलाओं की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। खेतों में श्रम, पशुपालन, बीज संरक्षण, खाद्य प्रसंस्करण तथा परिवार और कृषि प्रबंधन जैसे अनेक क्षेत्रों में महिलाएँ निरंतर अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस किसान मेले में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा पिछले दो वर्षों में किए गए शोध कार्यों, नवाचारों तथा आधुनिक कृषि तकनीकों पर आधारित विशेष स्टॉल लगाया जाएगा। इस विशेष स्टॉल के माध्यम से किसानों को विश्वविद्यालय द्वारा विकसित नई फसल प्रजातियों, उन्नत बीजों तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी जाएगी, जिससे किसान सीधे तौर पर लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि किसान मेले में उत्तराखण्ड राज्य के अलावा देश के विभिन्न राज्यों से भी बड़ी संख्या में किसान भाग लेने के लिए पंतनगर विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने बताया कि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में 119वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन 13 से 16 मार्च 2026 तक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस किसान मेले में छोटे-बड़े स्टालों सहित अब तक 350 स्टाल बुक हो चुके है, जिनमें 150 बड़े एवं 200 छोटे स्टाल है और इनकी संख्या में वृद्धि होने की संभावना है। उन्होंने बताया किसान मेले कृषि एवं उद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन 14 मार्च 2026 को मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री, पुष्कर सिंह धामी एवं विशिष्ट अतिथि मंत्री कृषि एवं कृषक कल्याण, गणेश जोशी, सांसद अजय भट्ट के साथ विधायक, विश्वविद्यालय प्रबंध परिषद के सदस्य, जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में अपराहन 3:00 बजे किया जायेगा।

## एक नजर

### साइबर कैफे में आग लगने से मचा हड़कंप

**काशीपुर।** ढकिया गुलाबो रोड स्थित एक साइबर कैफे में मंगलवार देर रात अज्ञात कारणों के चलते आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन काशीपुर की टीम मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार फायर स्टेशन मंगलवार देर रात लगभग पौने दो बजे सूचना मिली कि ढकिया गुलाबो रोड स्थित एक दुकान में आग लगी है। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन से एक फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना की गई। मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि मिनी साइबर कैफे की दुकान में आग लगी हुई थी। फायर कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डोर ब्रेकर की सहायता से दुकान के शटर का ताला तोड़ा और फायर इंजन से एक होज पाइप लगाकर आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। हालांकि आग लगने से दुकान के अंदर रखा कुछ सामान क्षतिग्रस्त होने की आशंका जताई जा रही है। अभियान में शामिल फायर कर्मी चालक संदीप शर्मा, चालक सुमित पवार, फायरमैन सोहन सिंह, अर्जुन सिंह, आकाश गैरोला, महिला फायरमैन नमिता शामिल रहीं।

### सिल्ट एवं मलबा हटाने का अभियान आज से

**काशीपुर।** नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'सिल्ट एवं मलबा हटाने का विशेष अभियान' चलाया जाएगा। यह अभियान गुरूवार, 12 मार्च को प्रातः 8 बजे वार्ड नंबर -11 अंतर्गत शिव मंदिर ढकिया गुलाबो की सड़कों पर आयोजित किया जायेगा। इस अभियान के अंतर्गत सड़कों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जमा सिल्ट और मलबे को हटाने का कार्य किया जायेगा। साथ ही नगर निगम द्वारा 'निर्माण एवं ध्वस्तीकरण मलबे के उचित परिवहन और निस्तारण' के संबंध में नागरिकों को जागरूक भी किया जाएगा। नागरिकों से अपील की जाएगी कि वे निर्माण कार्य से निकलने वाले मलबे को सड़कों या नालियों में न डालें तथा उसे निर्धारित स्थान तक ले जाने के लिए अधिकृत वाहनों का ही उपयोग करें। नगर निगम टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कार्य के साथ-साथ लोगों को मलबा इधर-उधर न फैलाने तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही नगर निगम काशीपुर नागरिकों से सहयोग की अपील करता है कि वे शहर को स्वच्छ बनाए रखने में भागीदारी निभाएं और मलबे के उचित परिवहन एवं निस्तारण के नियमों का पालन करें

### मामूली बात पर पति ने गर्भवती पत्नी को पीटा

**बागेश्वर।** किसी बात को लेकर पति ने अपनी प्रसूता पत्नी को बेरहमी से पीटा। मायके वाले पीड़िता को अस्पताल लाए। यहां उपचार के बाद उसे घर भेज दिया है। पीड़िता ने 112 में फोन कर शिकायत दर्ज की है।

छाती मनकोट निवासी सुरेंद्र कुमार ने 9 दिनों की प्रसूता पत्नी सरिता देवी के साथ किसी बात को लेकर मारपीट की। पीड़िता ने मामले की जानकारी अपने मायके वालों को दी। मायके से पहुंचे परिजनों ने पीड़िता को बुधवार जिला अस्पताल में दिखाया। सरिता ने बताया कि उसका 3 मार्च को बेटा गया था, बेटे की हालत नाजुक थी, जिसे अल्मोड़ा अस्पताल में भर्ती किया गया। वहां से घर आने के बाद आए दिन उसका पति सुरेंद्र उसके साथ गाली गलौज एवं मारपीट करने लगा। बीते रात उसने सारी हदें पार कर पीड़िता के मुंह और हाथ में गंभीर चोट पहुंचाई है। मायके वालों ने बताया कि सरिता के ससुराल वाले पूर्व में भी उसे प्रताड़ित करते रहते थे। सरिता छह माह पूर्व अपने मायके करूली रही थी। घटना की सूचना मिलने के बाद बुधवार को पुलिस घर पहुंची। पुलिस ने सही ससुरालियों को कोतवाली में बुलाया है। बताया जा रहा है कि पीड़िता का पति दिल्ली एक होटल में काम करता है। घटना के बाद पीड़िता डरी हुई है।।

### नशा मुक्ति केंद्र निर्माण के लिए मिली वित्तीय स्वीकृति

**बागेश्वर।** मुख्यमंत्री की घोषणा में शामिल जिले में नशा मुक्ति केंद्र के लिए शासन द्वारा जनपद के ठेला पाटन क्षेत्र में नशा मुक्ति केंद्र निर्माण हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। केंद्र के निर्माण पर कुल 497.62 लाख (लगभग 4.97 करोड़) की लागत आएगी। परियोजना की महत्ता को देखते हुए शासन द्वारा प्रथम चरण में 199.048 लाख की धनराशि भी अवमुक्त कर दी गई है, जिससे निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। समाज कल्याण अधिकारी हेम चंद तिवारी ने कहा कि यह नशा मुक्ति केंद्र जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को मजबूत करेगा तथा नशे से प्रभावित लोगों के उपचार, परामर्श और पुनर्वास के लिए एक सुदृढ़ संस्थागत व्यवस्था उपलब्ध कराएगा। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के मानकों का विशेष ध्यान रखते हुए इसे निर्धारित समयावधि के भीतर पूर्ण किया जाए, ताकि जनपद के लोगों को शीघ्र इसका लाभ मिल सके।

### नहीं रहे लोक गायक दीवान सिंह कनवाल

**बागेश्वर।** कुमाउनी गीतों से लोगों के दिनों में राज करने वाले लोक गायक दीवान कनवाल की आवाज हमेशा के लिए थम गई है। लोकगायक कनवाल के निधन की सूचना मिलते ही उनके प्रशंसकों ने शोक व्यक्त कर उनके द्वारा गए कुमाऊनी गीत, द्वि दिन क ड्यार शेरूवा यो दुनी में गीत गुनगुनाते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। लोकगायक कनवाल गत वर्ष उत्तरायणी कौतिक में बागेश्वर पहुंचे थे। जिन लोगों ने उन्हें सामने से पहली बार देखा था वे लोग भी उनके दीवाने हो गए थे। कनवाल को श्रद्धांजलि देने वालों में विधायक बागेश्वर पार्वती दास, कपकोट सुरेश गढ़िया, राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, किसन सिंह, सहित अन्य प्रशंसकों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### महिला एकता मंच की युद्ध विरोधी सभा आयोजित

कालाढूंगी। मालधन चंद्र नगर में महिला एकता मंच की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़े के तहत युद्ध विरोधी सभा का आयोजन किया गया। सभा में महिलाओं ने अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान व लेबनान पर किए गए हमलों की निंदा करते हुए दुनिया की जनता से इसके खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। महिला एकता मंच की संयोजक ललिता रावत ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मजदूर महिलाओं के अधिकारों के संघर्ष की याद दिलाने का दिन है, लेकिन आज इसे केवल औपचारिक कार्यक्रमों तक सीमित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कानून में समानता के अधिकार के बावजूद समाज और कार्यस्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और उत्पीड़न आज भी जारी है। सभा में समाजवादी लोक मंच के संयोजक मुनीष कुमार ने कहा कि वैश्विक संघर्षों और आर्थिक नीतियों के कारण देश में तेल, गैस और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों पर असर पड़ रहा है। कार्यक्रम का संचालन ममता आर्य ने किया। सभा में विनीता टम्टा, नीलू रस्तोगी, विद्यावती शाह, सरला आर्य, सुमन लता, गिरीश चंद्र और सरिता आर्य सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे।

रमज़ान मुबारक

ज़ाहिद कुरैशी
समाजसेवी कालाढूंगी, नैनीताल 9756682163

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

महमूद हसन बंजारा
प्रदेश महामंत्री
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा

शाकिर हुसैन (पत्रकार)

नसीम जहां
सभासद, वार्ड 4
नगर पालिका परिषद, कालाढूंगी

रमज़ान मुबारक

सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी
जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक

मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड
उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

माह-ए-रमज़ान मुबारक

बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

मून सर्विस प्वाइंट

Zubair Khan Najeeb Khan
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

इसरार हुसैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तराखण्ड।

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी

अध्यक्ष अलीम खान
उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

मोकिन सैफी
(विधानसभा अध्यक्ष)
यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी-नैनीताल
पार्षद पुत्र वार्ड 33, नगर निगम हल्द्वानी

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

हाजी नदीम अहमद
पूर्व प्रदेश महासचिव
यूथ कांग्रेस उत्तराखण्ड, कालाढूंगी

# विधायक सुमित ने विधानसभा में उठाए जनहित के मुद्दे

❐ राशन कार्ड सत्यापन, नंदा गौरा योजना, स्मार्ट मीटर और नजूल भूमि पर सरकार से मांगे जवाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गैरसैंण/हल्द्वानी।** विधाायक सुमित हृदयेश ने विधानसभा सत्र के दौरान जनहित और क्षेत्रीय विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को सदन पटल पर प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार का दायित्व है कि वह आम जनता, खिलाड़ियों, पत्रकारों और युवाओं से जुड़े विषयों पर गंभीरता से ध्यान दे और उनका समयब) समाधान सुनिश्चित करे। सदन में सबसे पहले उन्होंने हल्द्वानी स्थित अंत. रराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि कम उम्र में उत्ख्रष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और



देश का नाम रोशन करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए भविष्य में नौकरी या अन्य प्रोत्साहन देने की कोई स्पष्ट नीति बनाई जाएगी या नहीं। उन्होंने कहा कि यदि खिलाड़ियों को समय पर अवसर और प्रोत्साहन मिले तो उत्तराखंड के युवा राष्ट्रीय और अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

विधायक ने हल्द्वानी के मिनी स्टेडियम में लगाए गए केज का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना था कि इससे वहां क्रिकेट और ुटबक्ल खेलने वाले खिलाड़ियों को भारी असुविधा हो रही है। इसके साथ ही उन्होंने गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खिलाड़ियों को आ रही विभिन्न समस्याओं का भी उल्लेख करते हुए सरकार से इनका शीघ्र समाधान करने की मांग की। सत्र के दौरान उन्होंने राशन कार्ड सत्यापन प्रक्रिया को लेकर भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उनका कहना था कि सत्यापन के दौरान आम जनता को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और कई पात्र परिवारों के नाम सूची से हटने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने मांग की कि इस प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और जनहितकारी बनाया जाए ताकि कोई भी पात्र परिवार अपने अधिक. ार से वंचित न रहे। विधायक ने प्रदेश की महत्वपूर्ण नंदा गौरा योजना का मुद्दा उठाते हुए सरकार से पूछा कि इस योजना के अंतर्गत अब तक कुल कितने वर्षों का भुगतान लंबित है और पात्र लाभार्थियों को उनका बकाया कब तक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना से हजारों बेटियों और परिवारों की उम्मीदें जुड़ी हुई हैं, इसलिए भुगतान में हो रही देरी को तुरंत दूर किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए पत्रकारों के लिए रहने की व्यवस्था का मुद्दा भी सदन में रखा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकार समाज और सरकार के बीच महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करते हैं, इसलिए उनके लिए समुचित और सम्मानजनक व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। विधानसभा सत्र के दौरान उन्होंने स्मार्ट मीटर के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि यदि किसी उपभोद्रा का वर्तमान बिजली मीटर सही ढंग से काम कर रहा है तो उसे जबरन बदलने की अनिवार्यता क्यों बनाई जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी कंपनियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए आम जनता पर अनावश्यक दबाव डाला जा रहा है और इस विषय पर पारदश्ह्ण नीति बनाए जाने की आवश्यकता है। इसके अलावा विधायक सुमित हृदयेश ने भूमिधरी द्धनजूल भूमिऋ के मुद्दे को भी जोरदार तरीके से सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी की बड़ी आबादी वर्षों से नजूल भूमि पर निवास कर रही है और सरकार द्वारा मकानों और दुकानों पर लाल निशान लगाए जाने से लोगों में भय और असमंजस की स्थिति पैदा हो रही है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, हलाल निशान लगाने वाली सरकार नहीं चलेगी, सबको मालिकाना हक मिलना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि हल्द्वानी की जनता को जल्द से जल्द मालिकाना हक दिया जाए और इस मुद्दे का स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि वर्षों से वहां रह रहे लोगों को राहत मिल सके। अंत में विधायक ने कहा कि वे सदन के माध्यम से लगातार जनता से जुड़े मुद्दों को उठाते रहेंगे और जनहित से जुड़े हर विषय पर सरकार को जवाबदेह बनाने का कार्य करते रहेंगे।

# बाइक ने रिक्शा को मारी टक्कर, रिक्शा चालक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बेस अस्पताल के पास मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में रिक्शा चालक की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस के अनुसार मंगलवार रात करीब 10:25 बजे बेस अस्पताल के समीप सड़क दुर्घटना की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बताया कि पल्सर बाइक यूके 04 एएन 5778 का चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था। इसी दौरान बाइक ने एक रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रिक्शा चालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बाइक सवार भी हादसे में जख्मी हो गया। घटना के बाद पुलिस ने दोनों घायलों को तुरंत बेस अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल रिक्शा चालक नरेश सिंह (25) पुत्र हरीश सिंह निवासी लालडांठ को हालत बिगड़ने पर सुशीला तिवारी अस्पताल रेुर किया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में घायल बाइक सवार सूरज बिष्ट (25) पुत्र कुंदन सिंह बिष्ट निवासी गजर थाना मुक्तेश्वर का भी पहले बेस अस्पताल में उपचार किया गया। हालत में सुधार न होने पर उसे भी सुशीला तिवारी अस्पताल रेुर किया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। दुर्घटनाग्रस्त बाइक और रिक्शा को कोतवाली हल्द्वानी परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है और तहरीर मिलने पर मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# डायवर्जन: डीएमएफ से बजट की औपचारिकताएं पूरी

❐ जिलाधिकारी के निर्देश पर बनी कार्ययोजना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दमुवाढूंगा स्थित बनचौकी से बरसाती नाले के डायवर्सन के शेष कार्य को शुरू करने के लिए जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) से बजट उपलब्ध कराने की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है।बता दे कि बरसाती नाले के कारण गैर वैशाली क्षेत्र की करीब 16 कॉलोनियों में बारिश के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या पैदा हो जाती है। इस समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर नाले के डायवर्सन के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई थी। इसके प्रथम चरण के लिए जिला खनिज न्यास निधि फाउंडेशन मद से करीब 96.24 लाख रुपये स्वीख्रत किए गए थे। बुधवार को देवकी विहार विकास समिति के अध्यक्ष और सेवानिवृत्त सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी रमेश चंद्र पांडे ने जिला खनिज न्यास के सदस्य सचिव एवं प्रभारी खान अधिकारी नवीन सिंह से मुलाकात कर बरसात से पहले नाले के डायवर्सन का शेष कार्य पूरा कराने के लिए शीघ्र बजट जारी करने का अनुरोध किया। समिति अध्यक्ष रमेश चंद्र पांडे ने कहा कि 339 मीटर लंबाई की योजना में से पहले चरण में 143 मीटर लंबाई तक 2.0 1.50 मीटर आकार के आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण किया जा चुका है। सिंचाई विभाग के प्राक्कलन के अनुसार शेष 196 मीटर लंबाई में नाला और डिसिल्टिंग टैंक के निर्माण के लिए करीब 1.88 करोड़ रुपये के बजट की आवश्यकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि बजट स्वीकृत होने के बाद कार्य शीघ्र शुरू होगा, जिससे क्षेत्र की कॉलोनियों को बरसात में होने वाली जलभराव की समस्या से राहत मिल सकेगी।

# नाइसेला में तीन दिवसीय विज्ञान संचेतना कार्यक्रम का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिले के दूरस्थ क्षेत्र स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाइसेला भीमताल में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) की ओर से आयोजित तीन दिवसीय विज्ञान संचेतना कार्यक्रम का समापन हो गया। समापन अवसर पर डायट के प्राचार्य सुरेश चंद्र आर्य ने बच्चों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान के माध्यम से ही जिज्ञासा और तर्कशीलता का विकास होता है, इसलिए विद्यार्थियों को प्रयोगों के जरिए विज्ञान को समझने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी डा. पूरन सिंह बुंगला ने किया। उन्होंने बताया कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से इस तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को विज्ञान से संबंधित करीब 15 प्रयोग कराए गए, जिससे उन्हें विज्ञान के सिद्धांतों को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। कार्यशाला में संदर्भदाता के रूप में गीता नेगी और संतोष कुमार जोशी ने विद्यार्थियों को विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों और अवधारणाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विक. सित करना था। इस दौरान तिलक बृजवासी सहित विद्यालय के विभिन्न अध्यापक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# नगर निगम में आधार सेवा केंद्र शुरू

❐ शहरवासियों को मिलेगी एक ही स्थान पर सुविधा मेयर ने फीता काटकर किया उद्घाटन

❐ आधार पंजीकरण और संशोधन की मिलेगी सुविधा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहरवासियों को आधार से जुड़ी सेवाएं अब एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम कार्यालय में आधार सेवा केंद्र की शुरुआत कर दी गई है। बुधवार को मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने नगर निगम परिसर में ीता काटकर आधार केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान मेयर गजराज बिष्ट ने कहा कि नगर निगम कार्यालय में आधार सेवा केंद्र शुरू होने से शहर के लोगों को आधार



कार्ड बनवाने या उसमें संशोधन कराने के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। यहां आधार कार्ड बनवाने के साथ ही नाम, पता, मोबा. इल नंबर समेत अन्य जरूरी संशोधन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम का प्रयास है कि नागरिकों को अधिक से अधिक सेवाएं एक ही स्थान पर सरल और त्वरित रूप से मिल सकें। आधार केंद्र की स्थापना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र के माध्यम से नए आधार पंजीकरण के साथ-साथ आधार अपडेट से संबंधित सभी सेवाएं नागरिकों को प्रदान की जाएंगी। मेयर ने शहरवासियों से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी और लोग मौजूद रहे।

# कत्थक नृत्यांगना डा. दीपा जोशी को मिलेगा कल्याणी सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रख्यात कथक नृत्यांगना डक्र दीपा जोशी को कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 15 मार्च को दिल्ली स्थित गढ़वाल भवन में आयोजित समारोह में कल्याणी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान कल्याणी सामाजिक संस्था दिल्ली की ओर से आयोजित सातवें कल्याणी सम्मान समारोह में प्रदान किया जाएगा।

दूरदर्शन केंद्र दिल्ली की ए-ग्रेड कथक नृत्यांगना डक्र दीपा जोशी ने कथक की प्रारंभिक शिक्षा अल्मोड़ा से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने भातखंडे हिन्दुस्तानी संगीत महाविद्यालय लखनऊ, कथक केंद्र लखनऊ तथा इंदिरा कला संगीत श्विवविद्यालय खैरागढ़ से कथक की उच्च शिक्षा हासिल की। कथक की उच्च शिक्षा के लिए उन्हें भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई थी। कथक नृत्य में डाक्टर ऑफ लेटर्स (डी लिट) की उपाधि प्राप्त करने वाली डा. दीपा जोशी उत्तराखंड की पहली और भारत की दूसरी महिला हैं। उन्होंने देश के कई प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी एकल कथक प्रस्तुतियां दी है। नृत्य की साधना के साथ-साथ उन्होंने संगीत विषय पर कई महत्वपूर्ण आलेख और पुस्तकों का लेखन भी किया है, जिससे इस शास्त्रीय कला के सैद्धांतिक पक्ष को समृद्ध किया है। कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने नौ राज्यों के कलाकारों को साथ लेकर नृत्य-संगीत के माध्यम से जन जागरूकता अभियान में लेखन, संगीत और नृत्य निर्देशन कर सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान उन्होंने हिंदी के साथ-साथ भोजपुरी और कुमाऊनी भाषा में भी गीतों की रचना कर उन्हें संगीतबद्ध किया। डक्र जोशी देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संगीत संस्थानों और विश्वविद्यालयों में परीक्षक, चयन समिति की सदस्य तथा विशेषज्ञ के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रही है। वर्तमान में वह सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत सेंट्रल ब्यूरो ऑफ कम्युनिकेशन के नैनीताल कार्यालय में कार्यरत है।

# उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकार दीवान कनवाल का निधन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकार दीवान कनवाल का निधन हो गया है। बुधवार को उन्होंने अपने निवास स्थान पर अंतिम सास ली। महज 67 साल की उम्र में उनका निधन लोक कला और कुमाउनी संस्कृति को बड़े झटके से कम नहीं है। उत्तराखंड की संस्कृति और लोक कला ध्वजवाहक माने जाने वाले लोक गायक दीवान सिंह कनवाल बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे। हल्द्वानी के एक अस्पताल में ऑपरेशन के बाद वह घर लौटे थे। लेकिन बुधवार सुबह उनका निधन हो गया। उनके निधन पर अल्मोड़ा सहित प्रदेश भर में शोक की लहर दौड़ गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित राजनीतिक दलों के नेताओं अलावा लोक कलाकारों, संस्ख्रति प्रेमियों आदि ने उनके निधन पर शोक जताया। दीवान कनवाल जिला



सहकारी बैंक से मैनेजर पद से सेवा. निवृत्त हुए थे। उनकी आवाज में कुमाऊं की वादियों की ठंडक, पहाड़ों की पुकार, प्रेम की मिठास और विरह की पीड़ा झलकती थी। उनके गीतों में कुमाऊं की पारंपरिक शैलियों जैसे न्योली, चांचरी और छपेली की गहरी छाप मिलती थी। दोपहर बाद उनकी शव यात्रा खत्याड़ी से बेतालेश्वर के लिए निकली। जहां सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

**हवालबाग में भी हुई शोक सभा:** लोकगायक दीवान कनवाल के निधन पर हवालबाग विकासखंड सभागार में बुधवार को शोकसभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि उनकी मधुर आवाज और पहाड़ की संस्कृति से जुड़े गीत सदैव लोगों के दिलों में जीवित रहेंगे। उन्होंने अपने संगीत और अभिनय के माध्यम से उत्तराखंड की लोकसंस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वक्ताओं ने उनके निधन को कला और संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। शोकसभा में ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडू, बीडीओ एसएस दरियाल, एबीडीओ प्रमेंद्र पांडे, प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष देवेंद्र नयाल, महामंत्री विनोद जोशी सहित कई जनप्रतिनिधि, प्रधान और अधिकारी मौजूद रहे। **कांग्रेस ने दी 'दीवान दा' को श्रद्धांजलि:** निधन पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, विधायक मनोज तिवारी, पूर्व स्पीकर गोविन्द कुंजवाल, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, तारा चंद्र जोशी, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश जोशी, आनंद बगड़वाल, तारा चंद्र साह, आनंद बिष्ट, विनोद वैष्णव, नारायण दत्त पाण्डेय, दीप डांगी, निर्मल रावत, अमरजीत भाकुनी, दीवान सतवाल, देवेंद्र बिष्ट, वैभव पाण्डेय आदि ने शोक जताया।

**रामलीला कमेटी खत्याड़ी ने जताया शोक:** प्रसिद्ध लोक कलाकार और रामलीला कमेटी खत्याड़ी के सदस्य दीवान कनवाल के निधन पर कमेटी ने शोक जताया। उनके निधन को अपूर्ण क्षति बताया। यहां शोक जताने वालों में अध्यक्ष हिमांशु कनवाल, देवेंद्र कनवाल, बसंत कनवाल, हर्ष कनवाल, पान सिंह कनवाल, पुष्कर कनवाल, नरेंद्र कनवाल, उमेद कनवाल, जीवन लटवाल, गोविंद कनवाल, रविन्द्र कनवाल, प्रियांशु कनवाल, रजत कनवाल, राहुल कनवाल, मनोज कनवाल, सुमित कनवाल, महेंद्र कनवाल आदि रहे। इनके अलावा पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, उपपा केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार नवीन बिष्ट, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रवि रौतेला, पूर्व प्रधान हरीश कनवाल, प्रो. देव सिंह पोखरिया, ललित लटवाल, लोक कलाकार महा संघ अध्यक्ष सुंदर लटवाल, गोकुल बिष्ट, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हरीश बिष्ट, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख आनंद कनवाल, देव सिंह, मनमोहन चौधरी, राजीव गुरुरानी, धर्मेंद्र बिष्ट, ललित पांडे, राजेंद्र कनवाल, मानव कनवाल, मदन सिंह, हरीश नेगी, जगह कनवाल, भूपेंद्र बिष्ट, भूपेंद्र कनवाल, देव सिंह चौहान, हिमांशु लटवाल, मिकी टम्टा, शोबन कनवाल समेत कई रंगकर्मी मौजूद रहे।

# सोर्स सेग्रीगेशन को लेकर नगर निगम की बैठक

❐ स्वयं सहायता समूहों को सौंपी जागरूकता की जिम्मेदारी

❐ नगर आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक

❐ छह वार्डों में घर-घर चलाया जाएगा अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और पॉलिथीन मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम सभागार में बुधवार को सोर्स सेग्रीगेशन (कूड़ा पृथक्करण) को लेकर नगर आयुक्त परितोष वर्मा की अध्यक्षता बैठक



हुई, जिसमें स्वयं सहायता समूहों को जागरूकता अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में पांच स्वयं सहायता समूहों को वार्ड नंबर 11, 37, 41, 42, 51 और 52 में सोर्स सेग्रीगेशन के तहत जन जागरूकता फैलाने का दायित्व दिया गया। समूहों के सदस्य घर-घर जाकर लोगों को गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग कर कूड़ा वाहनों को देने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूहों को आवंटित वार्डों में स्वच्छता से संबंधित सर्वे कार्य करने और जन जागरूकता कार्यक्रम चलाने के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इन वार्डों में अभियान सफलतापूर्वक चलने के बाद पूरे नगर निगम क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सोर्स सेग्रीगेशन का कार्य शुरू किया जाएगा। नगर आयुक्त ने कहा कि पूरे नगर निगम क्षेत्र में सोर्स सेग्रीगेशन के माध्यम से व्यापक अभियान चलाकर शहर को पॉलीथीन मुक्त बनाने के साथ-साथ जैविक खाद का निर्माण भी किया जाएगा। बैठक में स्वयं सहायता समूहों की अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सदस्य महिलाएं मौजूद रही।

# आगामी रैली की तैयारियों पर मंथन

❐ भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में संगठनात्मक बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी के कुमाऊं संभाग कार्यालय में बुधवार को प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार के नेतृत्व में बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को वर्तमान में चल रहे एसआईआर अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आगामी संगठनात्मक अभियानों की रणनीति पर भी चर्चा की गई। हल्द्वानी में आगामी 21 या 22 मार्च को संभावित रूप से आयोजित होने वाली भव्य रैली की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विस्तार से



विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं से कार्यक्रमों को स्रल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आहवान किया गया। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा बलबीर धुनियाल, प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा महेंद्र सिंह नेगी, पिथौरागढ़ जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गली, विनीत अग्रवाल, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट, शंकर कोरंगा सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रवेश नियंत्रण व्यवस्था का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने स्यालीधार स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस में स्थापित सुरक्षा मानकों, सीसीटीवी कैमरों, डबल लक्क सिस्टम तथा प्रवेश-नियंत्रण व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और श्विवसनीयता बनाये रखने के लिए ईवीएम की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए निर्धारित मानकों के अनुसार नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मियों की डड्ूटी व्यवस्था और अभिलेख रजिस्टरों का भी निरीक्षण किया।

# हल्द्वानी में शुरू होगा सीजीएचएस वेलनेस सेंटर

❐ कर्मचारियों और पेंशनरों को मिलेगी चिकित्सा सुविधा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** केंद्रीय व राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उत्तराखंड सरकार ने हल्द्वानी में सीजीएचएस वेलनेस सेंटर शुरू करने की अनुमति दे दी है। इस निर्णय पर वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति समेत विभिन्न संगठनों ने खुशी जताई है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-3 की ओर से सचिव सचिन कुर्वे के हस्ताक्षर से 6 मार्च को जारी शासनादेश के अनुसार जनपद नैनीताल के हल्द्वानी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पांडे निवाड़ में सीजीएचएस वेलनेस सेंटर प्रारंभ करने की अनुमति दी गई है। शासन ने महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को संबोधित पत्र में बताया है कि मुख्य चिकित्साधिकारी नैनीताल द्वारा 19 फरवरी को भेजी गई आख्या के आधार पर जनपद नैनीताल में दो ब्लॉक सीजीएचएस वेलनेस सेंटर शुरू करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। बता दे कि हल्द्वानी में सीजीएचएस वेलनेस सेंटर नहीं होने के कारण केंद्रीय कर्मचारियों को निर्धारित चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही थी। वहीं राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों को भी इलाज के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस मामले को लेकर वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति लंबे समय से क्षेत्रीय विधायक बंशीधर भगत और वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष नवीन वर्मा के माध्यम से प्रशासन से लगातार पत्राचार कर रही थी। इसके अलावा जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ समिति की त्रिपक्षीय बैठक भी कराई गई थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हल्द्वानी दौरे के दौरान भी समिति की ओर से उन्हें ज्ञापन सौंपा गया था। शासन से अनुमति मिलने पर वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति के अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे, महामंत्री डीके पांडे, संयुक्त सचिव डीके पंत, रमेश चंद्र पांडे ने मुख्यमंत्री, वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष नवीन वर्मा, जिलाधिकारी और सीएमओ का आभार व्यक्त किया है।

## सुमित बने अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिताओं के टूर्नामेंट डायरेक्टर

**रानीखेत।** उत्तराखंड राज्य टेनिस संघ के महासचिव सुमित गोयल को देहरादून में आयोजित होने वाली दो अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिताओं का टूर्नामेंट डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। उत्तरांचल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्व पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने उनकी नियुक्ति की घोषणा की। जानकारी के अनुसार इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन जूनियर प्रतियोगिता 15 से 20 मार्च तक शांति टेनिस अकादमी देहरादून में आयोजित की जाएगी। इसके बाद ईटीएफ (सीनियर) प्रतियोगिता 21 से 25 मार्च तक परेड ग्राउंड टेनिस कोर्ट्स देहरादून में खेली जाएगी। इन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगभग 9 देशों के करीब 250 टेनिस खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यूटीए द्वारा आयोजित इन प्रतियोगिताओं का उद्घाटन 15 मार्च को उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य करेंगी।

# बाल लेखन कार्यशाला: बच्चों ने विज्ञान रंगमंच और लेखन में सीखी नई बातें

❐ बच्चों ने नाटक के लिए संवाद भी खुद तैयार किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बाल प्रहरी, भारत ज्ञान विज्ञान समिति नैनीताल और क्रिएटिव उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में नीलांचल कॉलोनी फेस-2 स्थित क्रिएटिव उत्तराखंड परिसर में आयोजित बाल लेखन कार्यशाला के तीसरे दिन बच्चों ने लेखन के साथ-साथ विज्ञान और रंगमंच से जुड़ी कई रोचक गति. विधियों में भाग लिया। कार्यशाला में बच्चों ने अपनी हस्तलिखित पुस्तक के लिए आत्मकथा, यात्रा-वृत्तांत और पहेलियां लिखी तथा आत्मकथा लेखन की बारीकियां सीखी। इस दौरान नुक्कड़ नाटक की तैयारी के लिए बच्चों ने अपने संवाद भी स्वयं तैयार किए। अल्मोड़ा से आए भारत ज्ञान विज्ञान समिति के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने बच्चों को विज्ञान के कई रोचक खेल कराए और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की अवधारणा समझाई। उन्होंने बताया कि कई तथाकथित बाबा और तांत्रिक चमत्कार के नाम पर भोली-भाली जनता को ठगते है, जबकि नारियल में आग पैदा करना, आग खाना या कागज पर चाय उबा. लना जैसे तथाकथित चमत्कार रसायनों के साधारण प्रयोगों से किए जा सकते है। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत सफदर हाशमी के गीत किताबें करती हैं बातें से हुई। राहुल और दीपांशु ने पिछले दिन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। अध्यक्ष मंडल में गुलफिजा, आरती, दीपक और मान्यता को शामिल किया गया। इस अवसर पर जगमोहन सिंह रौतेला ने बच्चों को पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। अलग-अलग समूहों में आयोजित गतिविधियों में बाल कवि सम्मेलन समूह का मार्गदर्शन दीक्षा जोशी और नुक्कड़ नाटक समूह का मार्गदर्शन उदय किरौला व प्रमोद तिवारी ने किया। कार्यशाला में वरिष्ठ साहित्यकार डा. गजेंद्र सिंह बटोही, गोविंद सिंह रावत, दयाल पांडेय, ललिता कापड़ी, विमला जोशी विभा, कहानीकार दीक्षा जोशी, मंजू पांडे आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गैस सिलेंडरों के लिए मचा हाहाकार

## 25 दिन की पाबंदी और कालाबाजारी के डर ने बढ़ाई उपभोक्ताओं की चिंता, एजेंसियों पर लगी लंबी कतारें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** खाड़ी देशों में छिड़े भीषण युद्ध की आंच अब भारतीय रसोई और औद्योगिक विकास तक पहुंचनी शुरू हो गई है। पेट्रोलियम पदार्थों और गैस की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने का सीधा असर अब आम आदमी की जेब और दैनिक जीवन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। केंद्र सरकार भले ही देश में पर्याप्त भंडार होने के दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। हालत यह है कि कल तक जो सिलेंडर एक फोन कॉल पर घर पहुंच जाता था, उसके लिए आज उपभोक्ताओं को कड़ाके की ठंड और अनिश्चितता के बीच पसीने बहाने पड़ रहे हैं। गैस आपूर्ति को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने जो कड़े कदम उठाए हैं, उन्होंने आम जनता की मुश्किलों को दोगुना कर दिया है। अब कोई भी घरेलू उपभोक्ता 25 दिन की समय सीमा पूरी होने से पहले अगला सिलेंडर बुक नहीं करा सकता है। इस पाबंदी ने विशेष रूप से उन मध्यमवर्गीय और बड़े परिवारों के सामने संकट खड़ा कर दिया है जिनकी खपत अधिक है। सरकार का तर्क है कि इस कदम से अवैध भंडारण और कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगेगी, लेकिन हकीकत में आम उपभोक्ता इस गहरे डर में जी रहा है कि यदि वर्तमान सिलेंडर बीच में ही खत्म हो गया तो अगला सिलेंडर समय पर मिल पाएगा या नहीं। इसी भारी अनिश्चितता और भय के चलते रुद्रपुर सहित पूरे कुमाऊं क्षेत्र की गैस एजेंसियों पर सुबह पांच बजे से ही लोगों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई हैं, जहां लोग घंटों अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। खाड़ी युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में जो उछाल आया है, उससे भविष्य में घरेलू कीमतों में भारी वृद्धि के संकेत भी मिल रहे हैं। आर्थिक जानकारों का मानना है कि यदि यह वैश्विक तनाव और युद्ध जल्द समाप्त नहीं हुआ, तो इसका खामियाजा देश के कृषि, परिवहन और तमाम औद्योगिक क्षेत्रों को अगले कई महीनों तक भुगतना पड़ सकता है। गैस वितरण केंद्रों पर किल्लत का आलम यह है कि घंटों लाइन में खड़े रहने और अधिकारियों से मिन्नतें करने के बाद भी कई उपभोक्ताओं को खाली हाथ ही घर लौटना पड़ रहा है। वितरण व्यवस्था में आए इस असंतुलन ने सामाजिक और आर्थिक ढांचे पर दबाव बढ़ा दिया है।

### होटल-रेस्टोरेंट कारोबार प्रभावित

> घरेलू गैस के साथ-साथ व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में आई भारी गिरावट

**रुद्रपुर।** घरेलू गैस के साथ-साथ व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में आई भारी गिरावट ने व्यापार जगत की कमर तोड़कर रख दी है। कुमाऊं क्षेत्र के होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे और छोटे भोजनालयों के सामने गैस का संकट खड़ा हो गया है। गैस एजेंसियों के पास कमर्शियल सिलेंडरों का स्टॉक बेहद सीमित हो गया है, जिससे होटल संचालकों को उनकी दैनिक जरूरत के मुताबिक ईंधन नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में शादी-ब्याह और बड़े आयोजनों का सीजन होने के कारण गैस की मांग चरम पर है, लेकिन आपूर्ति बाधित होने से कैटरर्स और टेंट संचालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उत्तराखंड जैसे पर्यटन प्रधान राज्य के लिए यह स्थिति और भी घातक सिद्ध हो रही है क्योंकि यदि होटल और रेस्टोरेंट समय पर भोजन उपलब्ध नहीं करा पाएंगे, तो इसका सीधा नकारात्मक असर देवभूमि आने वाले पर्यटकों पर पड़ेगा। व्यापारियों का स्पष्ट कहना है कि यदि सरकार ने जल्द ही कमर्शियल आपूर्ति को सुचारू नहीं किया, तो इस महंगाई के दौर में हजारों लोगों का रोजगार छिनना लगभग तय है।

### प्रशासन ने की अफवाहों से बचने की अपील

**रुद्रपुर।** प्रशासन और गैस वितरकों ने इस चुनौतीपूर्ण समय में आम जनता से धैर्य रखने और अफवाहों से बचने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि गैस की गाड़ियों की आवक में तकनीकी देरी जरूर हो रही है, लेकिन आपूर्ति को पूरी तरह बंद नहीं किया गया है। प्रशासन ने लोगों से आग्रह किया है कि वे घबराकर गैस का अनावश्यक भंडारण न करें और ईंधन का उपयोग अत्यंत संयमित ढंग से करें। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए विभाग अब उन तत्वों पर भी कड़ी नजर रख रहा है जो इस आपदा को अवसर में बदलकर अवैध मुनाफाखोरी और कालाबाजारी करने का प्रयास कर रहे हैं।

## गैस सिलेण्डर जब्त करने पर हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** छापामारी के दौरान सिलेंडर पकड़े जाने के बाद गैस उपभेक्ताओं ने भारत गैस एजेंसी के समक्ष जमकर हंगामा कर पूर्ति अधिकारी को खरी खोटी सुनाई। घरेलू गैस की कालाबाजारी को रो. कने के लिए प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुपालन में आज पूर्ति विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अनेक स्थानों पर छापामारी की। इस दौरान अवैध रूप से रखे गये दो कामर्शियल सिलेंडर सहित कई घरेलू सिलेंडर बरामद किये गये वहीं दो गैस रिफ्लिंग किट भी बरामद की गई। जब सिलेंडरों से भरा उक्त वाहन भारत गैस एजेन्सी पहुंचा तो वहां पूर्ति अधिकारी की उपभोक्ताओं से तीखी नोंकझोंक हो गई। हंगामा कर रहे उपभोक्ताओं का आरोप था कि वह सिलेंडरों की कोई कालाबारी नहीं करते हैं बावजूद इसके उनके घरों से जबरन सिलेंडर उठा लिए गये। उनके पास सिलेंडरों के सही कागजात भी मौजूद हैं जिन्हें दिखाने पर भी अधिकारी उनकी कोई बात मानने को राजी नहीं है। वहीं पूर्ति अधिकारी का कहना था कि सिलेंडरों की कालाबाजारी व अवैध रिफ्लिंग की शिकायत पर अनेक स्थानों पर छापामारी की गई। जिसमें लगभग आठ सिलेंडर व दो रिफ्लिंग किट बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के सिलेंडर जब्त किये गये है उन्हें रसीद भी दी गई है। यदि जांच के बाद सिलेंडरों की कालाबाजारी या अवैध रिफ्लिंग होना नहीं पाया गया तो सिलेंडर वापस कर दिये जायेंगे। हंगामे के बीच दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक चली कहासुनी के बाद उपभोक्ता मायूस लौट गये। इस दौरान एजेन्सी के समक्ष हंगामा होने से लोगों की भीड़ भी लग गई।

# किसानों को राहत: धान की तैयार पौध जोतने की कार्रवाई पर लगेंगी रोक

## प्रशासन ने रोकी पौध जोतने की कार्रवाई, किसान अब बेच सकेंगे अपनी पौध

> भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा की पहल से किसानों को मिली बड़ी राहत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को देखते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने प्रशासन द्वारा धान की तैयार नर्सरी (पौध) जोतने की कार्रवाई पर कड़ा संज्ञान लिया। इस मामले में उन्होंने जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर से फोन पर बातचीत की और गदरपुर में उपजिलाधिकारी तथा स्थानीय किसानों के साथ बैठक कर समाधान निकाला।

बैठक में निर्णय लिया गया कि किसानों की तैयार पौध को जोतने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाएगी। जिन किसानों ने धान की पौध तैयार कर ली है, उन्हें आर्थिक नुकसान से बचाने के लिए पौध बेचने की अनुमति दी जाएगी। किसान अपनी पौध निचले क्षेत्रों के किसानों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के किसानों को भी बेच सकेंगे। बैठक के दौरान गुंजन सुखीजा ने उपजिलाधिकारी से आग्रह किया कि प्रशासन की ओर से पौध जोतने की कार्रवाई को तुरंत रोका जाए और किसानों को अपनी तैयार पौध बेचने की अनुमति दी जाए। इस पर उपजिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि किसानों की पौध नहीं जोती जाएगी और वे निर्धारित क्षेत्रों के किसानों को अपनी पौध बेच सकेंगे।

बैठक के बाद गुंजन सुखीजा ने कहा कि किसान देश के अन्नदाता हैं और उनकी मेहनत को इस तरह नष्ट नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा पौध जोतने की कार्रवाई से किसानों में रोष और आर्थिक संकट की स्थिति बन रही थी। प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर यह सुनिश्चित किया गया है कि किसानों को किसी प्रकार का नुकसान न हो और वे नियमों का पालन करते हुए अपनी पौध बेच सकें।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, भाजपा नेता भोला शर्मा, प्रधान विकास राय, बलजीत सिंह, प्रणव विश्वास सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# रैली निकाल बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** बीएसवी कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) के सात दिवसीय शिविर (दिन-रात) के तीसरे दिन चयनित ग्राम- सूरजपुर में रैली निकालकर ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। रैली में एनएसएस की स्वयंसेवी छात्राओं का मुख्य फोकस दो बिंदुओं पर रहा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओव नशा उन्मूलन कार्यक्रम रहा।

रैली के उपरान्त छात्राओं एवं ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डा. गीता जोशी ने बेटियों का साक्षर होना, पढ़ाना आज के समय में बहुत महत्त्वपूर्ण है।पढ़ी लिखी बेटी अपने अधिकार एवं कर्तव्यों को भली भाँति समझती है और उसका पालन भी करती है। इस अवसर पर अनेक ग्रामीण, महिलाएं, पुरुष, सुषमा त्यागी, शिवानी पुष्पक, श्वेता, नाजिश, अपूर्वा, लवप्रीत डा. गीता जोशी, राकेश शर्मा, पुष्पेन्द्र, गौरव डा. कुर्तुल आदि उपस्थित रहे।

# निदेशक कोयला व डिप्टी सेक्रेटरी डिफेंस ने आकांक्षी ब्लाक गदरपुर का किया भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** निति आयोग भारत सरकार द्वारा जनपद के गदरपुर विकास खण्ड आकांक्षी ब्लाक चयनित है। आकांक्षी विकास खण्ड के अन्तर्गत नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा विभिन्न संकेतांकों में आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम हेतु 6 संकेतांक को चयनित करते हुए 28 जनवरी से 14 अप्रैल, 2026 तक संकेतांको का पूर्ण रूप से संतृप्तिकरण के निर्देश दिये। संकेतांकों में मुख्य रूप से शिक्षा, स्वास्थ, टीकाकरण, पोषण आदि के संकेतांको को सम्मलित किया गया है।

निदेशक कोयला मंत्रालय भारत सरकार दीपक गोयल व डिप्टी सेक्रेटरी डिफेंस भारत सरकार संजय कुमार की टीम ने बुधवार को आकांक्षी ब्लाक गदरपुर का भ्रमण कर विभिन्न कार्यो योजना कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होने मलकीत डेरी एवं ब्रीड मल्टीप्लिकेशन फार्म ग्राम रजपुरा नं.-02 गदरपुर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय रजपुरा, आंगनबाड़ी केन्द्र रजपुरा नं.-1, अक्षयपात्र किचन गदरपुर, आयुषमान आरोग्य मंदिर आदर्श नगर गदरपुर, विशाल मण्डल द्वारा नारायणपुर में बर्मी कम्पोस्ट, पुष्प उत्पादन, मत्स्य पालन व ग्राम पिपलिया में अमृत सरोवर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि आकांक्षी ब्लांक में जनता को सभी योजनाओं का समुचित लाभ मिल रहा है। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने आकांक्षी विकास खण्ड में किए जा रहे योजना कार्यो व उनके क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारिया निरीक्षण के दौरान दी।

निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकत्साधिकारी डा. आशुतोष जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी डा. वीके यादव, मुख्य उद्यान अधिकारी एसके शर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसपी सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य संजय छिमवाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील,जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, खण्ड विकास अधिकारी आतिया परवीन आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय (विशेष शिविर) का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** आरएलएस मेमोरियल डिग्री कॉलेज किशनपुर जसपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय (विशेष शिविर) का आयोजन बुधवार को राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धर्मपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से ग्राम प्रधान नीशू रानी एवं उप ब्लाक प्रमुख विमल कुमार एवं उपप्रधानाचार्य अलका सक्सेना द्वारा किया गया।

सर्वप्रथम मां शारदे की वंदना की गई और स्वागत गीत के द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा समस्त स्वयं सेवियों को सामाजिक सेवा ,अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया गया। स्वयंसेवियों द्वारा ईश प्रार्थना,एन एस एस लक्ष्य गीत तथा संकल्प गीत की प्रस्तुति की गई। अमनदीप ने विद्यालय पर रचित एक गीत उत्तराखंड की हरियाली में न्यारा स्कूल की प्रस्तुति की । कार्यक्रम अधिकारी द्वारा शिविर में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा को स विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवियों को समाज सेवा के प्रति समर्पित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान नीशु रानी उप ब्लाक प्रमुख विमल कुमार एवं अलका सक्सेना एवं संचालन प्रीति वर्मा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय सचिव इं विनय चौहान डॉक्टर भुवनेश कुमारी, विमल कुमार,नीशु रानी विवेक कुमार, सुभाष चंद्र, गीता रिंकी चौहान ,प्रीति वर्मा ,शिवानी चौहान ,कुणाल चौहान ,विवेक चौहान ,दीपक कुमार चौहान, मोहम्मद सलीम विवेक कुमार वत्सल, मोहम्मद राशिद,अर्जुन सिंह, पिंकी महिपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# ब्रह्मलीन स्वर्ग फार्म वाले देवी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकली भव्य कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ब्रह्मलीन स्वर्ग फार्म वाले देवी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकली भव्य कलश यात्रा आदर्श कॉलोनी स्थित वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम (प्राचीन श्री वैष्णो देवी मंदिर) से वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी ब्रह्मलीन मां हंसेश्वरी भारती महाराज की सत प्रेरणा में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा पूज्यनीय स्वर्ग फार्म वाली देवी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित भागवत कथा की पूर्व संध्या पर निकाली गई जिसमें भक्तों का हुजूम उमड़ा।

कलश यात्रा से पूर्व पंडित जी ने भागवत जी का विधि विधान से पूजन कर व संकीर्तन के साथ किया गया। यात्रा में ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ, एक सुंदर रथ पर विराजमान पूज्यनीय देवी का आकर्षक स्वरूप, भगवान कृष्ण की झांकी, दुर्गा माता की झांकी, और इस्कॉन मंदिर से आई भक्त मंडली शामिल थी। महिलाओं में सिर पर कलश और झंडे लेकर शोभा यात्रा की शोभा बढ़ाई। यह कलश यात्रा वैष्णो द्वार से होते हुए अग्रवाल धर्मसभा, भगत सिंह चौक, पांच मंदिर, दुर्गा मंदिर, और मुख्य बाजार जैसे अनेक स्थानों से गुजरी, जहां का विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया यात्रा का नेतृत्व पूज्यनीय संत कथा व्यास नारायण चैतन्य महाराज और महंत मनीष सलूजा ने किया।



इस अवसर पर मंदिर महंत भजन प्रकाश अरोड़ा, श्याम खुराना, महापौर विकास शर्मा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, संजय ठुकराल, भारत भूषण चुग, राजीव अनेजा, सतनाम सिंह, पवन डाबरा, कपिल, राजेश आनंद, नरेश घई, राजीव ग्रोवर, जगदीश अरोड़ा, जिगर गुंबर, लक्ष्य शर्मा, अंकित चौधरी, जितेंद्र, अशोक कुमार, गौरव गुंबर, सन्नी, हरीश अरोड़ा, दीपक नारंग, सुखवीर सिंह, प्रमोद साहनी, गोविंद राय, गणेश राय, राजेंद्र पाल, अमन पाल, अजय पल, कमल पाल, रोहित पासी, सुरेंद्र गुंबर, कंचन, सुनीता अरोड़ा, सुखवीर मली, प्रीति ग्रोवर, कविता सोढ़ी, राम जी, निशा, गगन गुंबर, मन्नू सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। यात्रा का उद्देश्य भक्ति और श्रद्धा का प्रसार करना था, और इसने क्षेत्र के लोगों में उत्साह और आनंद का संचार किया।

# युवाओं की उम्मीदों और विभिन्न मुद्दों पर खुलकर बोले रावत

> रामनगर में युवा आकांक्षा कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में आयोजित युवा आकांक्षा कार्यक्रम युवाओं की बात हरीश रावत के साथ, कार्यक्रम में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने युवाओं की आकांक्षाओं, धार्मिक मुद्दों, गैरसैंण और पर्यटन नगरी में गैस संकट जैसे कई विषयों पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि युवा आकांक्षा एक बेहद महत्वपूर्ण विषय है, जिसे समझना समाज, राज्य और देश के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि कई युवा साथियों, जिनमें संजय नेगी, आनंद रावत और अन्य युवाओं ने उनसे आग्रह किया कि वे युवाओं के साथ बैठकर उनकी बात सुनें। इसी उद्देश्य से वह रामनगर आए हैं। उन्होंने कहा कि वह यहां युवाओं की




आकांक्षाओं को समझने और उनकी समस्याओं को जानने के लिए पहुंचे हैं, यदि युवाओं के सुझावों में कोई ऐसी बात सामने आती है जिसमें उनकी भूमिका या मार्गदर्शन की आवश्यकता होगी, तो वह उसे आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व दर्जा राज्यमंत्री पुष्कर दुर्गापाल, डॉक्टर निशांत पपने, मिथलेश डंगवाल, नवीन सती, आनंद सिंह रावत, सुमित लोहनी, ताईफ खान, किशन कुमार, मनोज पांडे, अभिमन्यु डंगवाल, तनुज दुर्गापाल, सचिन कुमार, ललित कड़ाकोटी, कुलदीप शर्मा, अब्दुल कादिर, अब्दुल रहमान, रचना रावत, राहुल डंगवाल, गोपु अधिकारी, उस्मान सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### स्मैक के साथ नशा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे कार्यवाही अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में चौकी इंचार्ज बाजार उ.नि. भूपाल राम पोरी द्वारा मय पुलिस टीम के गस्त के दौरान चांस रिकवरी में जसपुर क्षेत्र से अभियुक्त इमरान उर्फ मिस्त्री पुत्र मो. इशाक निवासी नई बस्ती थाना जसपुर को 04.27 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी, एसएसआई जावेद मलिक, एसआई भूपाल राम पोरी, का. कुलदीप सिंह, एचजी दीक्षित आदि शामिल रहे।

### नानकसागर डाम पार बसे ग्राम गिधौर का राजू करता हैं स्मैक की सप्लाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस की टीम ने मादक पदार्थ के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

बुधवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस ने नशे के विरुद्ध में चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत नानकसागर डैम किनारे बन्दे पर स्थित छठ पूजा स्थल के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया जिसकी तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 3. 05 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा पुत्र करनैल सिंह निवासी ग्राम सिद्धा नवदिया नानकमत्ता बताया ,पकड़े गए आरोपी ने बताया की ग्राम गिधौर का रहने वाला राजू नाम का लड़के ने उसे डैम किनारे बंदे बंदे गिधौर को जाने वाले इसी रास्ते पर थोड़ा आगे स्मैक देने बुलाया था। पुलिस ने पकड़े गए आरा. पों के विरुद्ध 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आरोपी का चालान कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पकड़ने वाली टीम में कोतवाली कस्बा इंचार्ज उप निरीक्षक सुनील कुमार, मुख्य आरक्षी नवनीत कुमार, मुख्य आरक्षी जयकुमार शामिल है। ढ

### हाथी की चहल-कदमी, ग्रामीणों में सतर्कता

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** क्षेत्र के बन्नाखेड़ा रेंज की बरहैनी बीट में बुधवार को एक हाथी की चहल-कदमी देखी गई। जंगल से सटे क्षेत्र में हाथी के आने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों में सतर्कता बढ़ गई। सूचना मिलने पर वन विभाग को भी अवगत करा दिया गया है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे खेतों और जंगल की ओर जाते समय सावधानी बरतें तथा हाथी के पास जाने का प्रयास न करें। वन विभाग की टीम क्षेत्र पर नजर बनाए हुए है।

### खटीमा में घरेलू गैस वितरण व्यवस्था फिलहाल सामान्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**खटीमा।** प्रदेश के कई हिस्सों से घरेलू गैस की किल्लत की खबरें सामने आ रही हैं, लेकिन सीमांत क्षेत्र खटीमा में फिलहाल गैस वितरण व्यवस्था सामान्य बनी हुई है। खटीमा में कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा संचालित खटीमा इंडेन गैस सर्विस उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस उपलब्ध करा रही है।

> 15 दिन की जगह अब होगी 25 दिन बाद बुकिंग, डीएससी कोड अनिवार्य

गैस एजेंसी के मैनेजर दिनेश तिवारी के अनुसार वर्तमान में उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है और गैस वितरण सुचारू रूप से किया जा रहा है। हालांकि गैस बुकिंग को लेकर मिले नए निर्देशों के तहत अब उपभोक्ताओं को 25 दिन बाद ही गैस बुकिंग करनी होगी, जबकि पहले यह अवधि 15 दिन थी। डीएससी कोड के बाद ही गैस वितरण किया जाएगा। इसके अलावा खटीमा की भारत गैस और शिव इंडेन जैसी निजी गैस एजेंसियों में भी गैस की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। एजेंसी प्रबंधकों ने उपभोक्ताओं से घबराने की जरूरत नहीं होने की अपील करते हुए कहा कि फिलहाल खटीमा में गैस वितरण व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। वहीं खटीमा के पूर्ति अधिकारी हयाद सिंह बुंगला के अनुसार खटीमा तहसील क्षेत्र में संचालित तीनों गैस एजेंसियों द्वारा फिलहाल घरेलू गैस वितरण व्यवस्था सामान्य रूप से सुचारू की जा रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल उपभोक्ताओं को पर्याप्त गैस का वितरण किया जा रहा है।

### अंबेडकर पार्क व बारात घर का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बाजपुर के ग्राम रतनपुरा में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क एवं भवन निर्माण के लिए सरकार द्वारा जमीन उपलब्ध कराए जाने के बाद करीब 55 लाख रुपये के बजट की स्वीकृति मिली है। इस बजट से यहां बारात घर, चारदीवारी तथा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

बुधवार को ग्रामीणों के साथ पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर राजेश कुमार ने कहा कि यहां बाबा साहब की सुंदर प्रतिमा और बारात घर का निर्माण होगा, जो क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए उपयोगी साबित होगा। इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री मंजीत सिंह राजू, भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरमुख सिंह, रामावतार पंडित, मुन्नू सिंह, यशपाल सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश गुप्ता, राजेश सैनी, टिंकू तोमर, डॉ. अजीत मलिक, धर्मपाल, प्रेमलाल, कृष्ण कुमार, रितु अग्रवाल, तेजवीर चौधरी, शमशाद, जुनैद हुसैन, पॉल कश्यप सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम को चलाया टीकाकरण अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान का अति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगने शुरू हो गए हैं। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से (एचपीवी) टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उपकेंद्रों में डॉ. खालिद यूनुस लोन की देखरेख में संचालित किया जाएगा।

इस अभियान के अंतर्गत पात्र किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। जिससे भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को कम किया जा सके। टीकाकरण बुधवार और शनिवार को छोड़कर अन्य सभी कार्यदिवसों में उपलब्ध रहेगा।

सभी पात्र लाभार्थियों से अनुरोध किया है। कि वे निर्धारित समय पर टीकाकरण करवाकर इस गंभीर बीमारी से बचाव सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग की ओर से यह भी अपील की जाती है। कि अधिक से अधिक लोग इस अभियान की जानकारी फैलाएं।ताकि ज्यादा से ज्यादा किशोरियों को इसका लाभ मिल सके।

# बीएससी नर्सिंग छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** राजकीय नर्सिंग कॉलेज में बीएससी नर्सिंग प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीपिका सेसिल खाखा, नर्सिंग एडवाइजर, भारत सरकार) ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर विद्यार्थियों को संबोधित किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नर्सिंग सेवा, करुणा और मानवता का प्रतीक है। विद्यार्थियों को नर्सिंग की शपथ के अनुसार रोगियों की सेवा निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रश्मि रावत की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं ने नर्सिंग की शपथ ली, जिसमें रोगियों की गोपनीयता बनाए रखने, बिना किसी भेदभाव के सेवा करने तथा चिकित्सा नैतिकता का पालन करने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. चक्रपाणि चतुर्वेदी ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा कार्यक्रम का मंच संचालन दीपिका शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एसीएमओ चम्पावत डॉ. इन्द्रजीत पांडेय उपस्थित रहे। साथ ही विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राएं एवं कॉलेज के फैकल्टी सदस्य भी समारोह में उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी छात्र-छात्राओं ने नर्सिंग की शपथ लेते हुए समाज सेवा और मानव जीवन की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

# प्रथम हिमालयन कल्चरल कॉर्निवाल की तैयारी तेज

■ जिलाधिकारी ने दिए समितियों के गठन के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई की अध्यक्षता में जनपद में प्रस्तावित प्रथम हिमालयन कल्चरल कॉर्निवाल के सफल आयोजन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कॉर्निवाल के आयोजन, व्यवस्थाओं तथा विभिन्न गति. विधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि इस कॉर्निवाल में हिमालयी राज्यों जैसे लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश सहित उत्तर-पूर्वी राज्यों ख्र मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, मणिपुर, असम, अरुणाचल प्रदेश एवं त्रिपुरा को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि हिमालयी क्षेत्रों की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं एवं लोक कलाओं का व्यापक प्रदर्शन किया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कॉर्निवाल के आयोजन हेतु सर्वप्रथम विभिन्न समितियों का



गठन कर उनकी जिम्मेदारियाँ स्पष्ट रूप से निर्धारित की जाएं। कॉर्निवाल के सुचारु संचालन हेतु विभिन्न समितियों के गठन पर भी चर्चा की गई, जिनमें मंच निर्माण समिति, स्वागत सत्कार समिति, निमंत्रण समिति, आवास समिति तथा प्रचार-प्रसार समिति सहित अन्य समितियाँ शामिल रहेंगी। साथ ही विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किए जाने पर भी विचार किया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि कॉर्निवाल का आयोजन देव सिंह मैदान एवं रामलीला मैदान, पिथौरागढ़ में किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि हिमालयन कल्चरल कॉर्निवाल के अंतर्गत विविध सांस्कृतिक, पारंपरिक, खेल एवं साहसिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें छोलिया नृत्य, रम्मान नृत्य, हिल जात्रा, रं समाज का शौका नृत्य, भजन संध्या, ऐपण प्रतियोगिता, पुलिस एवं आर्मी बैंड प्रस्तुति, फैशन शो, स्कूल के बच्चों के कार्यक्रम तथा स्टार नाइट जैसे आकर्षक कार्यक्रम शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त कॉर्निवाल के दौरान फूड फेस्टिवल, शिल्पकार दीर्घा, फोटोग्राफी प्रदर्शनी, पेंटिंग इंटर-स्कूल प्रतियोगिता, थिएटर कार्यक्रम, फिल्म फेस्टिवल तथा एस्ट्रो टूरिज्म (ब्रह्मांड दर्शन) जैसे आयोजन भी प्रस्तावित हैं, जिनमें स्थानीय कलाकारों एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स एवं प्री-इवेंट गतिविधियों के अंतर्गत शतरंज, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, बाइक रैली, योग कार्यक्रम सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन पर भी चर्चा की गई। साथ ही साहसिक पर्यटन गतिविधियों के अंतर्गत राफ्टिंग, ट्रैकिंग, पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलूनिंग, रॉक क्लाइंबिंग जैसी गतिविधियों के आयोजन की भी योजना बनाई जा रही है, जिससे जनपद पिथौरागढ़ के पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि हिमालयन कल्चरल कॉर्निवाल को भव्य, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक आयोजन के रूप में आयोजित करने हेतु आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि यह कार्यक्रम पिथौरागढ़ एवं राज्य की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी, अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक गोविंद बल्लभ जोशी, जिला पर्यटन विकास अधिकारी कीर्ति आर्या सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर


### अभियुक्त के कब्जे से एक नाजायज चाकू बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** कोतवाली पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए ग्राम बरी अंजनिया निवासी अजीत विश्वास पुत्र चितरंजन विश्वास के कब्जे से एक रामपुरी नाजायज चाकू बरामद किया। वहीं अभियुक्त के खिलाफ कोतवाली खटीमा में धारा 25 (1ख)(ख) शस्त्र अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई।

### विधानसभा में उठाया बाजपुर के 20 गांवों को मालिकाना हक दिलाने का मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** उत्तराखण्ड विधानसभा के बजट सत्र-2026 के दौरान गदरपुर विधायक अरविन्द पाण्डेय ने बाजपुर, जनपद ऊधम सिंह नगर के 20 गांवों की भूमि पर मालिक. ाना हक दिए जाने का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने नियम 300 के अंतर्गत इस संबंध में ध्यान आकर्षण का प्रश्न लगाया। लोक महत्व से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी ने स्वीकार कर लिया है। विधायक अरविन्द पाण्डेय द्वारा उठाए गए इस मुद्दे को क्षेत्र के ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग से जोड़ा जा रहा है। अब इस विषय पर सदन में चर्चा होने की संभावना है, जिससे क्षेत्र के लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### पुलिस ने 11 ई-रिक्शा पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली पुलिस ने नियमों का पालन न करने वाले ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ अभियान चलाते हुए 11 ई-रिक्शा पकड़कर हिरासत में ले लिए। पुलिस की इस कार्रवाई से ई-रिक्शा चालकों में हड़कंप मच गया। पुलिस का कहना है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का पालन न करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एक देश के कारण आज पूरी दुनिया में छाया है संकटः ललिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** महिला एकता मंच द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित पखवाड़े के तहत ग्राम मालधन क्षेत्र में युद्ध विरोधी सभा का आयोजन किया गया। सभा में महिलाओं ने अमे. रिका और इजरायल द्वारा ईरान और लेबनान पर किए गये हमले को आतंकवादी हमला करार देते हुए इसके खिलाफ पूरी दुनिया की जनता से उठ खड़े होने की अपील की।



ग्राम मालधन चंद्रनगर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए महिला एकता मंच की संयोजक ललिता रावत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मजदूर महिलाओं के अपने अधिकारों के लिए संघर्षों को याद करने के लिए मनाया जाता है, लेकिन आज भाजपा और कांग्रेस जैसे दलों ने महिला दिवस के कार्यक्रम को महिला संगीत जैसे नाचने गाने के कार्यक्रमों में तब्दील कर, इसकी विरासत के साथ मजाक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी महिलाओं के साथ दूसरे दर्जे का व्यवहार किया जाता है। कानून की किताबों में समानता का अधिकार मिलने के बावजूद भी घर,समाज, दफ्तर व कार्य स्थल हर जगह महिलाओं के साथ गैर बराबरी एवं उनका यौन उत्पीड़न किया जाता है। भगवती ने कहा कि महिला दिवस महिलाओं को एकजुट होकर, समानता, स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने का संकल्प लेने का दिन है। यहां मुनीष कुमार, विनीता टम्टा, नीलू रस्तोगी, विद्यावती शाह, सरला आर्य, सुमन लता, गिरीश चंद्र आदि थे।

### राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा 15 मार्च को


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड प्रदेश के सभी विकास खंडों में निर्धारित 110 परीक्षा केंद्रों पर 15 मार्च रविवार को राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा और कक्षा 7, 8, 9 और 11 में प्रवेश के लिए पार्श्व प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

बोर्ड सचिव विनोद प्रसाद ने बताया कि कक्षा 6, 7 और 8 के लिए परीक्षा का समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक निर्धारित है, और कक्षा 9 और 11 के लिए परीक्षा का समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित है।इस परीक्षा में बैठने के लिए, कक्षा 6 में प्रवेश के लिए उम्मीदवार की आयु 1 अप्रैल 2026 को 9 से 13 वर्ष के बीच होनी चाहिए, यानी उम्मीदवार का जन्म 1 अप्रैल 2013 से 31 मार्च 2017 के बीच हुआ होना चाहिए। कक्षा 7 और 8 में प्रवेश के लिए, उम्मीदवार की आयु 1 अप्रैल 2026 को 11 से 14 वर्ष के बीच होनी चाहिए, यानी उम्मीदवार का जन्म 1 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2015 के बीच हुआ होना चाहिए। कक्षा 9 में प्रवेश के लिए, उम्मीदवार की आयु 1 अप्रैल 2026 को 14 से 16 वर्ष के बीच होनी चाहिए, यानी उम्मीदवार का जन्म 1 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2012 के बीच हुआ होना चाहिए। कक्षा 11 में प्रवेश के लिए, उम्मीदवार की आयु 1 अप्रैल 2026 को 16 से 18 वर्ष के बीच होनी चाहिए, यानी उम्मीदवार का जन्म 1 अप्रैल 2013 से 31 मार्च 2017 के बीच हुआ होना चाहिए। अप्रैल 2008 से 31 मार्च 2010 तक। पात्र उम्मीदवारों के लिए प्रवेश पत्र उप/ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय द्वारा वितरित किए जाएंगे। पात्र उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा में शामिल होने के लिए उन्हें परीक्षा की तिथि, यानी 15 मार्च 2026 को सुबह 10:00 बजे तक अपने प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है। यदि किसी पात्र उम्मीदवार को अपना प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं होता है या वह खो जाता है, तो वे परीक्षा की तिथि, यानी 15 मार्च 2026 को सुबह 9:00 बजे तक नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होकर नि:शुल्क प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### ईमानदारी की मिसाल बने यातायात पुलिसकर्मी हेम माहरा, जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**लोहाघाट टैक्सी स्टैंड पर मिला 34 हजार से भरा पर्स महिला को लौटाया**

**चम्पावत।** जनपद में ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणादायक मिसाल पेश करने वाले लोहाघाट थाना क्षेत्र में तैनात यातायात पुलिस के जवान हेम माहरा को जिलाधिकारी मनीष कुमार ने सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनकी सराहना की। 58 वर्षीय हेम माहरा ने हाल ही में ड्यूटी के दौरान लोहाघाट टैक्सी स्टैंड के पास एक लावारिस पर्स बरामद किया था। पर्स में 34 हजार से अधिक की नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज मौजूद थे। ईमानदारी का परिचय देते हुए उन्होंने पर्स के वास्तविक स्वामी की तलाश की और बाराकोट निवासी मंजू देवी तथा उनकी पुत्री सपना को पूरा सामान और धनराशि सुरक्षित लौटा दी। हेम माहरा इससे पहले भी कई बार अपनी संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दे चुके हैं। उन्होंने कई बार बिछड़े बच्चों को उनके परिजनों से मिलवाने, यात्रियों का खोया हुआ सामान लौटाने और जरूरतमंदों की मदद करने जैसे कार्य किए हैं। एक बार उन्होंने कुत्ते के काटने से घायल महिला को स्वयं अस्पताल पहुंचाकर उनका उपचार भी करवाया था। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने हेम माहरा की सराहना करते हुए कहा कि 58 वर्ष की आयु में भी उनकी ऊर्जा, ईमानदारी और सेवा भाव पुलिस विभाग के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि समाज और विभाग के अन्य कर्मचारियों को भी उनके इस समर्पण से प्रेरणा लेनी चाहिए।

# मानसखंड मंदिर माला मिशन को गति देने में जुटा प्रशासन

■ जिलाध्किारी ने विकास कार्यों की प्रगति पर की सख्त समीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मानसखंड मंदिर माला मिशन को धरातल पर तेजी से उतारने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। बुधवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में मिशन के अंतर्गत प्रस्तावित मंदिरों के विकास कार्यों और भावी योजनाओं पर विस्तार से मंथन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने मिशन के प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण के अंतर्गत चिन्हित मंदिरों में अवस्थापना विकास, श्रद्धालुओं की सुविधाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति की बिंद. ुवार समीक्षा की।

प्रथम चरण में शामिल प्रमुख मंदि. रों पाताल रुद्रेश्वर गुफा, मां पूर्णागिरि मंदिर, मां बाराही मंदिर (देवीधुरा) और बालेश्वर मंदिर में चल रहे कार्यों की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों से विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि इन पौराणिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सड़क मार्ग सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता व्यवस्था, पार्किंग और अन्य मूलभूत सुविधाओं के कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। बैठक में मिशन के द्वितीय चरण में प्रस्तावित गोल्ज्यू मंदिर, रीठा मीठा साहिब और देवीधार मंदिर तथा तृतीय चरण में शामिल गुरु गोरखनाथ मंदिर और मानेश्वर मंदिर के विकास की भावी कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, उपजिलाधिकारी सदर अनुराग आर्या, उपजिलाधिकारी लोहाघाट नीतू डांगर, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत कमलेश सिंह बिष्ट, जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट, अधिशाषी अभियंता मोहन पलड़िया व हितेश कांडपाल, एसडीओ वन विभाग सुनील कुमार सहित विभिन्न प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

■ दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जनपद में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों, जागरूकता अभियानों तथा सड़क सुधार कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था में सुधार तथा सड़क सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करना रहा। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सड़क मार्गों से जुड़े सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां त्वरित सुधारात्मक एवं सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित किए जाएं। बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) शिवांश काण्डपाल ने बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन, विद्यार्थियों एवं वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा फरवरी 2026 माह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत जनपद के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें छात्रों को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग तथा सुरक्षित वाहन संचालन के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद की सभी ग्रामीण एवं मुख्य सड़कों पर दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित कर क्रैश बैरियर, साइन बोर्ड, रिफ्लेक्टर एवं चेतावनी संकेतक अनिवार्य रूप से लगाए जाएं।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे ने नगर क्षेत्र में ट्रैफिक पार्क के निर्माण का सुझाव भी दिया, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग जीवन सिंह ह्यांकि, अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) शिवांश कांडपाल सहित परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर मिलने में जनता को हो रही परेशानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** खाड़ी देशो में चल रहे युद्ध का असर घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर पर दिखना शुरू हो गया है। जसपुर में कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होती हुई दिखाई दी है। इसके अलावा घरेलू गैस सिलेंडरों की बुकिंग की समय सीमा भी अब 15 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दी गई है। वहीं सिलेंडर की कीमत को भी बढ़ा कर 941.5 रुपये कर दी गई।

बता दे कि तेल कंपनियों ने घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में वृद्धि कर मंदी की मार झेल रहे गरीब और मध्यम परिवार के लोगों को तगड़ा झटका दिया है। वही जसपुर की इंडेन और भारत गैस एजेंसी पर गैस बुकिंग न होने से जनता की भीड़ उमड़ रही है। स्थानीय लोगो का आरोप है की चार पांच दिन पहले से गैस बुक करने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा है। वहीं फोन पर गैस बुकिंग नहीं हो पा रही है।

गैस एजेंसी पर जाने के बाद भी गैस बुकिंग में दिक्कत हो रही है। खाद्य आपूर्ति अधिकारी मुकुल गर्जोला के मुताबिक सरकार के दिशा निर्देश पर एलपीजी गैस सिलेंडर की प्राथमिकताएं तय कर दी गई है। जिसमें मुख्य रूप से घरेलू उपभोक्ताओं को पहली प्राथमिकता के तौर पर शामिल किया गया है। सेकंड प्राथमिकता में होटल रेस्टोरेंट कारोबारी शामिल हैं। गैस की कालाबाजारी करने वालों पर भी प्रशासन की टीम नजर रख रही है। पूर्ति अधिकारी ने बताया कि सरबर हैंग होने से बुकिंग नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि उपभोगता व्हासअप पर गैस बुक कर सकते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से संयम और सहयोग देने की अपील की है।

# प्रशिक्षण शिविर की बनाई रूपरेखा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से भाजपा पिरुमदारा मण्डल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा पीरुमदारा मण्डल अध्यक्ष बलदेव रावत ने की।

बैठक में आगामी प्रशिक्षण शि. विर की रूपरेखा संगठनामक तैयारी एवम कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की।

इस दौरान बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद प्रतिनिधि इंदर सिंह रावत,भाजपा जिला महामंत्री रंजन बरगली,भाजपा जिला उपाध्यक्ष नितिन राणा,प्रदेश कार्यकरणी सदस्य उर्मिला रावत,कार्यक्रम संयोजक कपिल रावत, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सैयद अली नकवी आदि मौजूद रहे।






















**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक:-875/नामा. सूचना / 2025-26 दिनांक-11-03-2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-01 क्रमांक 137 पर श्री राजेश कुमार शुक्ला पुत्र श्री प्रयाग नारायण शुक्ला का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 192 रू० वार्षिक है। इकरारनामा बिक्रीनामें के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री ऋषभ अरोरा पुत्र स्व. कृष्ण कुमार अरोरा निवासी वार्ड नं. 01, करतारपुर रोड गदरपुर, ऊधम सिंह नगर के जरिए अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक:-874/नामा. सूचना / 2025-26 दिनांक-11-03-2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-04 क्रमांक 01 पर श्री महेन्दर सिंह पुत्र श्री सुरजन सिंह का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 442 रू० वार्षिक है। जिनकी दिनांक 10.09.2006 को मृत्यु हो चुकी है। अपसी बंटवारे के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री रशपाल सिंह पुत्र स्व. महेन्द्र सिंह निवासी वार्ड नं. 04, सकैनिया रोड गदरपुर, ऊधम सिंह नगर ने अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि श्रीनगर (केंद्रीय विश्वविद्यालय) के कुलपति की नियुक्ति को निरस्त (क्वैश) करने का मामला**

# हाईकोर्ट ने सुना सभी पक्षों को, निर्णय रखा है सुरक्षित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हेम.वती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्व.विद्यालय श्रीनगर (केंद्रीय विश्व.विद्यालय) के कुलपति की नियुक्ति को निरस्त (क्वैश) करने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने सभी पक्षों को सुनने के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया है। मामले के अनुसार प्रो. नवीन प्रकाश नौटियाल ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि कुलपति की नियुक्ति केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षकों तथा अन्य अकादमिक स्टाफ की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएँ एवं उच्च शिक्षा में मानकों के अनुरक्षण के उपाय) विनियम 2018 के प्रावधानों का उल्लंघन करने के खिलाफ हुए है। यह कि



यूजीसी विनियमों तथा विज्ञापन में निर्धारित स्वयं की पात्रता शर्तों के उल्लंघन में प्रो. प्रकाश सिंह की कुलपति के रूप में निरंतर बनी हुई जिनकी नियुक्ति मनमानी एवं अवैध है। यह मेरिट आधारित नियुक्तियों की पवित्रता को क्षति पहुँचाती है। उपर्युक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों के ख्र्ष्टिगतए याचिकाकर्ता के पास इस न्यायालय के समक्ष भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के अंतर्गत वर्तमान याचिका प्रस्तुत करने के अतिरिक्त कोई अन्य वैकल्पिकए प्रभावी एवं पर्याप्त उपाय मुहैया नहीं है कयोंकि कुलपति की नियुक्ति यूजीसी विनियम 2018 की विनियम 7.3 के प्रतिकूल है जिसमें विश्व.विद्यालय में प्रोफ़ेसर के रूप में न्यूनतम दस वर्षों के अनुभव की अनिवार्यता निर्धारित की गई है कयोंकि प्रो. सिंह का भारतीय लोक प्रशासन संस्थान में चेयर प्रोफेसर के रूप में अनुभव को विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के समकक्ष नहीं माना जा सकता कयोंकि आईआईपीए न तो कोई विश्वविद्यालय है और न ही यूजीसी मानदंडों द्वारा शासित संस्था है कयोंकि शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञापन में पात्रता को स्पष्ट रूप से विश्वविद्यालय में प्रोफ़ेसर के रूप में 10 वर्ष तक सीमित किया गया था जिससे किसी भी प्रकार की समकक्षता या प्रतिस्थापन की कोई गुंजाइश नहीं रहती। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न निर्णयों में यह बार बार प्रतिपादित किया गया है कि चयन समिति चयन प्रक्रिया के मध्य में किसी सार्वजनिक पद हेतु नियुक्ति की पात्रता शर्तों को परिवर्तितध्शिथिल नहीं कर सकती कयोंकि ऐसी मनमानी नियुक्तियाँ शैक्षणिक संस्थानों की निष्पक्षता एवं अखंडता में जनविश्वास को क्षीण करती हैं तथा संविधान के अनुच्छेद 14 के अंतर्गत समानता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती हैं। यह स्थापित विधि है कि किसी सार्वजनिक पद पर नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुरूप ही की जानी चाहिए तथा संपूर्ण प्रक्रिया में कोई भी मनमानी नहीं होनी चाहिए।

## हाईकोर्ट ने लगाई सडक निर्माण पर रोक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पिथौरागढ़ जिले की तहसील थल का ग्राम सुनेती में वन विभाग की भूमि में बिना वन विभाग की अनुमति लिए कुछ लोगो के द्वारा अपने घरों तक बनाई जा रही सड़क निर्माण को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ ने सडक निर्माण पर रोक लगाते हुए सचिव वन उत्तराखंड सरकार से जवाब दाखिल कर उक्त मामले में की गई कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा है साथ में कोर्ट ने यह भी कहा कि प्रशाशन की देखा-देखी कैसे पेड़ काटे गए और बिना अनुमति के सडक का निर्माण कैसे हुआ? कोर्ट को अवगत कराएं, साथ में कोर्ट ने केंद्र सरकार से भी पूछा है कि ऐसी घटनाओं को कैसे रोका जा सकता है? अगली तिथि को कोर्ट का मार्गदशन करें। मामले की अगली सुनवाई 1 अप्रैल बुधवार की तिथि नियत की है। कोर्ट ने विपक्षी कृष्णा जोशी व मोहन जोशी को नोटिस भी जारी किया है।

मामले के अनुसार पिथौरागढ़ जिले की तहसील थल के ग्राम सुनेती निवासी भास्कर चंद्र जोशी ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि सुनेती गाँव मे वन विभाग की जमीन मे बिना किसी की अनुमति के अवैध रूप से हरे भरे पेड़ काटकर अवैध रूप से कुछ लोगो के द्वारा सडक निर्माण किया जा रहा है जिससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। याचिका में कहा गया है वन भूमि में सडक निर्माण के लिए न तो पर्यावरण बोर्ड से अनुमति ली गई और न ही भारत सरकार व उत्तराखंड सरकार से अनुमति ली गई है जोकि नियमों के विरुद्ध है। ग्रामीणों ने इस संबन्ध में तहसील में शिकायत की लेकिन कुछ खास कार्यवाही नहीं हुई। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि सड़क निर्माण पर रोक लगाई जाय।

# हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण अपना आदेश एक सप्ताह में वापस लें: हाईकोर्ट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हरिद्वार में हरिद्वार रुडकी विकास प्राधिकरण के द्वारा कृषि व बागों की भूमि पर अवैध तरीके से प्लाटिंग व ग्रुप हाउसिंग की अनुमति उच्च न्यायलय व सर्वोच्च न्यायलय के आदेश के विरुद्ध जाकर दिए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने हरिद्वार रुडकी विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए हैं कि वे अपना अपना आदेश एक सप्ताह में वापस लें नहीं लेने पर कोर्ट अवमानना की कार्यवाही शुरू करेगी कयोंकि यह उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायलय के आदेश की अवहेलना है। मामले के अनुसार हरिद्वार निवासी अतुल कुमार चौहान ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उच्च न्यायलय ने 19 जून 2018 को एक जनहित याचिका में आदेश जारी कर कहा था कि कृषि व बागों की भूमि पर प्लाटिंग व ग्रुप हाउसिंग नही की जा सकती कयोंकि प्रदेश में कृषि व बागों की भूमि सीमित है। इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में बिसेष अपील दायर की। 30 अप्रैल 2024 को सर्वोच्च न्यायलय ने सरकार की अपील को निस्तारित करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने की आवश्यकता नहीं है। चाहे तो राज्य सरकार इस आदेश में संसोधन करने के लिए उच्च न्यायालय में जा सकती है। लेकिन राज्य सरकार उच्च न्यायलय नही गयी। इसी बीच हरिद्वार रुडकी विकास प्राधिकरण ने अपनी बोर्ड मीटिंग में एक आदेश जारी कर कहा कि वे कृषि व बागों की भूमि पर प्लाटिंग कर सकते है। और प्लाटिंग की अनुमति दी दो अधिवद्राओं की विधिक राय लेकर जनहित याचिका में कहा गया कि एचआरडीए ने सर्वोच्च न्यायलय व उच्च न्यायलय के आदेश को न मानते हुए यह अनुम.ति दी है जिसकी वजह से हरिद्वार के कई क्षेत्रों में कृषि व बाग की भूमि नहीं बची । यह जनहित याचिका उनके द्वारा 2023 में दायर की गयी थी जिसपर बुधवार को सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान याचिककर्ता की तरफ से कहा गया कि 4 सितंबर 2023 को भी कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि अगर कृषि भूमि पर प्लाटिंग की रोक है तो उस आदेश का अनुपालन किया जाय लेकिन आज की तिथि तक उन आदेशों का अनुपालन नहीं हुआ। उन आदेशों के विरुद्ध जाकर कृषि भूमि पर प्लाटिंग की अनुमति दी जा रही है इसलिए पूर्व के आदेशों का अनुपालन करवाया जाए।

## अब्दुल मलिक को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने जिला नैनीताल का मुख्य शहर हल्द्वानी के चर्चित बनभूलपुरा कांड के मुख्य आरोपी अबदुल मलिक की जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई की लेकिन मुख्य साजिश कर्ता अब्दुल मलिक को बुधवार को भी कोर्ट से कोई राहत नही दी। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ति सिद्वार्थ साह की खण्डपीठ ने मामले की सुनवाई के लिए दूसरी पीठ को भेज दिया है क्योंकि इस मामले में न्यायमूर्ति सिद्वार्थ साह अधिवक्ता रह चुके हैं इसलिए कोर्ट ने मामले को सुनने से इनकार करते हुए दूसरी पीठ को सुनने के लिए भेज दिया है। इससे पहले भी वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की पीठ ने मामले को सुनने के लिए दूसरी पीठ को भेज दिया था। मामले के अनुसार अब्दुल मलिक सहित अन्य के खिलाफ बनभूलपुरा दंगे के समय चार मुकदमे दर्ज हुए थे जिसमें से एक मामला ये भी था कि मलिक ने कूटरचित तथा झूठे शपथ पत्र के आधार पर राजकीय भूमि को हड़पने का कार्य किया, यही नही उनके द्वारा नजूल भूमि पर कबजा करके प्लौटिंग तथा अवैध निर्माण करके उसे बेचा गया। जब जिला प्रसाशन इस अवैध अतिक्रमण को हटाने पहुँची तो उनपर पथराव किया गया। बाद में इसने दंगा का रूप ले लिया। इसी दंगे में सरकारी व पुलिस व अन्य लोग घायल हो गए कईयों की जान तक चली गयी। आरोपियो का कहना है कि उन्हें झूठा फंसाया गया है। एफआईआर में उनका नाम नही है। पुलिस ने उन्हें जबरन इस मामले में फंसाया है। इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाय। दंगे में शामिल कई लोगो को पूर्व में कोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

## उत्तरकाशी के ग्राम जखोल मोरी के पौराणिक सोमेश्वर महादेव मंदिर का मामला: हाईकोर्ट में सुनवाई अब 18 को

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तरकाशी के ग्राम जखोल मोरी के पौराणिक सोमेश्वर महादेव मंदिर का हंस फाउंडेशन द्वारा मरममत किये जाने के खिलफ़ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने सर्वे ऑफ इंडिया से कहा है कि जो जांच रिपोर्ट कोर्ट में पेश की गई उसकी प्रति याचिककर्ता व अन्य पक्षकारों को शीघ्र मुहैया कराएं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च (बुधवार) की तिथि नियत की है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि जिस दिन कोर्ट ने रोक लगाई थी उसी रात को कुछ लोगो ने मंदिर को क्षति ग्रस्त कर दिया था। सर्वे ऑफ इंडिया ने कोर्ट में कया रिपोर्ट पेश की उसकी प्रति हमें भी मुहैया कराई जाय जिसपर कोर्ट ने सर्वे ऑफ इंडिया से जांच रिपोर्ट सभी पक्षकारो को मुहैया कराने को कहा है। इस मामले में सोमेश्वर महादेव मंदिर समिति के संयुक्त सचिव रामलाल विश्वकर्मा की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है।

## नेचर गाइड व ईको-टूरिज्म प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल ।** नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी/प्राणी उद्यान के निदेशक आकाश गंगवार के निर्देशन में हिमालयन बोटैनिकल गार्डन नारायणनगर में तीन दिवसीय कैट प्लान योजना के तहत ग्रामीणों की क्षमता विकास हेतु नेचर गाइड एवं ईको-टूरिज्म प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका बुधवार को समापन हो गया।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में हिमालयी क्षेत्रों की फलोरा (वनस्पति) एवं जैव विविधता की जानकारी, नेचर गाईड के नियम, कर्तव्य एवं जिमेदारियाँ, हिमालयन बॉटनिकल गार्डन की जैव विविधता एवं प्रमुख पौधों एवं औषधीय वनस्पतियों की जानकारी, पक्षी अवलोकन एवं पक्षियों की पहचान से संबंधित जानकारी एवं हिमालयन बॉटनिकल गार्डन का भ्रमण कराया गया जबकि प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में ट्रेक रूट अध्ययन (टांकी से नैना पीक एवं नैना पीक से किलबरी वन विश्राम गृह), वनस्पति एवं वन्यजीव अवलोकन एवं वर्ड वाचिंग, नैना देवी जलकुंड भ्रमण, किल.बरी/पंगूट (नैना देवी हिमालयन पक्षी संरक्षण आरक्षिति, नैना रेंज) भ्रमण आदि कराया गया वहीं प्रशिक्षण के तृतीय दिवस में हिमालयन बोटैनिकल गार्डन, नारायणनगर में कैट प्लान योजना के अन्तर्गत नेचर गाइड एवं ईको-टूरिज्म प्रशिक्षण से स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रारम्भ करने पर विचार-विमर्श, हिमालयन बोटैनिकल गार्डन, भ्रमण के अनुभव, नैना देवी हिमालयन पक्षी संरक्षण आरक्षिति, नैना रेंज में ट्रैक के दौरान देखी गई वनस्पति, वन्यजीव एवं पक्षियों पर चर्चा की गई एवं कार्यक्रम के समापन पर प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

इस अवसर पर ममता चन्द उप प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल, नितिन पंत वन क्षेत्राधिकारी बढ़ौन/मनोरा वन क्षेत्र, विजय भट, उत्तरी गौला वन क्षेत्र, आनन्द लाल वन क्षेत्राधिकारी, प्राणी उद्यान नैनीताल, अभय जोशी वन क्षेत्राधिकारी (परिवीक्षा), अरविन्द कुमार वन आरक्षी हिमालयन बोटैनिकल गार्डन, पूरन जोशी बर्ड वाचर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. रजनी रावत बोटनिस्ट हिमालयन बोटैनिकल गार्डन द्वारा किया गया। इसके अलावा पूर्व में राजकीय मौन पालन केन्द्र ज्योलीकोट द्वारा मौन पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम, मुखय मशरूम विकास अधिकारी ज्योलिकोट द्वारा मशरूम उत्पादन कार्यक्रम एवं राजकीय होटल मैनेजमेन्ट एवं कैटरिंग संस्थान अल्मोडा द्वारा होमस्टे प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल द्वारा किया गया।

## नैनीताल जिले की बदहाल सडकों का मामला: हाईकोर्ट ने दी सरकार को दो हफ्ते की मोहलत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में नैनीताल जिले की बदहाल सडकों और पर्यावरण के साथ हो रहे खिलवाड़ को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि नैनीताल- कैंची व नैनीताल- हल्द्वानी की सडकों पर टूटे पैराफिट तथा क्रास बैरियर सहीं करे व रोडो के किनारे जमा मलुआ व कूड़े को हटाकर दो सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद की तिथि नियत की है।

बता दें बुधवार को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरु से शपथपत्र पेश कर कहा गया कि नैनीताल -कालाढूंगी की रोड पर टूटे पैराफिट व क्रस बैरियर ठीक कर दिए हैं जिसपर कोर्ट ने नैनीताल- कैंची व नैनीताल- हल्द्वानी रोड के पैराफिट व क्रस बैरियरों को भी ठीक करने को कहा है ताकि कोई दुर्घटना न हो साथ में सडकों के किनारों में जमा मलुआ व कूड़े को भी हटाएँ। मामले के अनुसार अनिल यादव द्वारा उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका में जिले के पर्वतीय मार्गों पर सुरक्षा मानकों का उल्लंघन कर अवैध डंपिंग होने और कचरा प्रबंधन की किलताओं को उजागर किया हैए जिसे न्यायालय ने गंभीरता से लिया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता डी.सी.एस. रावत और जय कृष्ण पांडे ने कोर्ट को बताया कि हल्द्वानी-नैनीताल तथा कालाढूंगी और भवाली-कैंची धाम जैसे व्यस्ततम मार्गों पर निर्माण कार्यों का मलबा जानबूझकर तीखे मोड़ों और ब्लाइंड टर्न्स पर फेंका जा रहा है। यह मलबा न केवल यातायात को बाधित कर रहा है बल्कि मानसून के दौरान फिसलन पैदा कर वाहनों के लिये खतरा बन रहा है। सडकों पर सुरक्षा दीवारें और क्रैश बैरियर गायब हैं जिससे स्थानीय निवासियों तथा स्कूली बच्चों और पर्यटकों की जान हर समय जोखिम में रहती है।

# जमीनों का फर्जीवाड़ा

## फर्जी बिक्री दिखाकर रकम वसूलने वाले चार लोग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** जमीनों की फर्जी बिक्री दिखाकर लोगों से मोटी रकम वसूलने वाले गिरोह का आईटीआई कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। एसएसपी ऊधम सिंह नगर अजय गणपति के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार जनपद में सक्रिय अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देशों के क्रम में एसपी स्वप्न किशोर सिंह और सीओ विभव सैनी के पर्यवेक्षण में आईटीआई कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलवार को गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के तहत दर्ज मुकदमे में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों आशीष चौहान उर्फ पटवारी पुत्र गिरवर सिंह निवासी वैशाली कालोनी, अमरजीत सिंह पुत्र दरबारा सिंह निवासी वैशाली काला.



नी खड़कपुर देवीपुरा, गुरुप्रेम सिंह पुत्र हरजिंद्र सिंह निवासी पटेलनगर काशीपुर, कुलविंदर सिंह उर्फ जस्सी पुत्र हरभजन सिंह निवासी कानूनगोयान काशीपुर को दबोच लिया। जांच में सामने आया कि यह गिरोह आम लोगों को धमकाकर और मारपीट कर जमीनों की फर्जी बिक्री दिखाता था तथा इसी के जरिए आर्थिक लाभ अर्जित करता था। गिरोह की गतिविधियां लोक व्यवस्था को प्रभावित कर रही थीं, जिसके चलते पुलिस ने गिरोहबंद अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की। पुलिस टीम में आईटीआई कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सैनी, कोतवाल जसपुर राजेंद्र सिंह डांगी, एसओजी प्रभारी निरीक्षक सुनील सुतेड़ी, एसएसआई जसपुर जावेद मलिक, चौकी प्रभारी बांसफोड़ान देवेंद्र मेहता, कटोराताल चौकी प्रभारी कौशल भाकुनी, प्रतापपुर चौकी प्रभारी सौरभ भारती, एसआई देवेंद्र सामंत, हेड कांस्टेबल विनय कुमार, दीपक, कांस्टेबल हरीश, गिरीश मठपाल और नरेश चौहान रहे।

# रोमांचक मुकाबले में बिंदुखत्ता की टीम ने पंतनगर बेनी को हराया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** बुधवार को शांतिपुरी नंबर चार चंद्रपुरी में आदर्श वॉलीबॉल क्लब के तत्वावधान में आयोजित ग्रामीण स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच बिंदुखत्ता और पंतनगर बेनी की टीम के बीच खेला गया।

रोमांचक मुकाबले में बिंदुखत्ता की टीम ने पंतनगर बेनी को 15-14, 9-15 और 15-11 के तीन सेटों में दो-एक के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। इससे पूर्व टूर्नामेंट का शुभारंभ छोटा केदार धाम देवरिया के प्रधान पुजारी व उत्तराखंड वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष कमल धानिक तथा उत्तराखंड ओलंपिक संघ के प्रांतीय महासचिव डा. डीके सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि कमल धानिक ने आयोजकों को बधाई दी। आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। ग्रामीण स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुल 20 टीमों ने प्रतिभाग किया। आयोजन समिति के सदस्य भैया कोरंगा ने बताया कि 12 मार्च से दो दिवसीय अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर की नामी टीमें भाग लेंगी।

इस अवसर पर प्रधान बचुली देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य गंगा दानू, दुग्ध संघ डायरेक्टर इंदर मेहता, पूर्व प्रधान दीपा ललित कांडपाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद कोरंगा, पूर्व प्रधान रोहित तिवारी, पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख नीरज टाकुली, पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष सूबेदार मेजर लाल सिंह कोरंगा, ललित बिष्ट, निखिल कोरंगा उर्फ भैया, नारायण सिंह बिष्ट, कैप्टन देवेंद्र सिंह कोरंगा, अशोक जोशी, राजेंद्र पटवाल, ईश्वर सिंह दानू समेत कई लोग मौजूद रहे।

# गैस एजेंसी पर लोगों का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** शहर में रसोई गैस सिलेंडर की कमी से उपभोक्ता इन दिनों काफी परेशान हैं। गैस की बुर्ि.कंग न हो पाने और समय पर सिलेंडर उपलब्ध न होने से नाराज लोगों ने बुधवार को काशीपुर गैस सर्विस कार्यालय पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया और अपनी नाराजगी जाहिर की। गैस एजेंसी पर पहुंचे उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस बुर्ि.कंग कराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सर्वर समस्या के कारण बुर्ि.कंग नहीं हो पा रही है। कुछ लोगों ने बताया कि चार-चार दिन से लगातार प्रयास करने के बावजूद उनकी बुर्ि.कंग नहीं हो सकी, जिसके चलते घरों में चूल्हा जलाना मुश्किल हो गया है। किराये के मकानों में रहने वाले लोगों का कहना था कि उनके पास केवल एक ही सिलेंडर है और वह भी खत्म हो चुका है, जिससे परिवार के सामने भोजन बनाने की समस्या खड़ी हो गई है। वहीं गैस एजेंसी के होम डिलीवरी ठेकेदार गुलशन बाली ने बताया कि इस समय गैस की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में नहीं आ पा रही है। सामान्य तौर पर एजेंसी को प्रतिदिन दो गाड़ियों में सिलेंडर मिलते हैं, लेकिन फिलहाल केवल एक ही गाड़ी आ रही है, जिससे मांग के मुकाबले आपूर्ति कम हो रही है। इसके अलावा जियो नेटवर्क के सर्वर पर अधिक लोड होने के कारण भी कई उपभोक्ताओं की बुकिंग नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग हो चुकी है, उन्हें तारीख के अनुसार ही सिलेंडर दिया जा रहा है। पहले पुरानी पर्चियों और पहले से बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को गैस दी जा रही है। बुकिंग होने के लगभग एक सप्ताह बाद ही सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। गैस एजेंसी की ओर से उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि यदि मोबाइल से बुकिंग में समस्या आ रही है तो वे ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म जैसे गूगल-पे या फोन-पे के माध्यम से भी बुकिंग कर सकते हैं। हालांकि गैस की कमी और बुर्ि.कंग में आ रही परेशानी के चलते उपभोकताओं में लगातार नाराजगी बढ़ रही है और लोग जल्द आपूर्ति सामान्य होने की मांग कर रहे हैं।

## एक नजर...

### यूएसनगर जिला पंचायत प्रकरण: हाईकोर्ट में सुनवाई 25 मार्च को

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने ऊधम सिंह नगर के जिला पंचायत में पूर्व के अध्यक्षता वाली बोर्ड के द्वारा जिले के विकास कार्यो के लिए गए निर्णयों के बाद उन्हें वर्तमान अध्यक्ष की बोर्ड के द्वारा निरस्त करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने लगी रोक को जारी रखते हुए याचिका कर्ता से कहा है कि सरकार ने जो शपथ पत्र पेश किया है उस पर अपना जवाब दो सप्ताह में प्रस्तुत करें। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 25 मार्च (बुधवार) की तिथि नियत की है।

### डिंपी ने परिणय सूत्र में बंधने से पूर्व एक पौधा धरती मां के नाम के तहत किया पौधारोपण

**नैनीताल ।** राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान बुधवार को 604 वें दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान के 604 वें दिन विवाह समारोह को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडने् के तहत डीडीहाट में डीडीहाट निवासी केदार सिंह मर्तोलिया व हंसा मर्तोलिया की पुत्री डिंपी ने परिणय सूत्र में बंधने से पूर्व एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। डिंपी ने कहा कि वह अपनी हर सालगिरह पर पौधारोपण करेंगे। केदार सिंह मर्तोलिया ने कहा कि विवाह समारोह में पौधारोपण करना महान कार्य है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पौधारोपण अभियान की सराहना की। कार्यक्रम में राजेंद्र सिंह चूाल, प्रताप सिंह, नरेंद्र सिंह बसेड़ा उपस्थित रहे । दिनेश गुरु रानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण अभियान जारी रहेगा।

### उत्तराखंड बोर्ड में कोर्स से बाहर के आए प्रश्नों पर मिले बोनस अंक

**नैनीताल ।** हाईस्कूल विज्ञान व गणित के प्रश्नपत्रों में कोर्स से बाहर के आए प्रश्नों पर उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के नैनीताल जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि इस संदर्भ में जल्द ही बोर्ड सचिव से वार्ता की जायेगी ताकि छात्रों का कोई नुकसान न हो।

उन्होंने कहा कि कोर्स से बाहर आए प्रश्नों के एवज में छात्र-छात्राओं को बोनस अंक दिया जाना बेहद जरुरी है।

### लोक गायक कनवाल के निधन पर जताया शोक

**नैनीताल ।** प्रसिद्ध लोक गायक दीवान कनवाल के निधन पर भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय परिवार ने शोक व्यक्त किया है।

भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के शिक्षकों तथा शिक्षिकाओं और लोक संस्कृति से जुड़े हुए दर्जनों कलाकारों ने शोक व्यक्त किया है।प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने कहा कि दीवान सिंह कनवाल लोकधुन की बेजोड़ शैली के बेहतरीन लोकगायक थे जिनका निधन पहाड़ की लोक संस्कृति के लिए अपूरणीय क्षति है।लोक गायक दीवान कनवाल पहाड़ की समृद्ध परंपरा के जीवंत उदाहरण थे जिन्होंने देवभूमि उत्तराखंड ही नहीं उत्तराखंड से बाहर बसे हुए प्रवासी उत्तराखंडियों को भी अपनी लोक गायकी के द्वारा स्वस्थ मनोरंजन प्रदान किया ।

### प्रिवेंशन ऑफ सेकसुअल हर्रासमेंट ऑफ वर्किंग वीमेन एंड स्टूडेंट विषय पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**नैनीताल ।** माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र कुमाऊं विवि नैनीताल में प्रिवेंशन ऑफ सेकसुअल हर्रासमेंट ऑफ वर्किंग वीमेन एंड स्टूडेंट विषय पर बुधवार को एक दिवसीय जागरूकता दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम के मुखय अतिथि और वक्ता प्रो. ललित तिवारी और श्रीमती हीरा जंगपांगी पॉश एटिविस्ट थे। बता दें श्रीमती हीरा जंगपांगी ऊधम.सिंह नगर के विभिन्न क्षेत्रों में महिला स्वप्स्थ्य, डोमेस्टिक वायलेंस और पॉश जागरूकता अभियान में लगातार अपना योगदान देती आ रही हैं तथा एकशन ऐड नामक एनजीओ से भी जुड़ी हैं। श्रीमती हीरा जंगपांगी ने प्रिवेंशन ऑफ सेकसुअल हर्रासमेंट ऑफ वर्किंग वीमेन एंड स्टूडेंट विषय पर विस्तृत जानकारी हेतु विशाखा गाइड लाइन्स और भंवरी देवी के केस के बारे में विस्तार से से बताया गया। बता दें माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र में महिला पखवाड़ा मना रहा है। इस महिला पखवाड़े के समस्त कार्यक्रम गिव एंड गैन पर आधारित है जिसका अर्थ है कि कमयुनिटी को कुछ देना जिससे कि उनके जीवन स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़े। कार्यक्रम के अंत में प्रोफ़ेसर ललित तिवारी ने इस जागरूकता प्रोग्राम की सराहना की तथा कार्यक्रम का संचालन डा. किरण तिवारी ने किया। इस अवसर पर माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने सभी को कार्यक्रम को सफल बनाने पर बधाई दी।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड उत्तरकाशी**

संख्या-13/अ.अ./2025-26 दिनांक 11.03.2026

**अल्प-कालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु अलग-अलग मुहर बन्द निविदायें वर्गीकृत, पंजीकृत ठकेदारों से उनकी वर्गीकृत श्रेणी के अनुसार दिनांक 25.03.2026 की अपराहन 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमन्त्रित की जाती है। जो कि अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी/प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित ठेकेदारों की उपस्थिति में उसी दिन अपराहन 3.30 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, उत्तरकाशी के कार्यालय से दिनांक 12.03.2026 से 24.03.2026 तक प्रात: 11:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे के मध्य किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित मूल्य जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं। सम्बन्धित जॉब संख्या के सम्मुख उल्लिखित वर्गीकृत ठेकेदार की श्रेणी के अनुसार ठेकेदार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र तथा धरोहर धनराशि की मूल/सत्यापित प्रति उपलब्ध करने पर ही निविदा प्रपत्र विक्रय किये जायेंगे। निविदा प्रपत्र डाक से मंगाने पर रू. 100/- अतिरिक्त जमा करना होगा। डाक में देरी के लिये कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि रू. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) | निविदा की वैद्यता अवधि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | सिविल कार्यों की वॉछित श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | राज्य आपदा न्यूनीकरण मद के अन्तर्गत ग्राम पंजियाला के सगियारा खाला तोक में आवासीय बस्ती हेतु सुरक्षात्मक कार्य। | 37500.00 | 1500.00+ 270.00 GST | 90 दिन | 02 माह | सिंचाई विभाग में 'डी' एवं उच्चतर श्रेणी में |
| 2 | राज्य आपदा न्यूनीकरण मद के अन्तर्गत ग्राम पंजियाला के मठखोडा नामे तोक में आवासीय बस्ती हेतु सुरक्षात्मक कार्य। | 37000.00 | 1500.00 270.00+ GST | 90 दिन | 02 माह | सिंचाई विभाग में डी एवं उच्चतर श्रेणी में |
| 3 | राज्य आपदा न्यूनीकरण मद के अन्तर्गत विकासखण्ड डुण्डा ग्राम गेवला में बन्दरकोट के पास रानू की गाड में बाये तट पर आवासीय भवन की सुरक्षा हेतु तटबन्ध मरम्मत कार्य। | 42000.00 | 1500.00+ 270.00 GST | 90 दिन | 02 माह | सिंचाई विभाग में 'डी' एवं उच्चतर श्रेणी में |

**नियम एवं शर्ते :-** नियम एवं शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

**अधिशासी अभियन्ता,**
**सिंचाई खण्ड उत्तरकाशी**

## संक्षिप्त खेला समाचार

### विश्व कप में खेलने को लेकर आशंका के बीच नेमार ने गुस्सा निकाला

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** नेमार ने मिरासोल के साथ सैंटोस के अवे मैच के लिए टीम से बाहर किए जाने पर गुस्सा जताया, जिससे इस साल के फीफा वर्ल्ड कप से पहले उनकी फिटनेस पर नए शक पैदा हो गए हैं। 34 साल के इस खिलाड़ी के मंगलवार रात के सीरी ए मैच में चोट के कारण बाहर रहने के बाद वापसी की उम्मीद थी। ब्राजीलियन फुटबॉल कन्फेडरेशन ने पहले कहा था कि नेशनल टीम के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी इस महीने के आखिर में फ्रांस और क्रोएशिया के खिलाफ वर्ल्ड कप वार्म-अप मैचों के लिए अपनी टीम का नाम बताने से पहले नेमार का हालचाल जानने के लिए मैच में आएंगे। लेकिन इस फैसले से यह चिंता बढ़ गई कि क्या बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व स्टार जून और जुलाई में होने वाले फुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट के लिए तैयार होंगे।

### अमेलिया की हैट्रिक से जीती न्यूजीलैंड

**डुनेडिन, वार्ता।** अमेलिया केर (80 रन /पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 200 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया।

'प्लेयर ऑफ द मैच अमेलिया केर ने हैट्रिक बनाई। केर ने यूनिवर्सिटी ओवल में जबरदस्त ऑल-राउंड प्रदर्शन किया, उन्होंने 80 रन बनाए जिससे न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 303/6 का बड़ा स्कोर बनाया। केर के अलावा मैडी ग्रीन ने 73 गेंदों में (94), ब्रूक हॉलीडे ने (40) रनों का योगदान दिया। जिम्बाब्वे के लिए क्रिस्टाबेल चैटोंजवा ने 48 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि टेंडाई मकुशा, एडेल जमिनु और प्रेशियस मारेंज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अभिषेक-ईशान की जोड़ी का जलवा

## आईसीसी पुरुष टी-20 बैटिंग रैंकिंग में पहले दो स्थान हासिल किए



**दुबई, वार्ता।** स्टार भारतीय लेफ्ट-हैंडर अभिषेक शर्मा और ईशान किशन आईसीसी पुरुष टी-20 बैटिंग रैंकिंग में पहले दो स्थान पर हैं। यह पहली बार है जब किसी भारतीय बैटिंग जोड़ी ने इस फॉर्मेट में पहले-दो स्थान हासिल किए हैं। किशन की नजर टी-20 बैटिंग रैंकिंग में टॉप पर पहुंचने वाले चौथे भारतीय बनने पर भी है। बॉलिग रैंकिंग में, स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का टॉप पर राज खत्म हो गया, हालांकि वह 14 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, लेकिन उन्होंने बहुत ज्यादा रन दिए।

जबकि पेसर जसप्रीत बुमराह, जो फाइनल में 15 रन देकर चार विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच बने थे, एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए, जबकि स्पिनर अक्षर पटेल और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या 17वें और 46वें स्थान पर हैं। आईसीसी ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। शर्मा के अभी 875 रेटिग पॉइंट्स हैं, नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 21 गेंदों में 52 रन बनाने की वजह से वह अभी भी टेबल में टॉप पर हैं, जबकि किशन ने कीवी टीम के खिलाफ 25 गेंदों में 52 रन और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 18 गेंदों में 39 रन बनाकर इंग्लैंड के फिल साल्ट और पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल किया है।

दोनों के बीच सिर्फ चार पॉइंट्स का फर्क होने की वजह से, किशन (871 पॉइंट्स) के पास विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव और शर्मा की बराबरी करने और इस फॉर्मेट में टॉप पर पहुंचने वाले चौथे भारतीय बैट्समैन बनने का भी मौका है। सितम्बर 2022 में, एक ही टीम के पिछले दो बैटर पहले दो पोजीशन पर पाकिस्तान के बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान थे। लेटेस्ट वीकली रैंकिंग अपडेट में न्यूजीलैंड के ओपनर टिम सीफर्ट भी चार पायदान ऊपर चढ़कर करियर के बेस्ट छठे पोजीशन पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में 58 और इंडिया के खिलाफ फाइनल में 52 रन बनाए थे। बड़े फायदे पाने वाले दूसरे खिलाड़ियों में इंग्लैंड के जैकब बेथेल हैं, जिनकी सेमीफाइनल में इंडिया के खिलाफ सेंचुरी ने उन्हें करियर के बेस्ट 16वें पोजीशन पर पहुंचा दिया है, और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजू सैमसन, जिनकी वेस्ट इंडीज के खिलाफनॉट आउट 97 रन की पारी और इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन के एक जैसे स्कोर ने उन्हें 22वें स्थान पर पहुंचा दिया है। शिवम दुबे (चार पायदान ऊपर चढ़कर 27वें स्थान पर) और विल जैक्स (आठ पायदान ऊपर 58वें स्थान पर) भी आगे बढ़े हैं। बॉलिग रैंकिंग में, टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के तौर पर खत्म करने के बाद भी, इंडिया के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का टॉप पर राज खत्म हो गया है। उन्होंने नौ मैचों में 14 विकेट लिए, लेकिन बहुत ज्यादा रन दिए, खासकर पिछले हफ्ते के मैचों में।

## सैन्य विवाद की वजह से अफगानिस्तान-श्रीलंका सीरीज स्थगित



**काबुल, वार्ता।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने मंगलवार को कन्फर्म किया कि उन्होंने मिडिल ईस्ट में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे सैन्य विवाद की वजह से श्रीलंका के खलिाफ अपनी आने वाली सीरीज, जो यूनाइटेड अरब अमीरात में होनी थी, स्थगित कर दी है।

दोनों टीमों को 13 से 25 मार्च तक तीन वनडे और इतने ही टी-20 खेलने थे। एसीबी के चीफ एग्जीक्यूटिव नसीब खान ने मंगलवार को क्रिकबज को बताया कि हां, श्रीलंका के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज स्थगित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि फ्लाइट्स, लॉजिस्टिक्स और इलाके की स्थिति को लेकर कुछ दिक्कतें थीं।

हमने इन मैचों को श्रीलंका में कराने के लिए दूसरा ऑप्शन भी देखा और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के लगातार संपर्क में रहे। हालांकि, उस समय यूएई से श्रीलंका के लिए कोई फ्लाइट उपलब्ध नहीं थी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, इतने कम समय में प्रोडक्शन, होटल, ग्राउंड बुकिंग और सिक्योरिटी का इंतजाम करना काफी मुश्किल था। इसलिए, हमने आखिरकार इसे टालने का फैसला किया।

## ईरान की फुटबॉल टीम अभी भी फीफा विश्व कप में भाग ले सकती है : जियानी इन्फेंटिनो



**वॉशिंगटन, वार्ता।** फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा है कि ईरान की राष्ट्रीय टीम अभी भी 2026 फीफा विश्व कप में भाग ले सकती है।

उन्होंने टूर्नामेंट के संबंध में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ सीधी बातचीत के बाद यह घोषणा की। इन्फेंटिनो के साथ बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान का इस गर्मी के विश्व. कप में हिस्सा लेने के लिए 'स्वागत' है, भले ही दोनों देश युद्ध में हों।

सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर पोस्ट में इन्फेंटिनो ने कहा कि वह अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की मेजबानी में होने वाले वैश्विक टूर्नामेंट की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को ट्रम्प से मिले। इन्फेंटिनो ने कहा कि उन्होंने और ट्रम्प ने 'ईरान की मौजूदा स्थिति के बारे में बात की। इन्फेंटिनो ने कहा कि बातचीत के दौरान, राष्ट्रपति ट्रम्प ने दोहराया कि ईरानी टीम का अमेरिका में होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए स्वागत है।

# मजबूत टीम भावना ने पर्दे के पीछे से अहम भूमिका निभाई: सूर्यकुमार यादव

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के विजई अभियान को आकार देने में मदद करने वाली निजी बातचीत और पलों पर बात करते हुए, भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि विश्वास, भरोसा और मजबूत टीम भावना ने पर्दे के पीछे अहम भूमिका निभाई। सूर्य ने टीम के कई खिलाड़ियों, जिनमें ईशान किशन और संजू सैमसन शामिल हैं, के साथ इमोशनल बातचीत के बारे में बात की, और बताया कि कैसे निजी भूमिकाओं से ऊपर टीम को प्राथमिकता देने की उनकी इच्छा ने भारत के सफल वर्ल्ड कप सफर को तय किया।

- **कहा : निजी भूमिकाओं से ऊपर टीम को प्राथमिकता देने की उनकी इच्छा ने भारत के सफल विश्व कप सफर को तय किया**

हमारी वर्ल्ड कप टीम के कुछ खिलाड़ियों की कहानियां बहुत प्रेरणा देने वाली और इमोशनल रही हैं। अगर आप सिराज की बात करें, तो मैंने उन्हें टूर्नामेंट से कुछ दिन पहले फोन किया था। वह अपने दोस्तों के साथ बैठे थे, कैप पहने हुए थे और खाना खा रहे थे। मैंने उनसे कहा कि हर्षित राणा घायल हैं, आपको टीम में शामिल होना होगा। उन्होंने कहा, 'सूर्य



भाई, क्या आप मजाक कर रहे हैं?' यह उनका पहला रिएक्शन था। फिर मैंने हमारी सिलेक्शन मीटिंग से ठीक पहले इशान किशन को कॉल किया। मैंने उनसे कहा, 'छोटू, क्या तुम हमें वर्ल्ड कप जिताने में मदद करोगे?' उन्होंने कहा, 'सूर्य भैया, बस मुझ पर भरोसा करो और मुझ पर भरोसा रखो।

## द. अफ्रीका के चार तथा विंडीज के नौ सदस्य स्वदेश रवाना: आईसीसी

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी बुधवार को कहा कि द.अफ्रीका के चार खिलाडी और परिवार के पांच सदस्य तथा वेस्टइंडीज दल के नौ सदस्य अपने-अपने देशों के लिए प्रस्थान हो चुके है। आईसीसी की ओर से आज अपरान्ह दी गई ताजा अपडेट में खिलाड़ियों के रवाना होने की पुष्टि की गई है। उन्होंने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के चार खिलाड़ी और उनके परिवार के पांच सदस्य फ्लाइट पकड़ चुके हैं और घर जा रहे हैं, उनके बाकी सभी 29 सदस्य अगले 24 घंटों में निकलने वाले हैं। वहीं वेस्ट इंडीज के दल में से, नौ सदस्य स्वदेश रवाना हो चुके हैं, जबकि बाकी 16 अगले 12 घंटों में भारत से जाने वाली उड़ानों में बुक हैं।

## आईसीसी की पुरस्कार राशि से टी-20 विश्व कप टीमें हुई मालामाल

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी ने बुधवार को टी-20 विश्व कप 2026 में शामिल हुई सभी 20 टीमों को उनके प्रदर्शन के आधार पर कुल 11-25 मिलियन यूएस डॉलर (एक अरब 39 करोड़ चार लाख 43 हजार) की पुरस्कार राशि के अंतिम विवरण की पुष्टि कर दी है। सह-मेजबान भारत खिताब बरकरार रखने वाली पहली टीम बनी है।

खिताब विजेता भारत को 2,639,423 डॉलर (24,28, 49,351 रुपये) और उप विजेता न्यूजीलैंड को 1,422,692 डॉलर (13,08,91,789 रुपये) की पुरस्कार राशि मिली है। वहीं सेमीफाइनल में हारने वाली दक्षिण अफ्रीका को 1,005,577 डॉलर (9,24,89,855 रुपये) और इंग्लैंड को 974,423 डॉलर (8,96,49,741 रुपये) राशि मिली है। विंडीज को 538,269 डॉलर (4,95,19,222 रुपये), पाक को 522,692 डॉलर (4,80,86,182 रुपये), जिम्बाब्वे को 491,538 डॉलर (4,52,20,103 रुपये), श्रीलंका को 475,962 डॉलर (4,37,87,155 रुपये), अफगानिस्तान को 309,808 डॉलर (2,85,01,248 रुपये), ऑस्ट्रेलिया को 309,808 डॉलर (2,85,01,248 रुपये),अमेरिका को 309,808 डॉलर (2,85, 01,248 रुपये) स्कॉटलैंड को 278,654 डॉलर (2,56,35,189 रुपये), आयरलैंड को 271,731 डॉलर , इटली को 256,154 डॉलर , नीदरलैंड को 256,154 डॉलर (2,35,62,748 रुपये), यूएई को 256,154 डॉलर (2,35,62,748 रुपये), नेपाल को 256,154 डॉलर (2,35, 62,748 रुपये), कनाडा को 225,000 डॉलर (2,06,92,575 रुपये), नामीबिया 225,000 डॉलर (2,06,92,575 रुपये) व ओमान को 225,000 डॉलर (2,06,92,575 रुपये) की पुरस्कार राशि मिली है।

# टी-20 के बाद वनडे में भी पाक टीम फुस्स

- **पहले मुकाबले में बांग्लादेश ने आठ विकेट से रौंदा, पाकिस्तान मात्र 114 रन ही बना सकी**

**मीरपुर, वार्ता।** पाकिस्तान का टी-20 विश्व कप में सुपर-8 चरण से बाहर होने का दुख अभी खत्म नहीं हो पाया था कि अब वनडे में भी उन्हें करारी शिकस्त मिली है। दरअसल, पाकिस्तान को बांग्लादेश ने पहले वनडे में आठ विकेट से रौंद दिया। तीन मैचों की वनडे सीरीज का यह मुकाबला मीरपुर में खेला गया, जहां पाकिस्तान 30.4 ओवर में महज 114 रन ही बना सकी।

वहीं, बांग्लादेश ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 115 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ मेजबान बांग्लादेश सीरीज में 1-0 से आगे हो गया है। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी पाकिस्तानी टीम ने 23 वर्षीय नाहिद राणा की धारदार गेंदबाजी



के सामने घुटने टेक दिए। मेहमान टीम 30.4 ओवरों में सिर्फ 114 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान को साहिबजादा फरहान और माज सदाकत की सलामी जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने पहले विकेट के लिए 10 ओवरों में 41 रन जोड़े। साहिबजादा फरहान 38 गेंदों में 4 चौकों के साथ 27 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद विकेटों का सिलसिला शुरू हो गया। अगली आठ साझेदारियां दहाई का आंकडा भी ना छू सकीं। आलम ये रहा कि पाकिस्तानी टीम 82 के स्कोर तक अपने नौ विकेट गंवा चुकी थी। यहां से अबरार अहमद ने फहीम अशरफ के साथ अंतिम विकेट के लिए 41 गेंदों में 32 रन जुटाकर टीम को जैसे-तैसे शतक के पार पहुंचाया। पाकिस्तान की ओर से साहिब. जादा फरहान के अलावा, माज सदाकत (18), मोहम्मद रिजवान (10) और फहीम अशरफ (37) के अलावा, कोई अन्य बल्लेबज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका।

विपक्षी खेमे से नाहिद राणा ने सात ओवरों में 24 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। उनके अलावा, कप्तान मेहदी हसन मिराज ने 3 विकेट निकाले। तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर के हाथ 1-1 विकेट लगा। इसके जवाब में बांग्लादेशी टीम ने महज 15.1 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। सैफ हसन ने तंजीद हसन तमीम के साथ पहले विकेट के लिए 16 गेंदों में 27 रन की साझेदारी की। सैफ हसन 10 गेंदों में चार रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद नजमुल हसन शांतो ने तंजीद के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 गेंदों में 82 रन की साझेदारी करते हुए बांग्लादेश को जीत के करीब पहुंचा दिया।

## 2025 बीसीबी चुनावों की जांच के लिए कमेटी बनाई गई

**ढाका, वार्ता।** नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल (एनएससी) ने बुधवार को बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड के 2025 के चुनाव में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यों वाली एक इंडिपेंडेंट जांच कमेटी बनाई।

एनएससी ने एक ऑफिशियल नोटिफिकेशन के जरिए इस फैसले की घोषणा तमीम इकबाल द्वारा पिछले साल के बीसीबी चुनावों की जांच के लिए एक रिक्वेस्ट करने के कुछ दिनों बाद की, जिसमें दावा किया गया था कि राजधानी के 76 में से 50 क्लबों ने जांच की मांग का समर्थन किया था। इस कदम के बाद, डिविजनल काउंसलर और पुराने क्रिकेट ऑर्गनाइजर ने भी काउंसलरनॉमिनेशन में कथित गड़बड़ियों, एड-हॉक कमेटियों के बनने और चुनाव प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर अधिकारों के गलत इस्तेमाल पर चिंता जताई और

- **एनएससी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने ऑर्डर पर साइन किए और कमेटी से 15 वर्किंग डेज के अंदर रिपोर्ट देने को कहा**

एनएससी को एक लेटर सौंपा। एनएससी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (जॉइंट सेक्रेटरी) मोहम्मद दोलोतुज्जमां खान ने ऑर्डर पर साइन किए और कमेटी से 15 वर्किंग डेज के अंदर युवा और खेल राज्य मंत्री को अपनी रिपोर्ट देने को कहा। रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट जज एकेएम असदुज्जमां कमेटी को हेड करेंगे। दूसरे मेंबर युवा और खेल मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी मोहम्मद सलीम फकीर, ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के जॉइंट कमिश्नर (डीबी एडमिन और साउथ) मोहम्मद नसीरुल इस्लाम, स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एटीएम सईद उज्जमां और सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट बैरिस्टर सालेह अकरम सम्राट हैं।



## महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस ने सूर्यकुमार यादव व शिवम दुबे को सम्मानित किया

**मुम्बई, वार्ता।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के रिकॉर्ड तीसरे टाइटल जीतने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे को सम्मानित किया। मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अजिक्य नाइक भी इस मौके पर मौजूद थे, जब मुंबई की इस जोड़ी को टाइटल जीतने वाले कैंपेन में उनके शानदार योगदान के लिए सम्मानित किया गया। भारत ने गत रविवार को अहमदाबाद में फाइनल में न्यूघेलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार खिताब जीता था। शिवम दुबे के लिए मुंबई पहुंचना एक दिलचस्प घटना रही। हवाई यात्रा उपलब्ध न होने के कारण शिवम थ्री टियर एसी से सफर कर मुंबई पहुंचे।

# जीत के साथ सिनर, सबालेंका क्वार्टरफाइनल में

- **जानिक सिनर ने जोआओ फोन्सेका को 7-6, (6), 7-6, (4) से हराया**


**इंडियन वेल्स, वार्ता।** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जानिक सिनर ने उभरते ब्राजीलियाई स्टार जोआओ फोन्सेका की कड़ी चुनौती पर काबू पाते हुए रोमांचक मुकाबले में 7-6(6), 7-6(4) से जीत के साथ बीएनपी परीबा ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दो युवा प्रतिभाओं के बीच बहुप्रतीक्षित पहली मुलाकात इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन में खचाखच भरी भीड़ के सामने उम्मीदों पर खरी उतरी, जिसमें सिनर ने महत्वपूर्ण क्षणों में जीत हासिल कर टूर्नामेंट में अपनी तीसरी क्वार्टरफाइनल उपस्थिति सुनिश्चित की।

सिनर ने शुरूआती सेट के टाई-ब्रेक में तीन सेट प्वाइंट बचाए और बाद में दूसरे सेट में 5-2 पर मैच बंद करने में नाकाम



रहने के बाद वापसी की और एक और टाई-ब्रेक में जोरदार समापन करके जीत हासिल की। सिनर ने मैच के बाद कहा कि जोआओ एक अविश्वसनीय खिलाड़ी है, अविश्वसनीय प्रतिभा है, दोनों तरफ से बहुत शक्तिशाली है। वह बहुत अच्छी सर्विस कर रहा था। मुझे लगा कि जितना संभव हो उतना आक्रामक होने की कोशिश करना महत्वपूर्ण है। दूसरे सेट के अंत में मैंने थोड़ी तीव्रता कम कर दी लेकिन उसने वहां अविश्वसनीय टेनिस खेला।

**दुनिया** की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने नाओमी ओसाका को हराकर इंडियन वेल्स के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। 27 साल की बेलारुस की सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की ओसाका को 80 मिनट चले मुक. ाबले में 6-2, 6-4 से हरा कर टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश



- **आर्यना सबालेंका ने नाओमी ओसाका को हराया**

किया। जुलाई 2023 में बेटी शाई के जन्म के बाद 14 महीनों के बाद वापसी कर रही ओसाका ने मैच की शुरुआत एक कॉन्फिडेंट ओपनिग सर्विस गेम से की।

हालांकि, सबालेंका ने जल्द ही अपनी रिदम पकड़ ली और 28 साल की जापानी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 2-1 की बढ़त बना ली। बेलारूसी खिलाड़ी ने कई दमदार बैकहैंड मारकर अपनी पकड़ मजबूत की और 5-2 की बढ़त बना ली, फिर एक ऐस के साथ आराम से सेट जीत लिया। ओसाका और सबालेंका दोनों ने दूसरे सेट की शुरुआत में सर्विस बनाए रखी, फिर सबालेंका ने 4-2 से कंट्रोल हासिल किया और फिर एक अहम ब्रेक के साथ मैच जीत लिया।

मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि यह पागलपन है, इतने सालों में हमने सिर्फ एक बार खेला।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 12 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# तनाव के बीच महंगाई

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और तेल ठिकानों पर हमलों के बीच ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल पार पहुंच गया, जबकि 150 डॉलर तक जाने की आशंका जताई जा रही है। सप्लाई बाधित होने से वैश्विक बाजार दबाव में हैं। भारत जैसे आयात पर निर्भर देशों में महंगाई, बढ़ते आयात बिल और रूपए पर अतिरिक्त दबाव की चिंता बढ़ गई है। कतर के पेट्रोलियम मंत्री ने चार दिनों पहले चेतावनी दी थी कि क्रूड ऑयल की कीमत 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती है। अब यह चेतावनी हकीकत का रूप लेती लग रही है। ब्रेंट क्रूड ऑयल 100 डॉलर प्रति बैरल के बैरियर को पार कर चुका है। इसमें एक ही दिन में 29 प्रतिशत की तेजी आई और 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद से अब तक के उच्चतम स्तर पर है। ऑयल फैसिलिटीज पर हमला। दुनिया में पैदा होने वाले कुल क्रूड ऑयल का करीब एक तिहाई पश्चिम एशिया से आता है। अकेले होर्मुन स्ट्रेट से 20 प्रतिशत तेल की डिलिवरी होती है। इस रास्ते से व्यापार फिलहाल बंद है और इलाके में मौजूद ऑयल फैसिलिटीज भी निशाना बन रही है। पिछले दिनों कतर के सबसे बड़े एलएनजी प्लांट और सऊदी अरब की सबसे बड़ी ऑयल रिफाइनरी पर ईरान ने हमला किया था। अब बहरीन की सरकारी कंपनी बीएपीसीओ ने भी कह दिया है कि वह अपने व्यापारिक वादे पूरे नहीं कर पाएगी। संघर्ष की वजह से ग्लोबल ऑयल सप्लाई चेन बाधित हुई और उसी का असर क्रूड ऑयल पर दिख रहा है। अमेरिका-इसाइल के ईरान पर हमला शुरू करने के बाद से इसमें करीब 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है और चिंता की बात है कि इसमें फिलहाल सुधार की गुंजाइश नहीं दिख रही। उल्टे कई एक्सपर्ट्स को 1973 के क्राइसिस की याद आ रही है, जब अरब-इस्राइल युद्ध की वजह से क्रूड की कीमतें 300 प्रतिशत तक चढ़ गई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले दिनों कहा था कि अमेरिकी नौसेना होर्मुज से गुजरने वाले तेल टैंकरों को सुरक्षा प्रदान कर सकती है, लेकिन मार्केट के रिएक्शन से जाहिर है कि उनकी बात पर किसी को भरोसा नहीं और यह आशंका भी बढ़ रही है कि संघर्ष लंबा चलेगा। शेयर बाजार पर भी यह डर हावी है। सोमवार को सेंसेक्स में 1.71 प्रतिशत और निफ्टी में 1.73 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत क्रूड ऑयल आयात करता है। इसमें तेजी का मतलब है आयात बिल का बढ़ना। एक अनुमान के अनुसार, क्रूड ऑयल में प्रति बैरल 10 डॉलर की बढ़ोतरी से जीडीपी पर 0.5 प्रतिशत तक का असर पड़ता है। ऑयल मार्केट जितने लंबे अरसे तक सामान्य से ऊपर रहेगा, भारत को उतना ही ज्यादा खर्च करना पड़ेगा। इससे देश के भीतर महंगाई बढ़ेगी और पहले से डॉलर के मुकाबले दबाव झेल रहे रूपए में और नरमी आएगी।

## परंपराओं और नियमों का उल्लंघन



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए प्रस्ताव में भी परंपराओं और नियमों का उल्लंघन कर रही है, लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव पर मंगलवार को हुई बहस के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने गर्व से दावा किया था कि इस बहस के लिए 10 घंटे का समय दिया गया है, जबकि दिसम्बर 1954 में इसी तरह के एक प्रस्ताव के लिए केवल ढाई घंटे निर्धारित किए गए थे, श्री रिजिजू शायद यह बताना भूल गए कि 18 दिसम्बर 1954 को प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु बहस के दौरान सदन में मौजूद रहे और उसमें हिस्सा भी लिया था, सदन में बोलते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने सदन की अध्यक्षता कर रहे उपाध्यक्ष से अनुरोध किया था कि बहस के समय का अधिकांश हिस्सा विपक्ष को दिया जाए, लोकसभा में जब यह प्रस्ताव लाया गया था।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# गुर्दों की खामोश पुकार : समय रहते पहचानें, जीवन बचाएं



योगेश कुमार गोयल

मानव शरीर की जटिल संरचना में गुर्दे (किडनी) ऐसे मौन प्रहरी हैं, जो शरीर के भीतर निरंतर संतुलन बनाए रखने का कार्य करते हैं। वे रक्त से विषैले अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालते हैं, शरीर में तरल पदार्थों का संतुलन बनाए रखते हैं, रक्तचाप को नियंत्रित करने वाले हार्मोन बनाते हैं और लाल रक्त को. शिकाओं के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ए अंग तब तक चुपचाप काम करते रहते हैं, जब तक कि इनमें गंभीर क्षति न हो जाए। यही कारण है कि गुर्दे की बीमारी को अक्सर 'साइलेंट किलर' या 'मूक महामारी' कहा जाता है। आज विश्व स्तर पर गुर्दे की बीमारियां तेजी से बढ़ती हुई स्वास्थ्य चुनौतियों में शामिल हो चुकी हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार दुनिया में 85 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी प्रकार की किडनी बीमारी से प्रभावित हैं और हर 10 में से 1 व्यक्ति को क्रॉनिक किडनी डिजीज का खतरा है। चिंता की बात यह है कि अधिकांश लोगों को तब तक अपनी बीमारी का पता नहीं चलता, जब तक कि गुर्दों को गंभीर क्षति न पहुंच जाए। हर वर्ष लाखों लोग गुर्दे की बीमारी से जुड़ी जटिलताओं के कारण असमय मृत्यु का शिकार हो जाते हैं।

इन्हीं चुनौतियों के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल मार्च के दूसरे गुरुवार को 'विश्व किडनी दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 12 मार्च को 'सभी के लिए गुर्दा स्वास्थ्यरू लोगों की देखभाल, ग्रह की रक्षा' विषय के साथ मनाया जा रहा है। यह विषय न केवल किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देता है बल्कि यह भी बताता है कि मानव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय स्वास्थ्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2006 में इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी और इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ किडनी फाउंडेशंस की संयुक्त पहल के रूप में हुई थी, जिसका उद्देश्य दुनियाभर में किडनी रोगों के बढ़ते बोझ को कम करना, लोगों को समय पर जांच के लिए प्रेरित करना और स्वास्थ्य प्रणालियों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करना था। आज यह अभियान सैंकड़ों देशों में मनाया जाने वाला एक व्यापक जनआंदोलन बन चुका है, जिसमें स्वास्थ्य संस्थान, चिकित्सक, सामाजिक संगठन और आम नागरिक सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

गुर्दे की बीमारी का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि यह अक्सर बिना किसी स्पष्ट लक्षण के धीरे-धीरे विकसित होती है। शुरुआती चरणों में व्यक्ति को सामान्य रूप से कोई परेशानी महसूस नहीं होती लेकिन भीतर ही भीतर गुर्दों की कार्यक्षमता कम होती रहती है। यही कारण है कि विशेषज्ञ समय-समय पर किडनी की जांच कराने पर विशेष जोर देते हैं। साधारण रक्त और मूत्र परीक्षणों के माध्यम से गुर्दों की कार्यप्रणाली का आकलन किया जा सकता है और बीमारी को शुरुआती चरण में ही नियंत्रित किया जा सकता है। कुछ लोगों में गुर्दे की बीमारी का जोखिम सामान्य से अधिक होता है। मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित व्यक्ति इस बीमारी के सबसे बड़े जोखिम समूह में आते हैं क्योंकि लंबे समय तक उच्च रक्त शर्करा और बढ़ा हुआ रक्तचाप गुर्दों की नाजुक फिल्टरिंग इकाइयों को नुकसान पहुंचाते हैं। इसके अतिरिक्त मोटापा, हृदय रोग, पारिवारिक इतिहास, धूम्रपान, बढ़ती आयु और कुछ दवाओं का लंबे समय तक उपयोग भी गुर्दे की बीमारी के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को विशेष रूप से नियमित जांच कराने की सलाह दी जाती है। गुर्दे की बीमारी के कुछ संभावित संकेत भी होते हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। लगातार थकान महसूस होना, पैरों या टखनों में सूजन, आंखों के आसपास सूजन, पेशाब के रंग या मात्रा में बदलाव, बार-बार पेशाब आना, भूख कम लगना, मतली या सांस फूलना जैसे लक्षण गुर्दों की समस्या की ओर संकेत कर सकते हैं। हालांकि यह आवश्यक नहीं कि ए सभी लक्षण हर मरीज में दिखाई दें, इसलिए जांच को ही सबसे विश्वसनीय तरीका माना जाता है। किडनी की कार्यक्षमता का आकलन करने के लिए कई प्रकार की चिकित्सीय जांचें उपलब्ध हैं। रक्त में क्रिएटिनिन स्तर की जांच और अनुमानित 'ग्लोमेरुलर फिल्ट्रेशन रेट' यह बताती है कि गुर्दे रक्त को कितने प्रभावी ढ़ंग से फिल्टर कर रहे हैं। इसके अलावा मूत्र परीक्षण के माध्यम से प्रोटीन या एल्ब्यूमिन की उपस्थिति का पता लगाया जाता है, जो गुर्दे की शुरुआती क्षति का संकेत हो सकता है। अल्ट्रासाउंड जैसे इमेजिंग परीक्षणों से गुर्दों की संरचना और किसी संभावित रुकावट, पथरी या सिस्ट का पता लगाया जा सकता है। यदि समय रहते गुर्दे की बीमारी का पता चल जाए तो अक्सर जीवनशैली में बदलाव और दवाओं के माध्यम से इसे नियंत्रित किया जा सकता है लेकिन यदि बीमारी उन्नत चरण में पहुंच जाए तो डायलिसिस या किडनी प्रत्यारोपण जैसी जटिल उपचार प्रक्रियाओं की आवश्यकता पड़ सकती है। इसीलिए विश्व किडनी दिवस का प्रमुख संदेश है 'जल्दी पहचान, बेहतर उपचार।' गुर्दों को स्वस्थ बनाए रखने के लिए कुछ सरल लेकिन प्रभावी जीवनशैली उपाय अपनाए जा सकते हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना गुर्दों को विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। संतुलित और पौष्टिक आहार, जिसमें फल, सब्जियां, साबुत अनाज और कम वसा वाले प्रोटीन शामिल हों, किडनी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। नमक और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का अत्यधिक सेवन रक्तचाप को बढ़ा सकता है, जिससे गुर्दों पर दबाव पड़ता है। नियमित शारीरिक गतिविधि भी गुर्दे के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट पैदल चलना, योग, तैराकी या साइकिल चलाना शरीर के समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और रक्तचाप तथा रक्त शर्करा को नियंत्रित रखने में मदद करता है। धूम्रपान और अत्यधिक शराब का सेवन भी गुर्दों को नुकसान पहुंचाता है, इसलिए इनसे दूर रहना चाहिए। दर्द निवारक दवाओं का अत्यधिक और लंबे समय तक उपयोग भी किडनी को प्रभावित कर सकता है। नॉन-स्टेरॉयडल एंटी-इंफ्लेमेटरी दवाओं का अनियंत्रित उपयोग गुर्दों पर दबाव डालता है, इसलिए किसी भी दवा का लंबे समय तक उपयोग करने से पहले चिकित्सकीय सलाह लेना आवश्यक है।



पर्यावरणीय कारक भी किडनी स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। बढ़ता वायु और जल प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, अत्यधिक गर्मी और पर्यावरणीय विषाक्त पदार्थ गुर्दों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। लंबे समय तक गर्म वातावरण में काम करने से शरीर में निर्जलीकरण और ताप तनाव बढ़ता है, जिससे गुर्दों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इसी प्रकार प्रदूषित जल और रासायनिक पदार्थ भी किडनी को नुकसान पहुंचा सकते हैं। यह अभियान केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ स्वास्थ्य प्रणालियों की आवश्यकता पर भी बल देता है। उदाहरण के लिए, डायलिसिस उपचार में बड़ी मात्रा में पानी और ऊर्जा का उपयोग होता है। इसलिए चिकित्सा क्षेत्र में ऐसी तकनीकों और प्रक्रियाओं को अपनाने की आवश्यकता है, जो पर्यावरण के अनुकूल हों और संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें। बहरहाल, किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में समाज के प्रत्एक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों को वर्ष में कम से कम एक बार किडनी की जांच अवश्य करानी चाहिए। यदि बीमारी का प्रारंभिक चरण में ही पता चल जाए तो उचित उपचार और जीवनशैली में बदलाव के माध्यम से गुर्दों को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। वास्तव में गुर्दे हमारे शरीर के ऐसे मौन संरक्षक हैं, जिनकी उपेक्षा गंभीर परिणाम ला सकती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम किडनी स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें, पर्यावरण की रक्षा करें और ऐसी जीवनशैली अपनाएं, जो शरीर और प्रकृति दोनों के लिए लाभकारी हो। यदि हम समय रहते सचेत हो जाएं और नियमित स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें तो गुर्दे की बीमारियों के बढ़ते खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश देता माहे रमजान



निर्मल रानी

पूरे विश्व में इन दिनों मुसलमानों की इबादत का पवित्र महीना रमजान पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस बात से सभी भलीभांति परिचित हैं कि धार्मिक नियमों व रीति रिवाजों का अनुपालन करने वाले मुस्लिम समुदाय के लोग रमजान के पूरे महीने के दौरान दिन भर रोजा (व्रत) रखते हैं और सारा दिन खाना पानी कुछ भी ग्रहण नहीं करते। सूर्योदय से पूर्व सहरी खाकर सूर्यास्त के बाद इफ्तारी कर रोजदार लोग अपना रोजा खोलते हैं। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों या अपने अपने घरों में इबादत भी करते हैं। भारत में प्रत्एक वर्ष रमजान के दौरान हिन्दू, मुस्लिम और सिख समुदायों के बीच एकता की कई हृदयस्पर्शी व प्रेरणादायक मिसालें देखने को मिलती हैं। ऐसी मिसालें निश्चित रूप से हमारे देश के भाईचारे, आपसी सहयोग और मुहब्बत का प्रतीक हैं। कहीं हिन्दू तो कहीं सिख रोजा इफ्तार करते हैं। तो कहीं मंदिर में इफ्तारी कर मुस्लिम भाइयों को कोई पंडित जी रोजा खुलवाते हैं। कहीं मुस्लिम लोग कुरआन की तरावीह (नमाज -इबादत) छोड़ कर पड़ोसी हिन्दू भाई के घर में लगी आग बुझाने पहुंच जाते हैं तो कहीं हिन्दू भाई बहन रोजा रखकर मुहब्बत का पैगाम देते हैं। जस्टिस मारकण्डे काटजू सहित देश के अनेक गैर मुस्लिम बुद्धिजीवी रमजान के दौरान प्रतीकात्मक रूप से रोजा रखकर साम्प्रदायिक सद्भाव का सन्देश देते हैं।

उदाहरण के तौर पर राजस्थान के बाड़मेर और जैसलमेर जैसे सीमावर्ती जिलों में एक हिन्दू परिवार के सदस्य माह-ए - रमजान में पांच रोजे रखते हैं। इसी तरह महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के एक गांव में 40-50 हिन्दू रोजा रखते हैं और नियमानुसार सहरी व इफ्तार ग्रहण करते हैं। इन हिन्दू रोजदारों का कहना है कि यह उनके परिवारों की सदियों पुरानी परंपरा है। इसी तरह राजस्थान के सीकर जिले के कांवट गांव में हिन्दू-सिख परिवार मस्जिद में 15 दिनों तक इफ्तार की दावत दे कर श्रद्धा, सद्भाव व प्रेम का सन्देश देते हैं। राजस्थान के कांवट में सिख परिवार भी हिन्दुओं संग मिलकर रोजदारों को भोजन कराते हैं। हिन्दू-मुस्लिम सौहार्द का ज्वलंत उदाहरण चेन्नई के मायलापुर स्थित सूफीदर मंदिर में देखने को मिलता है। यहां गत 40 वर्षों से रोजा रखने वालों के लिए इफ्तार तैयार किया जाता है। यहां के पंडित और स्वयंसेवक मुस्लिम रोजदार भाइयों को इफ्तार कराकर उन्हें रोजा खुलवाते हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश के इटावा के अमर सिंह शाक्य जैसे हिन्दू 22 वर्षों से पूरे 30 रोजे रखते आ रहे हैं । उधर उत्तर प्रदेश के रामपुर में ही इस बार मुस्लिमों ने रोजा रखते हुए अपने हिन्दू साथियों के साथ मिलकर होली भी मनाई। बेशक ऐसे आयोजन व गतिविधियां विभिन्न आस्थाओं के बीच आपसी विश्वास को बढ़ाती हैं।

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला फैसलाबाद में रात के समय एक हिन्दू व्यक्ति के घर में रखे गैस सिलेंडर से भीषण आग लग गई। उस समय पास की एक मस्जिद में अनेक मुस्लिम भाई रोजा इफ्तार के बाद तरावीह की नमाज अदा कर रहे थे। वे सभी पड़ोस से अचानक उठने वाले शोर शराबे से व्याकुल हुए। सभी मुस्लिम भाइयों ने नमाज तरावीह छोड़ दी और फौरन एक साथ मौके पर पहुंचकर न केवल आग बुझाने में मदद की बल्कि मस्जिद से पानी का भी पूरा उपयोग कर आग बुझाने में सफलता हासिल की। इन सबकी की मदद से ही आग पर काबू पा लिया गया और बड़ा हादसा टल गया। इस इंसानियत भरी मिसाल ने हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे को और मजबूत किया। जहां मुस्लिम भाइयों ने अपनी इस सेवा को ही सच्ची इबादत बताया वहीं हिन्दू पीड़ित परिवार ने भी यह कहा कि हम मुस्लिम भाइयों की इस इंसानियत को कभी नहीं भूलेंगे। देश के विभिन्न भागों से रमजान के दौरान इस वर्ष साम्प्रदायिक सद्भाव की और भी अनेक खबरें सुनने व देखने को मिलीं। जम्मू-कश्मीर के नगर में सिख युवाओं ने लाल चौक पर रोजदारों को शरबत व पानी पिलाया तथा खजूर आदि वितरित कर उनके लिए इफ्तार का प्रबंध किया। इसी तरह पंजाब के जीजी इंस्टीटड्ूट में हिन्दू, मुस्लिम, सिख भाइयों ने एक साथ मिलकर रोजा इफ्तार किया इसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से नमाज अदा कर देश में अमन शांति व भाईचारे की दुआ मांगी। इन दिनों दिल्ली की रहने वाली नेहा भारती सोशल मीडिया के माध्यम से काफी लोक. प्रिय हो रही हैं। वे पिछले 4 वर्षों से लगातार रमजान के पूरे महीने पुरानी दिल्ली की जामा मस्जिद के बाहर रोजदारों के लिए इफ्तार का इंतजाम कर रही हैं। वह हर दिन लगभग लगभग 300 से 350 रोजदारों को इफ्तार कराती हैं। नेहा भारती की श्रद्धा को इस बात से भी समझा जा सकता है कि वे इफ्तार का सामान (पकवान) घर पर अपने हाथों से ही तैयार करती हैं और शाम को उसे लेकर स्वयं जामा मस्जिद पहुंचती हैं और रोजदारों में वही इफ्तारी पूरी श्रद्धा व सद्भाव के साथ वितरित करती हैं। नेहा के साथ उनके परिवार के सदस्य और अनेक मित्र भी इन सब में उनकी सहायता करते हैं। पूरे रमजान के दौरान वह रोजाना इफ्तारी में अलग अलग तरह के पकवान बनाती हैं ताकि रोज इफ्तार करने वालों को अलग अलग तरह के पकवान मिल सकें ।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लड़ाकू विमान अपग्रेड : भारत का वायु रक्षा में क्रांतिकारी कदम





रजनीश कपूर

उन्नत माध्यमिक लड़ाकू विमान द्ध।डब।क्ष् को 5।5वीं और छठी पीढ़ी में अपग्रेड करनाभारत की रक्षा क्षमताओं में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। हाल के वर्षों में, भारत ने अपनी वायु सेना को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी तकनीकों पर जोर दिया है। 'एमका' कार्यक्रम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 2026 तक, 'एमका' को 5.5वीं पीढ़ी और आगे छठी पीढ़ी के स्तर तक अपग्रेड करने की योजना ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। इस योजना के तहत, नई स्टेल्थ तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्ध।प्क्ष् के उपयोग पर जोर दिया गया है। सवाल उठता है कि क्या यह भारत की वैश्विक वायु क्षेत्र में स्थिति को कैसे मजबूत करेगा और क्या यह अमेरिका तथा चीन से मुकाबला करने में सक्षम होगा?

'एमका'कार्यक्रम की शुरुआत 2011 में हुई थी, जब रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन DRDO की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी ADA ने पांचवीं पीढ़ी के स्टेल्थ फाइटर जेट विकसित करने का फैसला किया। उल्लेखनीय है कि, 'एमका' एक ट्विन-इंजन, सिंगल-सीट विमान है, जिसका वजन लगभग 27 टन है और यह मैक 2.15 की गति से उड़ान भर सकता है। डा. संस्करण GEF414 इंजन का उपयोग करेगा, जबकि Mk2 को 110-120 kN थ्रस्ट वाले नए इंजन से लैस किया जाएगा, जो फ्रांस की साफरान या अन्य साझेदारों के साथ सह-विकासित होगा। 2026 तक, 'एमका' Mk2 को 5.5वीं पीढ़ी का दर्जा दिया जा रहा है, जिसमें छठी पीढ़ी की विशेषताएं जैसे AI-संचालित इलेक्ट्रॉनिक पायलट और प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस शामिल हैं। इसका प्रोटोटाइप रोलआउट 2028 के अंत तक और पहली उड़ान 2029 में होने की उम्मीद है, जबकि इंडक्शन 2035 तक हो सकता है। यह अपग्रेड भारत को अमेरिका, रूस और चीन जैसे देशों की श्रेणी में खड़ा करेगा, जो पांचवीं पीढ़ी के विमान संचालित करते हैं। जानकारों का मानना है कि 'एमका'में अपनाई जा रही नई स्टेल्थ तकनीक भारत की वायु रक्षा को अभूतपूर्व मजबूती प्रदान करेगी। स्टेल्थ का मतलब है रडार से बचाव, जो विमान को दुश्मन की नजरों से छिपा कर रखता है। 'एमका'में डाइवर्टरलेस सुपरसो. निक इनलेट DSI, सर्पेंटाइन एयर इनटेक डक्ट और उन्नत रडार-एब्जॉर्बेंट मटेरियल्स का उपयोग किया जा रहा है। ये विशेषताएं रडार सिग्नेचर को न्यूनतम करती हैं, जिससे विमान दुश्मन के वायु रक्षा सिस्टम को भेद सकता है। उदाहरण के लिए, एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी ने हाल ही में एक नए इंटेक डिजाइन का विकास किया है, जो 98 प्रतिशत प्रेशर रिकवरी सुनिश्चित करता है, जो स्टेल्थ और इंजन दक्षता के बीच संतुलन भी बनाता है। यह तकनीक 'एमका'को चीनी श्र-20 या अमेरिकी F-35 जैसे विमानों से बेहतर छिपाव प्रदान करेगी। गौरतलब है कि 'एमका'में 'इलेक्ट्रॉनिक पायलट' नामक AI-सिस्टम होगा, जो पायलट के साथ सहयोगी की भूमिका निभाएगा। यह ।प् खतरे का पता लगाने, रूट ऑप्टिमाइजेशन, कॉम्बैट स्ट्रैटेजी और मिशन प्लानिंग में मदद करेगा। इसके अलावा, AI-आधारित प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस से विमान की उपलब्धता दर 75 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी, जो वर्तमान विमानों से कहीं अधिक है। सेंसर फ्यूजन और नेटवर्क-सेंट्रिक वारफेयर सिस्टम 'एमका' को ड्रोन स्वार्म्स और अन्य प्लेटफॉर्म्स के साथ एकीकृत करेगा। यह छठी पीढ़ी की दिशा में कदम है, जहां AI स्वायत्त निर्णय लेने में सक्षम होगा। विशेषज्ञों के अनुसार, यह अपग्रेड भारत की वायु सेना को आधुनिक युद्धों में बढ़त देगा, जहां AI और स्टेल्थ निर्णायक कारक हैं।

रक्षा विशेषज्ञ यह सवाल भी उठा रहे हैं कि इस अपग्रेड से भारत की वैश्विक वायु क्षेत्र में स्थिति कैसे सुधरेगी? यह स्वदेशी तकनीक पर निर्भरता बढ़ाएगा, जो आयात पर निर्भरता कम करेगा। वर्तमान में, भारतीय वायु सेना में स्क्वाड्रन की कमी है, और 'एमका'इस कमी को पूरा करेगा। स्टेल्थ और AI से लैस 'एमका'भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में मजबूत डिटरेंस प्रदान करेगा। चीन के साथ सीमा विवादों में, 'एमका' J-20 का मुकाबला कर सकेगा, जो वर्तमान में भारत के लिए चुनौती है। पाकिस्तान के चीनी श्र-10 या JF-17 के खिलाफ भी यह श्रेष्ठ होगा। वैश्विक स्तर पर, 'एमका'भारत को क्वाड (भारत, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया) जैसे गठबंधनों में मजबूत भागीदार बनाएगा। यह एशिया में पावर बैलेंस को भारत के पक्ष में झुका सकता है, क्योंकि यह चौथा देश होगा जो स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी का विमान विकसित करेगा।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका के F-22 और F-35 परिपक्व तकनीक वाले लड़ाकू विमान हैं, जिनमें दशकों का अनुभव है। 'एमका'की स्टेल्थ और AI विशेषताएं F-35 से तुलनीय हैं, लेकिन उत्पादन और संचालन अनुभव की कमी एक कमजोरी है। हालांकि, 'एमका'की लागत कम होगी और यह भारत की विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप होगा। वहीं चीन के J-20 के खिलाफ, 'एमका'की उन्नत स्टेल्थ और AI बढ़त दे सकती है, खासकर स्।ब पर, जहांश्र-20 की संख्या अधिक है, लेकिन 'एमका'की ।प् एकीकरण से भारत गुणवत्ता में आगे निकल सकता है। दावा है कि छठी पीढ़ी की ओर अपग्रेड से 'एमका' अमरीका के 'नेक्स्ट जनरेशन एयर डोमिनेन्स' NGAD या चीनी छठी पीढ़ी कार्यक्रमों से मुकाबला अवश्य कर सकेगा। लेकिन वहीं इस परियोजना में चुनौतियां भी हैं। जैसे कि इंजन विकास में देरी, फंडिंग की कमी और समयसीमा का पालन। इसलिए यदि 'एमका' को एक सफल परियोजना बनाना है तो सरकार को समय पर फंडिंग और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियां सुनिश्चित करनी चाहिए। यह न केवल रक्षा बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता का प्रतीक है, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

